हर खबर पर हमारी पकड़

# नजफगढ़ मैट्रो

नई दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र




11 राहुल की नाबाद शतकीय पारी



12 मुझे वर्कआउट के रूप में डांस करना अच्छा लगता है शर्वरी


वर्ष : 12, अंक : 38, पृष्ठ : 12 | नई दिल्ली 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 | RNI NO. DELHI/ 2009 28409 | मूल्य :- ₹5/


## चीन को राजनाथ सिंह का सख्त संदेश

# किसी ने छेड़ा तो भारत छोड़ेगा नहीं

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**



चीन को सख्त संदेश देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भारत को किसी ने नुकसान पहुंचाया तो वह भी बख्शेगा नहीं। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश के तौर पर उभरा है और दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है। सिंह ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए अमेरिका को एक सूक्ष्म संदेश भी दिया कि भारत ै जीरो-सम गेम की कूटनीति में विश्वास नहीं करता और किसी एक देश के साथ उसके संबंध दूसरे देश की कीमत पर नहीं हो सकते।

जीरो-सम गेम उस स्थिति को कहा जाता है जिसमें एक पक्ष को हुए नुकसान के बराबर दूसरे पक्ष को लाभ होता है। रक्षा मंत्री भारत व अमेरिका के बीच वाशिंगटन डीसी में आयोजित टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेने के लिए यहां आए थे। इसके बाद, उन्होंने हवाई और फिर सैन फ्रांसिस्को की यात्रा की। सिंह ने बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए चीन के साथ सीमा पर भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाई गई वीरता का जिक्र किया।

रक्षा मंत्री ने कहा, मैं खुले तौर पर यह नहीं कह सकता कि उन्होंने (भारतीय सैनिकों ने) क्या किया और हमने (सरकार ने) क्या फैसले लिए। लेकिन मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि (चीन को) एक संदेश गया है कि भारत को अगर कोई छेड़ेगा तो भारत छोड़ेगा नहीं।पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई, 2020 को भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच सीमा गतिरोध शुरू हो गया था। 15 जून, 2020 को गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद गतिरोध और बढ़ गया। इन झड़पों में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। हालांकि चीन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक ब्यौरा नहीं दिया। यूक्रेन युद्ध के कारण रूस के संबंध में अमेरिकी दबाव का कोई सीधा संदर्भ दिए बिना सिंह ने कहा कि भारत ै जीरो-सम गेम कूटनीति में विश्वास नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अगर भारत के किसी एक देश के साथ अच्छे संबंध हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि किसी अन्य देश के साथ उसके संबंध खराब हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, भारत ने कभी भी इस तरह की कूटनीति नहीं अपनाई है। भारत कभी भी इसे (इस तरह की कूटनीति) नहीं अपनाएगा। हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों में जीरो-सम गेम में विश्वास नहीं करते हैं। सिंह ने कहा कि भारत ऐसे द्विपक्षीय संबंध बनाने में विश्वास करता है जिससे दोनों देशों को समान रूप से फायदा हो। उनकी टिप्पणी यूक्रेन संकट पर भारत की स्थिति और रियायती दर पर रूसी तेल खरीदने के फैसले पर अमेरिका में कुछ बेचैनी के बीच आई। उन्होंने कहा, भारत की छवि बदल गई है। भारत का सम्मान बढ़ा है। अगले कुछ वर्षों में दुनिया की कोई भी ताकत भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्था में से एक बनने से नहीं रोक सकती। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि अतीत में, दुनिया का कोई भी देश विकसित और समृद्ध होना चाहता था, तो वे हमेशा भारत के साथ जीवंत व्यापार स्थापित करने के बारे में सोचते थे। उन्होंने कहा, हमें 2047 में अपना 100वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के समय तक भारत में एक समान पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2013 में अमेरिका की अपनी पिछली यात्रा के दौरान, न्यू जर्सी में एक स्वागत समारोह में उन्होंने भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह से कहा था, ैभारत की सफलता की कहानी खत्म नहीं हुई है, यह भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने का इंतजार कर रही थी। उस समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन से लोग निराश थे।

उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने देश कोै बदल दियौ और भारत की छवि हमेशा के लिए बदल गई है। उन्होंने कहा, (वैश्विक स्तर पर) लोगों ने महसूस किया है कि भारत अब एक कमजोर देश नहीं है। यह विश्व का एक शक्तिशाली देश है। आज भारत में दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता है। भारत की यह इस क्षमता को अब दुनिया ने महसूस किया है। सिंह ने कहा,ै भारत में ऐसे कई प्रधानमंत्री रहे हैं जो इस पद पर आसीन होने के बाद देश के नेता बने।

## मोदी एवं वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ने यूक्रेन, द. चीन सागर की स्थिति पर चर्चा की

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव न्गूएन फू त्रांग से बात की और यूक्रेन में जारी संकट और दक्षिण चीन सागर की वर्तमान स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत विभिन्न विषयों पर सहयोग को लेकर बनी सहमति में हुई तेज प्रगति पर संतुष्टि जताई।प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2016 में हुए वियतनाम दौरे पर इस रणनीतिक साझेदारी को लेकर सहमति बनी थी।दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम के बीच कूटनीतिक रिश्तों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव न्गूएन फू त्रांग से आज बात की। हमनें द्विपक्षीय और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया और अपने आर्थिक, व्यापारिक और रक्षा जैसे सहयोगों के क्षेत्र में सहभागिता बढ़ाने पर सहमति जताई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हिंद-प्रशांत को लेकर दूरदृष्टि के बारे में वियतनाम के महत्व को फिर से रेखांकित किया और साथ ही वर्तमान पहलों की तेज प्रगति के लिए काम करने के अलावा द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने की संभावनाओं पर जोर दिया। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने त्रांग से भारत के दवा और कृषि उत्पादों की पहुंच को और सुविधाजनक बनाने के लिए उनसे सहयोग का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों पर प्रकाश डाला और वियतनाम में चाम स्मारकों के जीर्णोद्धार में भारत की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

दोनों नेताओं ने यूक्रेन में जारी संकट तथा दक्षिण चीन सागर में वर्तमान स्थिति सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## खास ख़बर

### गुजरात के खंभात में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला

**अहमदाबाद ।** गुजरात के आणंद जिले के खंभात कस्बे में रामनवमी के दिन हुई साम्प्रदायिक हिंसा के बाद शकरपुरा इलाके से अवैध कब्जा हटाने के लिए प्रशासन ने शुक्रवार को वहां बुलडोजर चलवाया। गौरतलब है कि 10 अप्रैल को रामनवमी के जुलूस पर शकरपुरा इलाके में हमला हुआ था। आणंद के कलेक्टर एम. वाई. दक्षिणी ने बताया कि अवैध कब्जे, लकड़ी और कांक्रीट के अवैध निर्माण सहित सड़कों के किनारे खड़ी झाड़ियों पर भी बुलडोजर चलवाया जा रहा है क्योंकि रामनवमी को जुलूस पर पथराव करने के बाद बदमाश इन्हीं झाड़ियों में छुप रहे थे।

### कोटा के पास सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**कोटा।** कोटा-शिवपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक ट्रक और एक कार में भिड़ंत हो गई, जिससे कार में सवार एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बारां सदर पुलिस थाने के तहत बटवाड़ा गांव के पास शुक्रवार दोपहर को हुई, जब कार का एक टायर फट गया और वाहन दूसरी लेन में जा रहे एक ट्रक से टकरा गया।

### शिवपाल ने की समान नागरिक संहिता की पैरवी

**लखनऊ।** सपा से नाराजगी के बाद भाजपा से नजदीकियां बढ़ा रहे वरिष्ठ प्रसपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने अब समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है और कहा है कि जरूरत पड़ने पर इसके लिए आंदोलन भी चलाया जाएगा। शिवपाल ने बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (प्रसपा) द्वारा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रीयता व समाजवाद विषय पर आयोजित एक कार्यशाला के दौरान समान नागरिक संहिता की खुलकर वकालत की।

### भारतीय वायुसेना ने मार्शल अर्जन सिंह को दी श्रद्धांजलि


**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को महान योद्धा और वायुसेना के दिवंगत मार्शल अर्जन सिंह की 103वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वायुसेना ने कहा, आज के दिन हम भारतीय वायुसेना और राष्ट्र के प्रति मार्शल के योगदान को याद करते हैं। भारतीय सेना के इतिहास में नायक के रूप में जगह बना चुके मार्शल ने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था। अर्जन सिंह एकमात्र अधिकारी हैं, जिन्हें वायुसेना के मार्शल पद पर पहुंचने का गौरव हासिल है। यह पद थल सेना के पांच सितारा फील्ड मार्शल के बराबर होता है।

### अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने किया एयरस्ट्राइक, हमले में करीब 30 लोगों की मौत

**काबुल।** पाकिस्तान सेना द्वारा अफगानिस्तान में किए गए एयरस्ट्राइक में कम से कम 30 अफगान नागरिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह रिपोर्ट टोलो न्यूज ने दी है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट मुताबिक अफगानिस्तान के दक्षिणपूर्वी कुनार और खस्त प्रांत में पाकिस्तानी सेना के हवाई हमले में बच्चे और महिलाएं हुए हैं।

## खाली पदों को भरने, न्यायिक अवसंरचना को सुधारने के प्रयास कर रहे हैं : प्रधान न्यायाधीश

**एजेंसी ■ हैदराबाद**



भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने शुक्रवार को कहा कि वह न्यायपालिका में रिक्त पड़े पदों को भरने और देश में न्यायिक ढांचे को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं और साथ ही न्यायाधीशों एवं अन्य की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर भी ध्यान दे रहे हैं। तेलंगाना राज्य के न्यायिक अधिकारियों के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि हमारी न्यायपालिका पर काम का बोझ है।

सीजेआई ने कहा कि उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही खाली पदों को भरने और न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे को सुधारने का काम शुरू किया।उन्होंने कहा, इसकी वजह है कि न्याय मिलना तभी संभव है जब हमारे पास पर्याप्त संख्या में अदालतें हों और बुनियादी संरचना हो। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि वह चाहते हैं कि उच्च न्यायालयों, उच्चतम न्यायालय या जिला स्तरीय अदालतों में खाली पद नहीं रहें। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में न्यायिक अवसंरचना अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के मामले में उन्होंने न्यायाधीशों की संख्या 24 से बढ़ाकर 42 करने संबंधी लंबित फाइल को बिना देरी के मंजूरी दे दी थी। प्रधान न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों से वादियों के लिए अनुकूल माहौल बनाने और विवाद के मानवीय पहलुओं को हमेशा याद रखने को कहा।

उन्होंने कहा, कानून समानता से दूर नहीं हो सकता। जब आपके पास विवेक का इस्तेमाल करने की गुंजाइश है तो न्यायपालिका का मानवीय चेहरा दिखना महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति रमण ने न्यायाधीशों से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने को कहा।

## सीबीएसई ने परीक्षाओं के तरीके को लेकर अभी नहीं किया निर्णय

**नई दिल्ली।** अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि 2022-23 शैक्षणिक सत्र कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए दो चरणों में विभाजित रहेगा या यह फिर से एकल बोर्ड परीक्षा पद्धति अपनाएगा।शैक्षणिक सत्र को



विभाजित करना, दो टर्म-एंड परीक्षा आयोजित करना और पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाना 2021-22 में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष मूल्यांकन योजना का हिस्सा था, जिसे सीबीएसई द्वारा कोविड-19 महामारी के मद्देनजर एक बारगी उपाय के रूप में घोषित किया गया था। नए शैक्षणिक सत्र में भी यही व्यवस्था जारी रहेगी या नहीं, हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है।बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बोर्ड परीक्षा दो हिस्सों में आयोजित करने का निर्णय महामारी से उत्पन्न अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए लिया गया था, जहां 2020-21 के शैक्षणिक सत्र के लिए, छात्रों का एक वैकल्पिक मूल्यांकन योजना का उपयोग करके मूल्यांकन किया जाना था।

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र में कोयले की कमी, बिजली संकट के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया

**एजेंसी ■ मुंबई**

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कम कोयला आपूर्ति के कारण राज्य में बिजली संकट पैदा हो गया है। पटोले ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि केंद्रीय कोयला मंत्री ने राज्यों को कोयले का आयात करने को कहा है, लेकिन आयात से भारतीय जनता पार्टी के कुछ उद्योगपति मित्रों को ही फायदा होगा और बिजली महंगी हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया, केंद्रीय कोयला मंत्री ने राज्यों को कोयले का आयात करने की सलाह दी है। हालांकि जब



कोयले का आयात किया जाएगा तो इससे केवल भाजपा के कुछ उद्योगपति मित्रों को लाभ होगा और इससे बिजली और महंगी हो जाएगी तथा आम उपभोक्ताओं को इसका बोझ सहना पड़ेगा। कांग्रेस नेता कहा कि कोयला खदानों के आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोप झूठे पाए गए जो पूर्ववर्ती संप्रग सरकार में लगाए गए थे। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की एक सोच थी और वह ऊर्जा विभाग को सशक्त करने को तैयार थे, लेकिन मोदी सरकार में कोई नई कोयला खदान सृजित नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह निजीकरण करने की चाल है। मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के सवाल पर पटोले ने आरोप लगाया कि कुछ पार्टियां इस मुद्दे को उठाकर राजनीतिक रोटियां सेक रहीं हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, एक ही धर्म पर निशाना क्यों साधा जा रहा है, जबकि सभी धर्मों के उपासना स्थलों पर लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किया जा रहा है?

## आजम खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**फिरोजाबाद (यूपी)।** फिरोजाबाद की एक अदालत ने भड़काऊ भाषण देने के 15 साल पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक आजम खान के खिलाफ शुक्रवार को गैर जमानती वारंट जारी किया है। जनपद न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने पूर्व नगर विकास मंत्री आजम खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। वारंट में 30 अप्रैल को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरीश त्रिपाठी की अदालत द्वारा जारी आदेश के अनुसार, खान पर वर्ष 2007 में एक जनसभा में उत्तेजक भाषण देने का आरोप लगा था।

## मुस्लिम बहुल इलाके में विस्फोट संबंधी मेरे बयान से दंगा टाला जा सका था : पवार

**एजेंसी ■ जलगांव**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि 12 मार्च 1993 को एक मुस्लिम बहुल इलाके में भी एक विस्फोट होने के जिक्र वाले उनके बयान ने मुंबई में नए सिरे से सांप्रदायिक हिंसा नहीं होने दी थी।भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र फडणवीस ने 29 साल पहले पवार द्वारा जानबूझ कर दिए गए एक असत्य बयान का बृहस्पतिवार को हवाला दिया और पवार की पार्टी (राकांपा) पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त रहने का आरोप लगाया।

पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, 12 मार्च 1993 को, जब मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों से दहल गया था, शरद पवार जी ने एक मुस्लिम इलाके में एक और विस्फोट की कल्पना की। कानून व्यवस्था के बजाय तुष्टिकरण उनकी पहली प्राथमिकता थी। जब हम सांप्रदायिक सौहार्द्र की उम्मीद करते हैं तब इस तरह का यह दोहरा मानदंड क्यों?

इस आरोप के बारे में जलगांव में संवाददाताओं द्वारा पूछे जाने पर पवार ने कहा कि उन्होंने ऐसा इसलिए कहा था कि वह शहर में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के बाहरी ताकतों के मंसूबों को नाकाम करना चाहते थे। उन्होंने कहा, उन्होंने (फडणवीस ने) एक आरोप यह लगाया है कि मैंने घोषणा की थी कि बम विस्फोट 11 स्थानों (वास्तविक संख्या) के बजाय 12 स्थानों पर हुए हैं। मैंने एक मुस्लिम इलाके का (12वें विस्फोट स्थल के रूप में) जिक्र किया था। पवार ने कहा, यह सौ फीसदी सही है। मैंने ऐसा कहा था। कारण कि जिन 11 स्थानों पर विस्फोट हुए थे उनमें सिद्धिविनायक मंदिर जैसे हिंदुओं के महत्वपूर्ण स्थान थे।

पवार, उस वक्त महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा, मैंने विस्फोटों में इस्तेमाल की गई सामग्री की व्यक्तिगत रूप से जांच की थी...इस तरह की सामग्री भारत में नहीं बनती।

## भागवत अखंड भारत के बारे में अपना मतलब स्पष्ट करें : गहलोत

**एजेंसी ■ जयपुर**

आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के 15 साल में अखंड भारत बनने संबंधी कथित बयान पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें अपने बयान का तात्पर्य स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत को इस बारे में भी स्पष्ट करना चाहिए कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद खुद को सांस्कृतिक संगठन बताने वाले आरएसएस की क्या भूमिका है।वह आजादी गौरव यात्रा के राजस्थान आगमन पर रतनपुर (डूंगरपुर) में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भागवत के बयान का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा, आपने मोहन भागवत जी का बयान पढ़ा होगा कि 15 साल में अखंड भारत बन जाएगा। अभी अखंड भारत नहीं है क्या?

उनको स्पष्ट करना चाहिए कि आपका अखंड भारत से तात्पर्य क्या है? मैं समाचारपत्र में पढ़ रहा था कि पाकिस्तान अफगानिस्तान...पीओके, भूटान, नेपाल ... पता नहीं मोहन भागवत जी क्या कहना चाहते हैं।

भागवत ने बुधवार को हरिद्वार में एक संत समागम में कहा था कि भारत को बड़ा होना है और इसका उदय धर्म के उदय पर निर्भर है।

## धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

**एजेंसी ■ जयपुर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि धार्मिक उन्माद व नफरत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।रामनवमी पर देश में कई जगह उपद्रव की घटनाओं की ओर इशारा करते हुए सिंह ने कहा, समाज में वैमनस्यता बढ़ती जा रही है... दंगे फसाद हो रहे हैं... चारों तरफ अशांति फैल रही है, उसके बारे में प्रधानमंत्री मोदी जी एक शब्द नहीं बोलते। निर्दोष लोगों के घर जल गए, उजड़ गए। उन्होंने कहा, चाहे हिंदू हो चाहे मुसलमान हो... जो धार्मिक उन्माद फैलाता है, नफरत फैलाता है उसके खिलाफ सख्ती से कार्वाई होनी चाहिए। राज्यसभा सदस्य सिंह अजमेर में सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, देश की आज जो समस्या है उससे ध्यान बांटा जा रहा है। बेरोजगारी और महंगाई बढ़ती जा रही है। रुपए का अवमूल्यन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर चलाना है तो महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाया जाना चाहिए।सिंह ने कहा, गरीब और गरीब होता जा रहा है, करोड़पति अरबपति हो रहा है।

**अभियान** पार्टी के सदस्यता अभियान के आखिरी दिन कांग्रेस ने कहा

## डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत 2.6 करोड़ सदस्य जोड़े गए

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि उसके विशेष डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत देश भर में लगभग 2.6 करोड़ सदस्य जोड़े गए हैं। पार्टी का कहना है कि देश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ पर ए डिजिटल सदस्य बनाए गए हैं। यह अभियान आज संपन्न हुआ। इस सदस्यता अभियान के आखिरी दिन अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की डिजिटल सदस्य बनीं। कांग्रेस के डेटा विश्लेषण विभाग के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने सोनिया गांधी का नाम कांग्रेस के डिजिटल सदस्य के तौर पर शामिल किया। बाद में कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोनिया गांधी को डिजिटल



पहचान पत्र सौंपा। हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी के डिजिटल सदस्य बने थे।

कांग्रेस ने पिछले महीने अपने विशेष सदस्यता अभियान को 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया था और यह 15 अप्रैल तक चला। पहले तय किए गए कार्यक्रम के मुताबिक, पार्टी का सदस्यता अभियान 31 मार्च को संपन्न होने वाला था। यह अभियान पिछले साल एक नवंबर को आरंभ हुआ था। सदस्यता अभियान संपन्न होने के बाद कांग्रेस ने एक बयान जारी कर कहा, कांग्रेस पार्टी के डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत सोनिया गांधी जी को आज डिजिटल सदस्य बनाया गया। पिछले साल एक नवंबर को यह अभियान शुरू होने पर कांग्रेस के पर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी सबसे पहले डिजिटल सदस्य बनने वाले नेताओं में शामिल थे। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, यह खुशी की बात है कि डिजिटल सदस्यता अभियान में देश के लोगों और खासकर युवाओं की गहरी दिलचस्पी देखी गई। हम इस अभियान को सफल बनाने में जरूरी सहयोग देने के लिए पार्टी डेटा विश्लेषण विभाग के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती का धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस के अनुसार, इस सदस्यता अभियान के तहत उसने देश भर में कुल 2.6 करोड़ सदस्य जोड़े हैं। ए सभी सत्यापित सदस्य हैं, जो कांग्रेस के सदस्यता ऐप का उपयोग करते हुए जुड़े हैं। हर सत्यापित सदस्य को क्यूआर कोड वाला डिजिटल पहचान पत्र दिया गया है।

कांग्रेस का कहना है कि पार्टी के 135 साल के इतिहास में पहली बार डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया गया और अब यह आंतरिक चुनाव और संगठन निर्माण का आधार भी तैयार करेगा।

खास ख़बर

## आप में शामिल हुए पूर्व एडीजी बी भास्कर राव, केजरीवाल की नीतियों से थे प्रभावित



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/कर्नाटक/भावना शर्मा।** पुलिस अधिकारियों द्वारा खाकी छोड़ खादी पहनने का चलन काफी पुराना रहा है। इसी कड़ी में अब कर्नाटक के पूर्व एडीजी बी भास्कर राव का भी नाम जुड़ गया है। बी भास्कर राव सोमवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी में शामिल होने पर श्री राव का स्वगत किया तथा इसकी विधिवत घोषणा की। श्री राव कर्नाटक के पूर्व एडीजी रहे है और पिछले साल उन्होने पुलिस बल सेवा से र्तृयाग पत्र दे दिया था। कर्नाटक कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी और बेंगलुरु के मूल निवासी बी भास्कर राव 32 साल तक विभिन्न पदों पर पुलिस बल की सेवा करने के बाद सोमवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। श्री राव के आम आदमी पार्टी में शामिल होने को दक्षिण भारत में पार्टी की एक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी अगले साल कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है, जिसकी शुरुआत इस साल बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (ग्रेटर बेंगलुरु नगर निगम) के चुनावों से होगी। इस अवसर पर 'आप' की कर्नाटक इकाई के संयोजक पृथ्वी रेड्डी, राज्य के चुनाव प्रभारी और तिमारपुर के विधायक दिलीप पांडे, संगठन सचिव दामोदरन और अन्य नेता यहां पार्टी मुख्यालय में मौजूद थे। भास्कर राव, जो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेलवे) के रूप में कार्यरत थे, ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पिछले साल सितंबर में सेवा से इस्तीफा दे दिया था। कर्नाटक सरकार द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार करने और उन्हें अपने कर्तव्यों से मुक्त करने के बाद उन्होंने शुक्रवार को 'आप' में शामिल होने के लिए अपना कार्यालय छोड़ दिया। 'आप' के नेताओं का मानना है कि पूर्व आईपीएस अधिकारी की लोकप्रियता और दबदबे से 'आप' को राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए अपनी विस्तार योजना को बेहतर ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जो वर्तमान में भाजपा द्वारा शासित है।'आप' ने 2018 में पहली बार कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ा था और कुल 124 विधानसभा सीटों में से 28 पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन तब वह अपना खाता भी नहीं खोल सकी थी। पंजाब में अपनी शानदार जीत के दम पर 'आप' इस बार दक्षिणी राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने की उम्मीद कर रही है। अपनी सेवा के दौरान, भास्कर राव ने विभिन्न पदों पर कार्य किया और बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर, राज्य परिवहन आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आंतरिक सुरक्षा के रूप में भी सेवाएं दीं। उन्हें 2015 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 2008 में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और 2000 में एक युद्धक्षेत्र में अंतर्राष्टीय शांति स्थापना में प्रदान की गई सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट पदक प्रदान किया गया था।

## पांच हत्याओं व 2 लाख का ईनामी शार्प शूटर पवन उर्फ काला गिरफ्ता

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** दिल्ली की सीआर पार्क थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता के भाई सहित 5 लोगों की हत्या के मामले में वांछित आरोपी कुख्यत शार्प शूटर पवन उर्फ काला को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी पर 2 लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने बताया कि पवन उर्फ काला यूपी में सपा नेता के भाई दिनेश भाटी के सनसनीखेज मर्डर का आरोपी है। उसने ये हत्याऐं अपने पिता की मौत का बदला लेने के लिए की थी। उसने हाल में यूपी के लोनी इलाके में दो प्रधानों के हत्याकांड में भी इसके शामिल होने की बात कही जा रही है।

# शिव सेना के विकल्प के रूप में तैयार हो रही मनसे!

**राज ठाकरे की इस सियासी चाल ने एक बार फिर राज्य में नये सियासी समीकरण के संकेत दे दिये।**



**राजनीति**

- अब महाराष्ट्र में अजान के जवाब में हनूमान चालीसा, राज ठाकरे ने दिखाये उग्र हिन्दू तेवर
- भाजपा से बढ़ रही नजदीकियां, नितिन गडकरी व राज ठाकरें में हुई मुलाकात

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**महाराष्ट्र/शिव कुमार यादव।** महाराष्ट्र में एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने जहां प्रदेश में शिव सेना का विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है वहीं मनसे ने भी अपने उग्र हिन्दू तेवर दिखाने शुरू कर दिये हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले तक भाजपा और पीएम मोदी के खिलाफ आक्रामक रूख दिखाने वाले मनसे प्रमुख राज ठाकरे अब हिन्दुत्व मुद्दे पर उग्र रूप दिखा रहे है। राज ठाकरे ने प्रदेश में ऐलान किया है कि यदि मस्जिदों से अजान की आवाज आई तो मनसे उनके सामने इसके जवाब में हनुमान चालिसा पढेगी। राज ठाकरे की इस सियासी चाल ने एक बार फिर राज्य में नये सियासी समीकरण के संकेत दे दिये। इतना ही नही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व राज ठाकरे की हाल ही की मुलाकात भी इसी और संकेत दे रही है। सियासी गलियारों में अब एक चर्चा ने जोर पकड़ लिया है कि क्या मनसे महाराष्ट्र में शिव सेना के विकल्प के तौर पर भाजपा का हिन्दूत्व वादी राजनीतिक चेहरा बनने जा रही है ? यहां बता दें कि महाराष्ट्र में शिवसेना की स्थापना ही हिन्दूत्व के मुद्दे पर हुई थी। शिव सेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे ने प्रदेश में कांग्रेस व अन्य हिन्दू विरोधी पार्टियों को झटका देने के लिए शिवसेना का गठन किया था। आज प्रदेश में शिव सेना अपने वैचारिक विरोधियों कांग्रेस व एनसीपी के साथ गठबंधन कर सरकार चला रही है। लेकिन इसे गठबंधन की मजबूरी कहें या फिर सत्ता की लालसा, अकसर कई अवसरों पर शिव सेना हिन्दुत्व के मुद्दे पर कमजोर दिखी है। जिसका फायदा अब मनसे के संस्थापक राज ठाकरे उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे भी राज ठाकरे ने राजनीति की एबीसीडी बाला साहेब ठाकरे के सान्निध्य में सीखी है और इस समय हिन्दुत्व के मुद्दे पर काफी मुखर दिखाई दे रहे है। वहीं भाजपा भी अब शिवसेना का विकल्प राज्य में तलाश रही है और राज ठाकरे से नजदीकियां बढ़ा रही है। ताजा घटनाक्रम के अनुरूप मनसे इस समय राज्य में अपना वजूद बनाये रखने के लिए मुद्दों की तलाश कर रही है जो शिवसेना ने उसे दे दिया है। प्रदेश में मस्जिदों में लाउडस्पीकर बंद करने के मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए राज ठाकरे ने ऐलान जारी किया है कि यदि मस्जिदों में लाउडस्पकीरों पर अजान बंद नही हुई तो उनकी पार्टी इसके जवाब में हनुमान चालीसा को तेज आवाज में मस्जिदों के बाहर बजायेगी। उन्होने अपने हिन्दुवादी तेवर दिखाते हुए महाराष्ट्र सरकार को भी चुनौति दी है कि या तो सरकार लाउडस्पीकर पर अजान बंद कराये नही तो मनसे इसका जवाब हनुमान चालीसा से देगी। इतना ही नहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री व अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर भी निशाने साधने शुरू कर दिये हैं।

राज ठाकरे के उग्र हिंदुत्व रूप को देखते हुए अब भाजपा ने भी अपनी रणनीतिक चाल चलनी शुरू कर दी है। जिसके तहत राज ठाकरे के हनुमान चालीसा वाले बयान के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री व बीजेपी नेता नितिन गडकरी ने मुंबई में राज ठाकरे के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की हैं। जिसके बाद से प्रदेश में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। ऐसे में चर्चाएं ये भी हैं कि क्या महाराष्ट्र की सियासत में बीजेपी.के लिए राज ठाकरे शिवसेना का विकल्प तो नहीं बन रहे हैं, क्योंकि राज ठाकरे ने 2019 के बाद से अपना सियासी ट्रैक चेंज कर रखा है।

## द्वारका कैफेन पुलिस की बड़ी सफलता, पकड़ी 10 करोड़ की हेरोईन



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**द्वारका/शिव कुमार यादव।** द्वारका कैफेन व नारकोटिक्स पुलिस टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने सधी हुई कार्यवाही करते हुए एक नाइजीरियन को 1 किलो 81 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोईन के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। इंटरनेशनल मार्किट में इस ड्रग्स की कीमत 10 करोड़ रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि उसकी सप्लाई चेन के साथ-साथ विदेशी हाथ होने के मामले की भ्भी जांच कर यह पता लगाया ला सके कि विदेशी किस तरह से इस रैकेट से जुड़े है हालांकि अतिरिक्त डीसीपी द्वारका विक्रम सिंह ने इसे द्वारका पुलिस की बड़ी सफलता बताया है। इस संबंध में अतिरिक्त डीसीपी द्वारका विक्रम सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिला में ऑपरेशन वर्चस्व के तहत पुलिस पूरी सतर्कता के साथ पूरे क्षेत्र में अपराधियों की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। पुलिस की प्राथमिकता अपराध घटित होने से पहले ही उसे रोकने की रहती है। जिले की थाना पुलिस के साथ-साथ जिला की दूसरी पुलिस टीमें भी क्षेत्र में नशे के रैकेट को तोड़ने के लिए सतर्कता से काम कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला की कैफेन व नारकाटिक्स टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस को सूचना मिली थी एक विदेशी काफी बड़ी मात्रा में हेरोईन सप्लाई कर रहा है। एसीपी ऑपरेशन विजय सिंह यादव ने इसके लिए एसआई सुभाष चंद के नेत्त्व में एएसआई करतार, हवलदार दिनेश कुमार, जितेन्द्र सिंह, सिपाही रवि, कुलदीप और प्रवीन की एक टीम बनाई और आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिये। टीम ने अपनी कार्यवाही करते हुए खबरियों को क्षेत्र में सक्रिय किया और आरोपी के खिलाफ जानकारी जुटानी शुरू की 4 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली की उत्तमनगर थाना क्षेत्र में एक नाइजीरियन दाल मिल रोड़ उत्तमनगर में ड्रग्स सप्लाई कर रहा है।

## सनातनी महायज्ञ में दिल्ली के आमिर ने अपनाया हिन्दू धर्म, बने अभय त्यागी

**बोला- सनातनी हिन्दू थे मेरे पूर्वज, मैने अपने धर्म में वापसी की है**

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/कर्नाटक/शिव कुमार यादव।** हिन्दू नववर्ष के मौके पर लोनी के रामलीला ग्राउंड में 51 कुंडीय महायज्ञ के दौरान दिल्ली के एक मुस्लिम युवक ने महामंडलेश्वर 1008 नवलकिशोर व अन्य संतो की उपस्थिति में स्वेच्दा से सनातन धर्म अपना लिया। धर्म परिवर्तन कें बाद सनातन महायज्ञ समिति एवं गायत्री परिवार ने उसका नामकरण कर आमिर से अभय त्यागी कर दिया। इस मौके पर आमिर से अभय त्यागी बने युवक ने कहा कि उसने स्वेच्छा से हिन्दू धर्म अपनाया है। वह हिन्दू धर्म से काफी प्रभावित था और उसके पूर्वज भी सनातनी हिन्दू थे इसलिए उसने अपने घर व धर्म में वापसी की है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर 1008 नवलकिशोर के सानिध्य में सनातन महायज्ञ समिति एवं गायत्री परिवार द्वारा आयोजित महायज्ञ में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने आहुति डाली।

यहां बता दें कि इससे पहले वसीम रिजवी भी हिन्दू धर्म अपना चुके हैं। जानकारी के अनुसार, खुद को दिल्ली के कर्दमपुरी का निवासी बताने वाले आमिर अविवाहित हैं और वेल्डिंग का कार्य करते हैं। आमिर ने बताया कि वह मुस्लिम समाज से हैं, लेकिन उसके पूर्वज सनातनी हिन्दू थे। रविवार को जब वह लोनी के रामलीला ग्राउंड में आयोजित किए गए 51 कुंडीय महायज्ञ में शामिल हुए तो उन्होंने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके साथ किसी ने कोई जोर जबर्दस्ती नहीं की है। वह स्वेच्छा से सनातन धर्म अपना रहे हैं। आमिर की इस घोषणा के बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने आमिर को चंदन का टीका लगाकर व सनानत धर्म का अंगवस्त्र पहनाकर सनातन धर्म में शामिल कराया। वहीं, त्यागी महासभा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र त्यागी ने आमिर को अपना गौत्र प्रदान करते हुए उनका नाम अभय त्यागी रखा है। 10 अप्रैल को डासना मंदिर में महंत नरसिंहानंद सरस्वती पूर्ण विधि विधान से उसका जनेऊ संस्कार आदि करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर, अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, मयंक गोयल, भाजपा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, रामकुमार त्यागी आदि मौजूद रहे। इससे पहले बीते साल यूपी के मुस्लिम नेता वसीम रिजवी ने भी इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था। यति नरसिंहानंद सरस्वती ने ही उन्हें भी सनातन धर्म में शामिल कराया था। धर्म परिवर्तन के बाद उनका नाम जितेंद्र त्यागी हो गया है। धर्म परिवर्तन के बाद उन्होंने कहा था कि जब मुझे इस्लाम से निकाल दिया गया तो फिर मेरी मर्जी है कि मैं कौन-सा धर्म स्वीकार करूं। सनातन धर्म दुनिया का सबसे पहला धर्म है, जितनी उसमें अच्छाइयां पाई जाती हैं, और किसी धर्म में नहीं हैं।

**घोषणा**

- आमिर की इस घोषणा के बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने आमिर को चंदन का टीका लगाकर व सनानत धर्म का अंगवस्त्र पहनाकर सनातन धर्म में शामिल कराया।

## पपरावट में चंदे के पैसे से की ग्रामीणों ने चौपाल की मरम्मत

**सरकारी उपेक्षा के बाद ग्रामीणों ने स्वयं उठाया बिड़ा, कर दी मिसाल पेश**

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज




**मटियाला/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** सरकार के दिल्ली में विकास के दांवों की उस समय हवा निकल गई जब पपरावट गांव के ग्रामीणों ने पिछले एक दशक से मरम्मत की बांट जोह रही हरिजन चौपाल की मरम्मत चंदा इक्ट्ठा कर करवा दी। लोगों का आरोप है कि पिछले एक दशक से जर्जर हो चुकी हरिजन चौपाल की मरम्मत के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियें व विधायक से संपर्क किया गया था और उन्हे समस्या से अवगत कराया था लेकिन न तो अधिकारियो और न ही विधायक ने उनकी सुनी जिसपर ग्रामीणों ने किसी भी हादसे से बचने के लिए चंदा इक्ट्ठा कर इस चौपाल की मरम्मत करा दी है। इस संबंध में ग्रामीण अशोक अहलावत ने बताया कि पिछले काफी से हरिजन समाज के लोग इस चौपाल की मरम्मत को लेकर अधिकारियों व विधायक के चक्कर काट रहे थे लेकिन किसी ने भी उनकी समस्या पर ध्यान नही दिया जिसपर ग्रामीणों ने इस चौपाल की स्वयं मरम्मत कराने का बिड़ा उठाया और ग्रामीणों ने 25 हजार का चंदा इक्ट्ठा कर इस चौपाल की मरम्मत का कार्य आरंभ किया। साथ ही उन्होने बताया कि पिछले ढाई साल से हरिजन बस्ती की गली खुदी पड़ी है। जिसे पेयजल लाइन डालने व कनेक्शन देने के लिए खोदा गया था लेकिन अभी तक ठीक नही हुई है। कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया है। फिर भी कोई सुनवाई नही कर रहा है। बुजुर्गों व बच्चों का घरों से निकलना दुभर हो गया है। कई लोगों अंधेरे में दुर्घटना का शिकार हो चुके है। लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे है। लगता है यह काम भी अब ग्रामीणों को ही करना पड़ेगा। वहीं स्थानीय निवासी राकेश कुमार ने बताया कि सालों से टूटी चौपाल का गिरने का डर बना हुआ था। गरीब लोग चौपाल जर्जर होने के चलते विवाह शादियों के लिए लुटपिट रहे थे। जिसे लेकर ग्रामीणों ने यह बिड़ा उठाया और मरम्मत कर डाली। लोगों का कहना है कि जर्जर चौपाल में कोई भी समारोह करते वक्त उसके गिरने का खतरा बना रहता था। जिसकारण गरीबों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब ग्रामीणों के सामने गली बनाने का कार्य बचा है जिसे कैसे पूरा किया जाये इस पर मंत्रणा चल रही है। लोगों का कहना है कि जब सरकार उनकी मूलभूत सुविधाओं को भी पूरा नही कर रही है तो किस विकास के दांवे कर रही है।

**आरोप**

- लोगों का आरोप है कि पिछले एक दशक से जर्जर हो चुकी हरिजन चौपाल की मरम्मत के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियें व विधायक से संपर्क किया गया था

## बेटी की शादी के लिए किया था मासूम का अपहरण, दो गिरफ्तार

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज




**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** दूसरे का घर उजाड़कर अपनी बेटी का घर बसाने के लिए आरोपी महिला ने मासूम के अपहरण की साजिश रची थी। लेकिन पुलिस ने सूझबूझ से कार्यवाही करते हुए न केवल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है बल्कि मासूम बच्चें को भी सकुशल बरामद कर लिया है। लेकिन अभी भी इस मामले में एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार दो अप्रैल को सूचना मिली थी कि मकान नंबर 352डी मुनिरका गांव में रहने वाली महिला ने दो वर्ष के बच्चे का अपहरण कर लिया है। सूचना के बाद किशनगढ़ थाने में तैनात एसआई मयंक यादव ने मौके पर पहुंचकर निक्की नाम की युवती को गिरफ्तार कर लिया और उसके मकान की रसोई से दो वर्ष के बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशनगढ़ थानाध्यक्ष बिनोद कुमार व एसआई मयंक यादव की टीम ने जांच शुरू की। निक्की ने बताया कि उसने महरौली में रहने वाली महिला बबली के कहने पर बच्चे को चुराया था। निक्की की दादी महरौली में बबली के घर के पास रहती है। इस कारण वह बबली को जानती है। पुलिस टीम ने महरौली से बबली को गिरफ्तार कर लिया। बबली ने पूछताछ में बताया कि वह बेटी की शादी करना चाहती थी। शादी के लिए उसे पैसे की जरूरत थी। ऐसे में उसने साथी दीपक व निक्की के साथ मिलकर बच्चे के अपहरण की साजिश रची थी। तीनों दो मार्च को गुरुग्राम में सहारा क्लब में मिले। यहां से ये बच्चे का अपहरण करने के लिए मुनिरका पहुंचे। निक्की के पड़ोस में छोटा बच्चा था। बबली व दीपक कार में बैठे रहे, जबकि निक्की बच्चे का अपहरण करने के लिए गांव के अंदर चली गई थी। काफी देर तक निक्की नहीं आई तो ये लोग मौके से चले गए थे। इधर निक्की ने पड़ोस के बच्चे का अपहरण कर उसे अपनी रसोई में छिपा दिया था। जिसे पुलिस ने तलाशी के दौरान बरामद कर लिया।

**सम्मेलन** हरियाणा साहित्य अकादमी के यू-ट्यूब चैनल पर किया गया सीधा प्रसारण

## नव संवत्सर पर अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**बहादुरगढ़/भावना शर्मा।** हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा नव संवत्सर के उपलक्ष्य में ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हरियाणा साहित्य अकादमी के यूट्यूब चैनल पर आयोजित इस कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय शिक्षा विभाग के निदेशक श्री जय प्रकाश पांडेय (आई.आर.पी.एस.) उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन का संयोजन व संचालन कैथल के युवा कवि दिनेश शर्मा दिनेश ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नैरोबी केन्या से जुड़ी कवयित्री मनीषा कंठालिया ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद अकादमी निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा ने मुख्य अतिथि और आमंत्रित कवियों का अभिवादन किया और कवि सम्मेलन की प्रस्तावना रखी। उन्होंने ऐसे आयोजनों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों को प्रतिस्थापित करने का उचित माध्यम बताया। कवि सम्मेलन में सिंगापुर से जुड़ी युवा कवयित्री आराधना झा श्रीवास्तव ने अपनी कविता में नारी के सामाजिक योगदान पर कहा- धरती-अंबर परिवार मेरा,ये भाव भारती लाती है।

जिस देह में बसते प्राण कई उसे एक गणतंत्र बनाती है। कवयित्री मनीषा कंठालिया ने अपनी कविता में जीवन को परिभाषित करते हुए कहा- 'इस जीवन के यक्ष प्रश्नों में उलझन है कितनी ज्यादा कि धर्मराज के सिवा कोई समझ नहीं पाया अब तक कैथल से कवि सम्मेलन में काव्य पाठ कर रहे दिनेश शर्मा 'दिनेश' ने भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का मजाक उड़ाने वालों पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि-

जब रामायण महाभारत एक कहानी लगती है। तब प्रमाणों की प्रमाणिकता मुझे बेमानी लगती है फरीदाबाद से जुड़े प्रसिद्ध गीतकार चरणजीत चरण ने भारत पर अपनी रचना कहता हूं सच मान सभी से अच्छा है, अपना हिंदुस्तान सभी से अच्छा है। भिवानी से आमंत्रित कवि रमाकांत शर्मा ने आज के रिश्तों पर अपनी रचना आदमी बनकर मिले होते अगर हम आदमी से, तो न शायद इस तरह से टूटते संबंध मन के प्रस्तुत की और प्रतिक्रियाओं में छाए रहे। उनके बाद नीदरलैंड से जुड़ी वरिष्ठ कवयित्री प्रो. पुष्पिता अवस्थी ने अपने काव्यपाठ में धरती की वेदना पृथ्वी अकेली औरत की तरह सह रही है जीने का दुःख' सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ख़ास ख़बर

## आठ माह बाद पुलिस ने कुख्यात चोरनी को तिहाड़ जेल के सामने से दबोचा



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली शातिर चोरनी रानी उर्फ शकीला को तुर्कमान गेट चौकी की पुलिस ने आज तिहाड़ जेल गेट 1 के पास धर दबोचा। रानी 14 वर्ष की सज़ा काट रहे अपने बलात्कारी पति से मिलने आयी थी। पुलिस ने बताया कि रानी करीब आठ माह पहले पुरानी दिल्ली की मशहूर डॉक्टर शाईस्ता नीलोफर के सोने व हीरे के आभूषण चुरा कर फरार हो गई थी। उसके मोबाइल नंबर के सहारे पुलिस ने उसका पीछा किया। लेकिन कुछ समय बाद रानी ने अपने उस फोन नंबर को कुछ दिन बाद इस्तेमाल बन्द कर दिया। इस बीच पुलिस को पता चला कि रानी अपने पति से मिलने तिहाड़ जेल आती है। तुर्कमान गेट चौकी के इंचार्ज अमित त्यागी को सूचना मिली कि 6 अप्रैल को वह अपने पति से मिलने आ रही है। उन्होंने अपना जाल बिछाया और पूरी टीम तैनात की। सुबह से चोरनी का इंतेज़ार कर रही पुलिस टीम ने करीब बारह बजे उसे तिहाड़ जेल के गेट नंबर एक के पास देखा और उसे घेर लिया और महिला कांस्टेबल भारती ने उसे पुलिस हिरासत में ले लिया। उस समय साथ मे पुलिस कर्मी सुरेश और सहायक सब इंस्पेक्टर शिवराज सिंह व अन्य मौजूद थे। पुलिस ने चोरनी का मेडिकल करने के बाद अपनी कार्यवाही शुरू कर दी। चोरनी ने मन की उसने सोने के चार कड़े , तीन अंगूठियां सोने व हीरे की तथा एक हाथ घड़ी चोरी की थी। उसने बताया कि चोरी का सामान जबलपुर में उसकी बहन के पास मौजूद है।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर नब्बे करोड़ की कोकीन के साथ विदेशी नागरिक गिरफ्तार



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग को नशे के खिलाफ उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब एक विदेशी पर शक होने के बाद उसकी तलाशी ली गई तो ट्रॉली बैग की बॉडी में कोकीन की लेयर छिपाकर रखी गई थी जिसे पुलिस ने ढूंढ लिया और लाईबेरियाई निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को ट्रॉली बैग में 6 किलोग्राम के करीब कोकीन के बैग मिले जिनकी बाजार में कीमत 90 करोड़ के करीब बताई जा रही है। आरोपी लागोस से दोहा होते हुए दिल्ली पहुंचा था। पुलिस आरोपी के कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि इसकी सप्लाई चेन को तोड़ा जा सके। मिली जानकारी के अनुसार कस्टम अधिकारी ने बताया कि आरोपी लाईबेरिया का रहने वाला है और कतर एयरलाइन की फ्लाइट नंबर क्यूआर 578 से लागोस से दोहा होते हुए दिल्ली आया था। टर्मिनल 3 पर इमिग्रेशन क्लियरेंस के बाद वह ग्रीन चैनल को पार करने की कोशिश में था। इसी दौरान तैनात कस्टम की टीम ने रैंडम चेकिंग के दौरान उसे पकड़ा और उसकी ट्रॉली बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कुछ भी नहीं मिला, लेकिन खाली बैग का वजन सामान्य से ज्यादा मिला। शक होने पर ट्रॉली बैग के लेयर्स उतारे गए तो प्लास्टिक बॉडी में कोकीन की लेयर मिली. जांच में यह फाइन क्वॉलिटी की कोकीन निकली जिसको जब्त करके कस्टम विभाग के अफसरों ने आरोपी के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# गरीब बच्चों को गलत राह पर चलने से पहले ही भविष्य संवारेगी दिल्ली पुलिस -राकेश अस्थाना

### अपराध पीड़ित, नाबालिग व गरीब बच्चों कर सकेंगे पढ़ाई व कंप्यूटर कोर्स

**उद्घाटन**

- दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने बिंदापुर थाना परिसर में किया आधुनिक सामुदायिक शिक्षा केंद्र का उद्घाटन
- दिल्ली के सभी 178 पुलिस स्टेशनों में खुलेंगे इस तरह के संस्थान, उन्होने संगम ट्रस्ट का जताया आभार





नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**द्वारका/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/भावना शर्मा।** द्वारका पुलिस जिला के बिंदापुर थाना परिसर में मंगलवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने बिंदापुर थाना परिसर में एक आधुनिक सामुदायिक शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। जिसमें एक आधुनिक लाईब्रेरी व एक कंप्यूटर केंद्र स्थापित किया गया है जहा थाने के आसपास के गरीब बच्चों व अपराध पीड़ित नाबालिगों को गलत राह पर चलने से पहले ही उन्हे शिक्षित कर उनका भविष्य संवारने की कोशिश की जायेगी। इस अवसर पर स्पेशल सीपी लॉ एडं आर्डर रेज-1 श्री दिपेन्द्र पाठक, स्पेशल सीपी यातायात विरेन्द्र कुमार चहल, स्पेशल सीपी जोन-2 सागर प्रीत हुड्डा तथा एडिशन सीपी वेस्टर्न रेंज चिन्मय बिस्वाल तथा संगम ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व आईपीएस अधिकारी कुलदीप कुमार व डायरेक्टर पूर्व आईपीएस ईश कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुक्त श्री अस्थाना ने संगम ट्रस्ट से कोर्स पूरा कर चुके कुछ छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये। अपने संबोधन में श्री राकेश अस्थाना ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। इससे पहले हम आर के पुरम, ओखला विहार और जामिया थानों में पब्लिक पुस्तकालय व कंप्यूटर लैब स्थापित कर चुके है। यहां वातानुकुलित रूम है जिसमें बच्चों व दूसरे लोगों को ऑन लाईन क्लास के लिए फ्री इंटरनेट सुविधा दी गई है। इसके साथ ही बच्चे निशुल्क पुस्तके पढ़ने के लिए ले व दे सकते हैं। साथ ही बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स भी कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बिंदापुर थाने में भी आधुनिक सुविधाओं से लैस सामुदायिक शिक्षा केंद्र खोला गया है जिसकी देखरेख पुलिस करेगी तथा संगम ट्रस्ट बच्चों को कोर्स करायेगी। उन्होने कहा कि थाने के आसपास के गरीब बच्चों के साथ-साथ अपराध पीड़ित बच्चों को भी यहां कोर्स कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल बच्चे पुलिस से जुड़ेंगे बल्कि यहां से कंप्यूटर कोर्स सीख कर रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने कहा कि पुलिस की इस भागीदारी से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और जनसहयोग मिलने से पुलिस अपराधों पर नियंत्रण कर पायेगी। इस अवसर पर उन्हाने कहा कि दिल्ली के सभी 178 थाना परिसरों में इस तरह के कोर्स चलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर संगम ट्रस्ट के पदाधिकारी कुलदीप कुमार, ईश कुमार व दुष्यन्त मेहता का आभार प्रकट किया और पुलिस की तरफ से एक मोमेटों भी प्रदान किये। समापन अवसर पर द्वारका के अतिरिक्त डीसीपी श्री विक्रम सिंह ने द्वारका जिला के थाने में इस तरह की शुरूआत पर पुलिस आयुक्त व संगम ट्रस्ट के साथ-साथ कार्यक्रम में पधारें अन्य अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तिं का आभार प्रकट किया।



# पंजाब के बाद अब आप ने शुरू किया हरियाणा मिशन



**स्वागत**

- कांग्रेस के पूर्व नेता निर्मल सिंह बेटी चित्रा के साथ हुए आप में शामिल, केजरीवाल रहे मौजूद
- गुजरात, कर्नाटक और हिमाचल के साथ ही आप ने हरियाणा फतेह के लिए भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** पंजाब में बड़ी जीत के बाद अब आम आदमी पार्टी ने पूरे देश में अपना मिशन छेड़ दिया है। गुजरात, कर्नाटक और हिमाचल के साथ ही आप ने हरियाणा फतेह के लिए भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जिसे देखते हुए हरियाणा के कई बड़े नेता आप का दामन थाम रहे हैं। इसी के तहत गुरूवार को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर के बाद अब हरियाणा के बड़े नेता व पूर्व मंत्री निर्मल सिंह अपनी बेटी चित्रा के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इन्होने पार्टी के दिल्ली कार्यालय में मुख्यमंत्री व संयोजक केजरीवाल की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की। निर्मल सिंह ने कांग्रेस छोड़ने के बाद हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट की स्थापना की थी। अब वह आप के साथ जुड़कर अपनी राजनीति को आगे ले जाना चाहते हैं। निर्मल सिंह के पार्टी में शामिल होने पर आप के राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने ट्वीट कर बताया, 'आज हरियाणा डेमोक्रेटिक पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह एवं उनकी बेटी चित्रा सिंह ने दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मैं निर्मल सिंह का 'आप' पार्टी में हार्दिक स्वागत करता हूं।'

# प्रदुषण के चलते मानव स्वास्थ्य पर वन हेल्थ योजना अब जरूरी

### कई बड़े बदलावों के बाद सीएम भगवंत मान ने पंजाब में शिक्षा पर लिए दो बड़े फैसले



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** दिल्ली में बढ़ते प्रदुषण से स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए पर्यावरण के साथ-साथ जीव व मानव स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों ने जोर देने की बात कही है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेषज्ञों ने कहा कि जिस तरह से विकास के लिए मास्टर प्लान की जरूरत है ठीक उसी तरह स्वास्थ्य के लिए भी दिल्ली सरकार को अभी से आगामी नीतियों पर काम करना जरूरी है ताकि दिल्ली वासियों को बिमारियों से बचाया जा सके। उन्होने इसके लिए वन-हेल्थ की योजना पर काम करने की जरूरत पर जोर दिया है। दिल्ली को बीमारियों से बचाने के लिए वन हेल्थ पर काम करना जरूरी है। इससे न सिर्फ पर्यावरण, जीव और मानव के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा बल्कि दिल्ली के प्रत्येक परिवार पर खर्च भी कम होगा। एक रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली में हर परिवार को सालाना अपनी कुल आय का 10 फीसदी हिस्सा सेहत पर खर्च करना पड़ रहा है जो औसतन 1.36 से 1.50 लाख रुपये के आसपास है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि जिस तरह विकास के लिए मास्टर प्लान 2040 पर काम किया जा रहा है, उसी तरह स्वास्थ्य के लिए भी दिल्ली सरकार को अभी से नीतियों पर काम करना जरूरी है। सफदरजंग अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. जुगल किशोर का कहना है कि कोरोना महामारी और बीते कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन की वजह से अब न सिर्फ दिल्ली, बल्कि पूरे देश और विश्व स्तर पर वन हेल्थ के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास को लेकर सरकारें भविष्य देख रही हैं। 18-20 साल आगे की नीतियों पर अभी से काम किया जा रहा है लेकिन स्वास्थ्य पर कोई चर्चा तक नहीं करता। कोरोना महामारी की वजह से काफी हद तक सरकारों को इसकी अहमियत समझ आई है लेकिन बीमारियों की रोकथाम पर संजीदा कोई नहीं है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. संजय राय का कहना है कि इस समय बीमारियों के प्रति लोगों में जागरुकता जरूरी है। क्योंकि दुनिया में हर साल पर्यावरण से जुड़े कारणों की वजह से 13 करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है।

# महिलाओं की अश्लील फोटो बनाकर करता था ब्लैक मेल, द्वारका साइबर सेल ने दबोचा






**डीसीपी द्वारका**

- मात्र पांचवी पास है आरोपी, अब तक करीब 150 महिलाओं व छात्राओं को बना चुका है अपना निशाना

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**द्वारका/शिव कुमार यादव।** द्वारका साईबर सैल टीम ने महिलाओं की अश्लील फोटों बनाकर उन्हे प्रताड़ित कर ब्लैक मेल करने वाले एक अपराधी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी की गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी फ्रेंडशिप एप से महिलाओं के नंबर ढूंढता था और फिर उन्हे व्हाट्स एप के जरीये व्र्चुअल नंबर से कॉल कर फ्रेंडशिप करने के लिए कहता था लेकिन जो महिलाए उसकी ऑफर को ठुकरा देती थी उनके फोटोशॉप पर अश्लील फोटो बनाकर प्रताड़ित व ब्लैकमेल करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मात्र पांचवी पास है लेकिन अब तक करीब 150 महिलाओं व लड़कियों को अपना निशाना बना चुका है। पुलिस इस मामले के अलावा अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। इस संबंध में अतिरिक्त डीसीपी द्वारका विक्रम सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिला की साइबर सैल टीम ने साइबर अपराध से जुड़े एक मामले को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होने बताया कि में ऑपरेशन वर्चस्व के तहत पुलिस पूरी सतर्कता के साथ पूरे क्षेत्र में अपराधियों की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। पुलिस की प्राथमिकता अपराध घटित होने से पहले ही उसे रोकने की रहती है। उन्होने बताया कि 23 मार्च को पुलिस की साइबर सैल को एक महिला ने शिकायत दी थी कि एक अंजान नंबर से एक कॉल आता है और वह शख्स उसे दोस्ती करने के लिए कहता है साथ इंकार करने पर उसके फोटो वायरल करने की धमकी देता है। साइबर सैल के एसएचओ जगदीश कुमार की देखरेख में एसीपी विजय सिंह ने एक टीम तैयार की जिसमें महिला एसआई निकिता, एसआई महेन्द्र, साहिल, एएसआई मुकेश और सिपाही रवि को आरोपी को तलाश कर पकड़ने के आदेश दिये। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए इंस्टाग्राम अकाउंटस और वर्चुअल नंबर की जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने आईडीपीआर, सीडीआर और सीएएफ के आईपी पते और मोबाइल नंबर की भी जांच की। पुलिस ने तकनीकी जांच के बाद फोन के आईएमईआई नंबर के आधार पर शाहबाद डेयरी में छापेमारी की और आरोपी सचिन कुमार पुत्र अमरनाथ निवासी सी-ब्लॉक, शाहबाद डेयरी, नई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि वह व्हाट्स ऐप पर फ्रेंडशिप एप से महिलाओं के नंबर ढूंढता था और फिर उन्हे व्हाट्स एप के जरीये व्र्चुअल नंबर से कॉल कर फ्रेंडशिप करने के लिए कहता था लेकिन जो महिलाए उसकी ऑफर को ठुकरा देती थी उनके फोटोशॉप पर अश्लील फोटो बनाकर प्रताड़ित व ब्लैकमेल करता था। आरोपी मात्र पांचवी पास है लेकिन वह अपने काम में इतना माहिर था।

# कोरोना के बाद मानसिक रूप से स्वश्व रहना सबसे बड़ी चुनौती- श्री श्री रविशंकर

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** इंडिया सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया।. इस कार्यक्रम को देश के अग्रणी विचारक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ताओं में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर, ÷द आर्ट ऑफ लिविंग÷ के संस्थापक, डा. कर्ण सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और श्याम जाजू मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने कहा की मन की स्थिति पूरी तरह से व्यक्ति की खुशी पर निर्भर करती है, मन को सभी विचारों से मुक्त करें और स्वतंत्रता दें। 'ओम् नमः शिवाय' मंत्र कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश को जोड़ता है, यही है भारत की ताकत। महामारी ने हमें मानसिक टुकड़े का पाठ पढ़ाया है, इसलिए सभी को खुद को स्वस्थ रखना चाहिए क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी चुनौती है। साथ ही आपको बता दे की इस कार्यक्रम में रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन के ग्लोबल अध्यक्ष डॉ. नवल कुमार वर्मा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री देश को एक विज़न के साथ आगे लेकर जा रहे है। डॉ. नवल कुमार वर्मा ने भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं एवं दिव्यांगों के हितों के लिए विभिन्न योजनाओ पर भी प्रकाश डाला।

**चर्चा** सरकार पर विपक्ष हमलावर, कहा इस मुद्दे को उठाते रहेंगे, इसके लिए वे सड़कों पर भी उतरेंगे

# महंगाई पर चर्चा से भाग रही सरकार

### कांग्रेस ने संसद स्थगित करने पर उठाए सवाल

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** देश में तेजी से बढ़ते आवश्यक वस्तुओं के दामों पर विपक्ष संसद में चर्चा चाह रहा था लेकिन सरकार ने अचानक संसद स्थगित कर दी जिस पर राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार मूल्य वृद्धि पर चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को उठाते रहेंगे, इसके लिए वे सड़कों पर भी उतरेंगे। संसद के दोनों सदनों की बैठक अचानक समाप्त किए जाने को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस ने गुरुवार को संसद के बजट सत्र के निर्धारित समय से पहले समाप्त होने पर सवाल उठाया और सरकार पर महंगाई और उस पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि सरकार गरीबों, बेरोजगारों और किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए इच्छुक नहीं है। इसी के कारण संसद ने शुक्रवार तक का एजेंडा देने के बावजूद दो दिन पहले ही बंद कर दिया है। दरअसल, सरकार ने लोकसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक के दौरान और राज्यसभा की बीएसी बैठक में महत्वपूर्ण विधेयकों के लिए मूल्य वृद्धि पर चर्चा के लिए समय आवंटित किया था। वहीं जब गुरुवार को अचानक दोनों सदनों की बैठकों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया तो निचले सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि सरकार ने इसकी अनुमति न देकर 'प्रतिबद्धता का उल्लंघन किया है।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार का विश्वसनीयता सूचकांक सवालों के घेरे में है। वहीं, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से अधिक की वृद्धि की गई है।

खास ख़बर

## जम्मू-कश्मीर बैंक मनी लॉन्ड्रिंग केस को लेकर ईडी दिल्ली में कर रही पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला से पूछताछ



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** जम्मू कश्मीर बैंक केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले को लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली में पूछताछ कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि उमर से सुबह 11 बजे से पूछताछ चल रही है। वहीं उमर अब्दुल्ला से पूछताछ शुरू होने की बात सामने आते ही उनकी पार्टी ने भी बयान जारी किया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, जेकेएनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को दिल्ली में ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था और इसके पीछे कारण बताया गया था कि एक जांच के लिए यह पेशी जरूरी है। यद्यपि यह पूरा क्रिया कलाप राजनीतिक है फिर भी उमर पूरा सहयोग करेंगे क्योंकि वह अपनी तरफ से गलत नहीं है।

## बदलते मौसम में एलर्जी से बचाव आवश्यक-डॉ. सुनील रहेजा




**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में अस्थमा पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जी बी पंत अस्पताल के एमएस डा. सुनील रहेजा ने बदलते मौसम में एलर्जी से बचाव की आवश्यकता पर बल दिया। यह कॅरोना काल में 382 वा वेबिनार था। गोष्ठी में डॉ. सुनील रहेजा ने कहा कि मार्च-अप्रैल के बदलते मौसम में एलर्जी की समस्या अधिक रहती है। थोड़ी सी लापरवाही से एलर्जी परेशान कर देती है। किसी को धुंवे से,किसी को पैन्ट सेंट से,किसी को किसी खाने पीने की चीज से एलर्जी हो जाती है जिससे आपको एलर्जी होती है उस से बचाव व सावधानी आवश्यक है। इनहेलर का उपयोग भी लाभदायक रहेगा। एलर्जी ऐसी बीमारी है जो जीना ही खराब कर देती है। दैनिक डांस,योग व प्राणायाम करने से इम्युनिटी बढ़ जाती है हमे योग करना चाहिए। भाप व नमक के गर्म पानी से गरारे भी सस्ता सुलभ उपचार है जितना आप स्वयं का ध्यान रखेंगे आपका जीवन उतना ही सरल व सुगम होगा। यदि आपको जल्दी एलर्जी हो जाती है तो घर पर ही रहे बहुत आवश्यक हो तभी बाहर निकले। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन करते हुए इलाज से परहेज बेहतर है सावधानी हटी दुर्घटना घटी। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीन आर्य ने योग द्वारा इम्यूनिटी बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि आर्य नेता लक्ष्मण पाहुजा व अध्यक्ष डॉ. अमित पाहुजा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए जीवन मे अपनाने का आह्वान किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, सुमित्रा गुप्ता, आशा आर्या ,दीप्ति सपरा, रजनी चुघ, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया, विजय खुल्लर, सुनीता अरोड़ा, किरण सहगल, रविन्द्र गुप्ता, कुसुम भंडारी, कमला हंस आदि के मधुर भजन हुए।

# भारत ने बूचा नरसंहार पर की टिप्पणी

**● संयुक्त राष्ट्र से की इस मामले की स्वतंत्र जांच की कराने की मांग, यूक्रेन युद्ध पर रूस, अमेरिका व दुनिया के लिए दिये संकेत**

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** यूक्रेन युद्ध में बूचा में हुए नरसंहार पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में आम नागरिकों की हत्याओं पर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसकी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने मंगलवार शाम को कहा कि यूक्रेन के बूचा से आई ख़बरों को 'भीतर तक परेशान करने वाला' बताया है और संयुक्त राष्ट्र से मांग की है कि इस मामले की स्वतंत्र जांच की जाए। तिरुमूर्ति की ओर से दिए गए इस बयान को यूक्रेन युद्ध पर भारत की ओर से आई अब तक की सबसे कड़ी प्रतिक्रिया माना जा रहा है। कई लोग इसे रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के रुख में बदलाव के संकेत के रूप में भी देख रहे हैं. लेकिन भारत की इस टिप्पणी में रूस का ज़िक्र नहीं किया गया है। रूस और यूक्रेन के बीच बीती 24 फरवरी को शुरू हुई जंग को अब लगभग डेढ़ महीना पूरा होने जा रहा है। इस बीच अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत तमाम पश्चिमी देशों ने संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस की निंदा की और उसके ख़िलाफ़ अलग-अलग तरह के कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। लेकिन भारत ने अब तक इस मामले में तटस्थ रुख़ अपनाया है। भारत सरकार ने अब तक अपने किसी भी बयान में रूस की निंदा नहीं की है। भारत ने इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में लाए गए तमाम प्रस्तावों पर मतदान से दूरी बनाए रखी है। लेकिन बीती शाम बूचा में हुई मौतों के मामले में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति के बयान को भारत के इस रुख से अलग माना जा रहा है। इसे ऐसा पहला मौका बताया जा रहा है जब भारत ने निंदा करने का फ़ैसला किया है। जॉर्जिया और आर्मेनिया में भारत के राजदूत रहे अचल कुमार मल्होत्रा मानते हैं कि इस बयान को बारीक़ी से देखे जाने की ज़रूरत है। वे कहते हैं, ÷बूचा में जो कथित नरसंहार हुआ है, उसकी तस्वीरें आई हैं उसके बाद यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की ओर से बयान आया है। मेरा मानना है कि इस बयान को दो तरह से समझा जा रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि भारत के रुख में बदलाव आ रहा है। आपको याद होगा कि 24 फरवरी से पहले भारत ने रूस की वैध सुरक्षा चिंताओं की बात उठाई थी।लेकिन रूस के सैन्य दखल के बाद से भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अख़्तियार किया हुआ है और यूएन में जितने भी प्रस्ताव सामने आए हैं, उसमें भारत ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया है. और रूस की नाम लेकर निंदा नहीं की है. लेकिन हम साथ ही साथ संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की बात करते रहे हैं। कूटनीति और बातचीत से इस समस्या का समाधान निकालने की बात भी की गयी है। मल्होत्रा कहते हैं, ÷इस बयान में सबसे अहम बिंदु इसकी पंचलाइन है जिसमें कहा गया है कि भारत इस मामले में स्वतंत्र जांच की मांग करता है। ये मांग इसलिए उठाई गयी है क्योंकि जहां तक पश्चिमी देशों का नैरेटिव है, उस हिसाब से वे इस नतीज़े पर पहुंच गए हैं, और फ़ैसला भी सुना दिया है कि जो कुछ हुआ है, वो रूस ने किया है। वहीं रूस ने भी इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखा है। उनका कहना है कि जब वे बूचा को अपनी मर्ज़ी से खाली करके जा रहे थे तो वह इस तरह की हरक़त क्यों करेंगे। ऐसे में भारत का इस मुद्दे पर खुलकर बयान देना और ये कहना महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर भारत को वैश्विक पटल पर एक सक्रिय भूमिका निभानी है तो ऐसे मौकों पर भारत ख़ामोश नहीं रह सकता। वो आगे कहते हैं, ÷लेकिन देखने वाली बात ये है कि भारत ने किसी भी बयान का समर्थन नहीं किया है. न उन्होंने पश्चिमी देशों के मत का समर्थन किया है और न रूस के बचाव में कोई बयान दिया है। ऐसे में जो होना चाहिए वो यही है कि इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. और इसके बाद जो भी नतीज़े आते हैं, उसके हिसाब से ज़िम्मेदारी तय की जानी चाहिए. ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता है कि इस मुद्दे पर भारत के रुख कोई बड़ा बदलाव हुआ है। भारत अभी भी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की बात कर रहा है और कह रहा है कि इस मुद्दे को बातचीत से सुलझाया जाए। भारत के इस रुख को कूटनीतिक भाषा में 'टाइट रोप वॉक' यानी संतुलन बनाते हुए चलने की मुश्किल कोशिश कहा जा रहा है. क्योंकि पश्चिमी देशों, विशेष रूप से, अमेरिकी अधिकारी भारत को लेकर अहम बयान दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली आए अमेरिका के डिप्टी एनएसए दलीप सिंह ने एक निजी टीवी चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि अगर 'चीन ने एलएसी का उल्लंघन किया तो रूस भारत के बचाव में नहीं आएगा। इससे पहले बीते महीने 'क्वाड' की बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ज़ोर देते हुए कहा था कि रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर 'कोई बहाना या टालमटोल नहीं चलेगा। और सबसे ताजा बयान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का है जिन्होंने बुधवार को भारत को आगाह किया है कि रूस के हथियारों में निवेश करना भारत के हित के लिए ठीक नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मामले में कहा कि यह ध्यान में रखना चाहिए कि समकालीन वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र के चार्टर पर आधारित है जो अंतरराष्ट्रीय क़ानून के सम्मान, सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए बनाई गई है।

अगर भारत ने एक पक्ष चुना है, तो यह शांति का पक्ष है और हिंसा को तत्काल ख़त्म करने का पक्ष है। सबसे महत्वपूर्ण है कि भारत यूक्रेन में संघर्ष के खिलाफ़ हैं। हमारा मानना है कि ख़ून बहाकर और मासूमों की जान की क़ीमत पर कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। आज के समय में संवाद और कूटनीति किसी भी विवाद का सही जवाब है। राजनीतिक विशलेषकों की माने तो ये मानकर चलना चाहिए कि भारत अपने इस रुख पर बना रहेगा. क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि भारत अगले पांच सालों में रूस के साथ अपने सामरिक हितों से अलग हो पाएगा. क्योंकि सामरिक सहयोग दीर्घकालिक होते हैं।

## 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोग 10 अप्रैल से लगवा सकेंगे बूस्टर डोज

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ऋषिकेश/भावना शर्मा।** कोरोना महामारी से जारी लड़ाई के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बड़ी घोषणा की। जिसके तहत अब 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग कोविड-19 की ऐहतियाती खुराक यानी वैक्सीन की तीसरी डोज ले सकते हैं। सरकार की तरफ से जानकारी दी गई कि 10 अप्रैल से 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोग निजी टीकाकरण केंद्र में वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवा सकते हैं। बता दें कि कोरोना वायरस की संभावित चौथी लहर से पहले महामारी के खिलाफ सरकार का यह बड़ा कदम है। इससे पहले केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज की अनुमति दी थी। कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज सिर्फ वहीं लोग लगवा सकते हैं जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक होगी और जिन्होंने कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक 9 महीने पहले लगवाई होगी। वैक्सीनेशन की सुविधा सभी निजी अस्पतालों में उपलब्ध रहेगी. हालांकि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोविड-19 की बूस्टर डोज लेना अनिवार्य नहीं होगा। यह लोगों की इच्छा पर निर्भर करेगा कि वह वैक्सीन की तीसरी डोज लेना चाहते हैं या नहीं। बूस्टर शॉट की जानकारी देते हुए सरकार की तरफ से कहा गया है कि देश में पहली और दूसरी खुराक के लिए सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर चल रहे मुफ्त टीकाकरण प्रोग्राम के साथ-साथ हेल्थकेयर वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60.आबादी के लिए बूस्टर डोज देने का काम जारी रहेगा और इसमें पहले से ज्यादा तेजी लाई जाएगी।

## सभी विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक स्वागत योग्य कदम - सौरभ कुमार

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** एनटीए द्वारा सीयू-ईटी 2022-23 के बारे में विस्तार से घोषणा किए जाने के बाद शीर्ष शिक्षण संस्थानों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। डीयू और जेएनयू ने सीयू-ईटी का हिस्सा बनने पर सहमति जता दी है, लिहाजा एक संयुक्त प्रवेश परीक्षा के जरिये ज्यादातर केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला पाना अब हकीकत बनता लग रहा है। सभी विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा हो जाने से लगातार बढ़ते कट-ऑफ (डीयू की तरह) की चिंता दूर हो जाएगी और क्षेत्रीय भाषी अभ्यर्थियों के लिए भी मौके बढ़ेंगे, क्योंकि संयुक्त परीक्षा अंडरग्रैजुएट स्तर पर 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होने वाली है। अंडरग्रैजुएट स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने का मकसद छात्रों को रट्टामार पद्धति से पढ़ाई करने के बजाय उनकी महत्वपूर्ण कल्पना क्षमता को विकसित करने पर है। विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ एकेडमिक अफसर सौरभ कुमार बताते हैं, सीयू-ईटी एकल विंडो प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराएगा जिससे छात्रों को दाखिला पाने में अधिक सुविधा और आसानी होगी। उन्हें अब विभिन्न कठिन स्तरों को पार करते हुए अलग-अलग विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा देने की जरूरत नहीं होगी। इससे छात्रों का समय, प्रयास और पैसा भी बचेगा जो वे कई तरह के प्रवेश परीक्षा शुल्क के नाम पर खर्च करते आ रहे थे। सभी विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक स्वागत योग्य कदम है। यह भारी-भरकम सिलेबस को रटने के बजाय कॉन्सेप्ट आधारित समझ, महत्वपूर्ण कल्पनाशक्ति, संपूर्ण दक्षता और निर्णय लेने की क्षमता पर ज्यादा फोकस करते हुए परंपरागत शैक्षणिक मानकों में बदलाव लाएगा। यह सुधारवादी प्रक्रिया छात्रों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का बोझ कम करेगी और दाखिले की प्रक्रिया में पर्याप्त वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल किए जाएंगे जिससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही परीक्षा के तहत आवेदकों को दाखिले के समान अवसर मिलेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत समर्थित की गई केंद्रीय विश्वविद्यालय




प्रवेश परीक्षा (सीयू ईटी) कोई नई परिकल्पना नहीं है। सबसे पहले इसका आयोजन 2020 में 7 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अंडरग्रैजुएट, पोस्टग्रैजुएट तथा एकीकृत पाठ्यक्रमों की 1,500 सीटों के लिए किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2021-22 तक असम विश्वविद्यालय, कर्नाटक विश्वविद्यालय, केरल विश्वविद्यालय, हरियाणा विश्वविद्यालय जैसे 12 केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने सीयू-ईटी के जरिये ही दाखिला लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, सीयू-ईटी आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को जिम्मा सौंपा गया है और जेईई प्रवेश परीक्षा की तरह 2022-23 से इसे भी साल में दो बार आयोजित किया जा सकता है। विद्यामंदिर क्लास ने भी अग्रणी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। परीक्षा संभवतया दो वर्गों में बंटी होगी पहला, छात्रों की सामान्य दक्षता की परख पर केंद्रित रहेगा, वहीं दूसरे वर्ग में उस विशेष विषय से प्रश्न पूछे जाएंगे जिसमें छात्र दाखिला लेना चाह रहे हैं।

# क्या चीन ताइवान को बनाना चाहता है दूसरा यूक्रेन?

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



*यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से चीन भी अब ताइवान पर हमले की योजना बना रहा है।*

**युद्ध**

**चीन को मिला रूस की हरकत से हौसला, अमेरिका पर नहीं है अब दुनिया को भरोसा**

नई दिल्ली/भावना शर्मा/- जिस तरह से रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खींचता जा रहा है उससे युद्ध की भयावह तस्वीरे भी अब सामने आने लगी है। लाखों लोग बेघर होकर जान बचाने के लिए पलायन कर रहे हैं। वहीं कई देशों की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। फिर भी कुछ देश नापाक इरादें पाले हुए है और उन्हें पूरा करने के लिए तैयारियों में जुटे है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से चीन भी अब ताइवान पर हमले की योजना बना रहा है। चीन को रूस की इस हरकत से काफी हौंसला मिला है। जिसे वह जल्द से जल्द पूरा करने पर आमादा है। वहीं दुनिया को अब अमेरिका पर भरोसा नही रहा है। क्योंकि यूक्रेन की तबाही के लिए विश्व अमेरिका को सबसे ज्यादा जिम्मेदार बता रहा है। ताइवान पर अगर हमला होता है तो फिर एक और देश की जनता तबाही का मंजर देखेगी। गुरुवार को खबर आई है कि यूएस हाउस की मौजूदा स्पीकर नेंसी पेलोसी आने वाले रविवार को ताइवान के दौरे पर होंगी। इस पद पर रहते हुए यूएस हाउस के किसी स्पीकर का पिछले 25 साल में ये पहला दौरा होगा। जाहिर है इस पर चीन की तीखी प्रतिक्रिया आएगी ही। वैसे भी चीन पहले ही अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने के ऐलान पर कह चुका है कि इन देशों को एक और यूक्रेन जैसा संकट पैदा करने से बचना चाहिए। चीन के इस बयान का क्या मतलब है? क्या वह ताइवान पर हमला करने का प्लान बना रहा है? इस पर डिफेंस एक्सपर्ट मानते हैं कि यूक्रेन की स्थिति को देखते हुए चीन को ताइवान पर हमला करने का प्रोत्साहन तो मिला है। यूक्रेन पर रूस के हमले को अमेरिका और उसके साथी देश मिलकर भी रोक नहीं पाए। नाटो, यूएन व अमेरिका कोई भी रूस को यूक्रेन पर बमबारी करने से रोकने में सफल नहीं हो पाया। ये सब देखते हुए लगता है कि मौका मिला तो चीन ताइवान पर हमला करने से हिचकिचाएगा नहीं। अमेरिका को भी इस बात का एहसास है। यही कारण है कि अमेरिका की अधिकारी ने बयान दिया था कि चीन, यूक्रेन की स्थिति को लेकर सबक ले रहा है। रूस-यूक्रेन और चीन-ताइवान की स्थिति एक जैसी नहीं है। रूस और यूक्रेन की भाषा, संस्कृति सब कुछ अलग है, जबकि ताइवान और चीन की भाषा, संस्कृति सब कुछ एक जैसी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक यूक्रेन की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि उससे नाटो या यूएस पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। कहने को भले ही ये देश कुछ भी कहते रहें। अगर ताइवान पर चीन हमला करता है तो साउथ कोरिया और जापान के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। ऐसे में संभावना है कि ये दोनों देश अमेरिका का इंतजार किए बिना ही ताइवान की मदद के लिए अपनी सेना उतार देंगे। इन दोनों ही देशों की सेना दुनिया की ताकतवार सेनाओं में गिनी जाती है। जाहिर है ऐसा होने पर स्थिति यूक्रेन से ज्यादा खतरनाक और गंभीर होगीं यूक्रेन में रूस का हमला और अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा, हाल ही में हुई ये दो घटनाएं ऐसी हैं जिनसे अमेरिका से दुनिया का भरोसा कम हुआ है।

यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो गया लेकिन अमेरिका दुनिया को अनाज देने वाले इस देश की रक्षा करने में विफल रहा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की मदद की गुहार लगा रहे हैं लेकिन जिस मदद की उम्मीद वो कर रहे थे उसका इंतजार खत्म ही नहीं हो रहा है। अफगानिस्तान में भी देखा गया कि किस तरह अमेरिका मूकदर्शक बन अफगानिस्तान को तालिबान की गिरफ्त में जाते देखता रहा। दुनिया के सबसे आधुनिक हथियारों और रक्षा तकनीक से लैस अमेरिकी सेनो तालिबान के लड़ाकों के सामने कुछ नहीं कर पाई और मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रही।

## भाजपा की मुंबई को केंद्र शासित राज्य बनाने की तैयारी!

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**द्वारका/मुंबई/भावना शर्मा।** शिव सेना नेता संजय राउत पर ईडी की कार्यवाही के बीच संजय राउत ने शुक्रवार को मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह मुंबई को एक केंद्र शासित प्रदेश बनाने की साजिश रच रही है। उन्होने पत्रकार वार्ता में कहा कि मुंबई को केंद्र शासित राज्य बनाने के प्रयासों के उनके पास सबूत भी है। राउत ने कहा कि इस आशय का एक प्रजेंटेशन भी केंद्रीय गृह मंत्रालय को दिया गया है। मुंबई में पत्रकारों से चर्चा में राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया और पार्टी नेताओं, बिल्डरों, व्यापारियों का एक समूह इस साजिश का हिस्सा था। मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बारे में एक प्रस्तुति एमएचए को दी गई है। बैठकें हुई हैं और इस उद्देश्य के लिए धन एकत्र किया जा रहा है। यह सब पिछले दो महीनों से चल रहा है और मैं जो यह कह रहा हूं उसे साबित करने के लिए मेरे पास पुख्ता सबूत हैं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी इस घटनाक्रम से वाकिफ हैं। राउत ने दावा किया कि अगले कुछ महीनों में किरीट सोमैया के नेतृत्व वाला समूह यह कहते हुए कोर्ट जा सकता है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मराठी लोगों का प्रतिशत बहुत कम हो गया है, इसलिए महानगर को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए। राउत ने कहा कि सोमैया इससे पूर्व मराठी को स्कूलों में अनिवार्य भाषा बनाने के राज्य सरकार के निर्णय को भी चुनौती दे चुके हैं। बता दें, दशकों तक दोस्त रहे शिवसेना-भाजपा के बीच इन दिनों जबर्दस्त घमासान चल रही है। राउत व सोमैया के बीच जुबानी जंग अदालत तक पहुंच चुकी है। राउत ने सोमैया पर आईएनएस विक्रांत को बचाने के लिए चंदा जुटाने व उसमें धांधली के आरोप लगाए हैं। इस मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी ने मुंबई के ट्रॉम्बे थाने में सोमैया के खिलाफ धोखाधड़ी का केस भी दर्ज कराया है।

**शुभारम्भ** उत्तराखण्ड एप- 1064 पर मिली शिकायतों पर समयबद्ध तरीके से किया जायेगा समाधान

## उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार पर नकेल कसेंगे धामी, किया उत्तराखण्ड एप-1064 का शुभारम्भ

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**देहरादून/शिव कुमार यादव।** उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए शुक्रवार को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में विजिलेंस विभाग द्वारा निर्मित भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड-1064 एप का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एप का क्रियान्वयन न केवल मजबूती से किया जायेगा बल्कि इस पर आने वाली शिकायतों का भी समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को इस एप के प्रचार-प्रसार को मजबूती से करने के निर्देश दिये ताकि जन-जन तक इसकी जानकारी पंहुचाई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि एप पर जो भी शिकायतें आती हैं, उनका यथाशीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए। यदि किसी शिकायतकर्ता की शिकायत विजिलेंस से संबंधित नहीं है, तो उसे सीएम हेल्पलाईन एवं संबंधित विभाग को भेजा जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई, उसके स्टेटस अपडेट की पूरी जानकारी उन्हें मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सतर्कता विभाग के दो इन्सपेक्टर को विवेचना करने के लिए टेबलेट भी प्रदान किये। सतर्कता विभाग के अन्य कार्मिकों को भी विवेचना के लिए टेबलेट दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर सख्त कारवाई की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के सिद्धान्त पर कार्य किये जाये। जन समस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निदेशक सतर्कता को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड एप-1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाय। आम जन को इस एप की पूरी जानकारी हो। इस अवसर पर निदेशक सतर्कता अमित सिन्हा ने जानकारी दी कि 1064 नम्बर पर एप के माध्यम से एवं फोन से कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। यह नम्बर भारत सरकार से प्राप्त है। एप के माध्यम से प्रत्येक शिकायत रजिस्टर होगी, जिसका पूरा डाटा सुरक्षित रखा जायेगा। शिकायतकर्ता की पूरी गोपनीयता रखी जायेगी। यह एप हिन्दी एवं अंग्रेजी दानों भाषाओं में है।

ख़ास ख़बर

## श्री श्री रविशंकर से कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और महापौर अनीता ममगाई ने की शिष्टाचार भेंट -लिया आर्शीवाद



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ऋषिकेश/भावना शर्मा।** उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं महापौर ने शुक्रवार को ऋषिकेश के शीशम झाड़ी स्थित आश्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान हुई चर्चा में जीवन जीने की कला के मंत्रों सहित विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु रवि शंकर महाराज ने वर्तमान परिस्थितियों में बड़ते तनाव के लिए आधुनिक जीवन शैली को जिम्मेदार ठहराया। उत्तराखंड के काबीना मंत्री गणेश जोशी के साथ मेयर अनीता ममगाई ने भी आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रवि शंकर को गंगाजली भेंटकर उनका आर्शीवाद लिया। इस मौके पर महापौर अनिता ममगाई ने बताया आध्यात्मिक गुरू से वर्तमान समय में लोगों के बीच बड़ रहे तनाव को लेकर हुई चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि भौतिकतावादी अंधी सोच और उसके पीछे भागने की होड़ में अधिकाशतः लोग तनावग्रस्त हो रहे हैं जिससे बचने का उपाय है योग और ध्यान। उन्होंने बताया मेडिटेशन करने वाला व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में मन का संतुलन बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि परिस्थिति जैसी भी हो, स्वीकार करना सीखो। सहजता से स्वीकार करने में ही जीवन का आनंद है। व्यक्तिगत रूप में हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा होनी चाहिए। परिवार में होगी तो समाज में जाएगी और समाज में होगी तो पूरे देश में जाएगी। महापौर के अनुसार श्री श्री रविशंकर ने लोगों को सकारात्मक बातें फैलाने का आह्वान भी किया। भेंट वार्ता के दौरान डॉ हेतराम ममगाई एवं मंहत रवि प्रपन्नाचार्य भी मोजूद रहे।

## अब भीख के लिए दूसरे आगे हाथ नही फैलायेंगे भिखारी, दिल्ली सरकार ने बनाई योजना

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** दिल्ली सरकार में भिखारियों की तकदीर बदलने व उन्हे भीख मांगने से छुटकारा दिलाने के लिए एक नई योजना पर काम शुरू किया है जिसके तहत दिल्ली के भिखारियों को काम का प्रशिक्षण दिया जायेगा और उसके बाद सरकार उन्हे रोजगार भी उपलब्ध करायेगी। मजबूरी के शिकार भिखारियों का जीवन स्तर सुधारने के लिए दिल्ली सरकार ने अनूठी पहल की है। जिसके लिए बाकायदा योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत भिखारियों को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर मुख्यधारा में लाया जाएगा। सरकार के प्लान के अनुसार सड़कों, ऐतिहासिक इमारतों के पास भीख वालों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभी 50 भिखारियों को दो आश्रय गृहों में जैम-जैली बनाने के साथ ही रंगाई-पुताई का काम सिखाया जा रहा है। सरकार प्रशिक्षण के बाद इन लोगों को रोजगार भी मुहैया कराएगी। दिल्ली सरकार अपने प्लान के तहत अभी प्रयोग कर रही है। जिसमें रोशनआरा रोड आश्रय गृह और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के आश्रय गृह में क्रमशः 25 पुरुष और 25 महिला भिखारियों को प्रशिक्षण दे रही है। अगर यह प्रयास सफल रहा तो सरकार इसे बड़े स्तर पर लागू करेगी। जिसमें दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर भिखारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। साल 2021 में सरकार ने भिखारियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए सर्वे कराया था। जिसमें भिखारियों की कुल संख्या 20,719 पाई गई थी। जिसके बाद भिखारियों का जीवन स्तर सुधारने के लिए इस प्रोग्राम को शुरू करने का एलान किया था। इस प्रशिक्षण को पूरा करने वाले भिखारियों को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। जिसके आधार पर अपना काम शुरू करने वालों सरकार आर्थिक मदद देगी।

# श्रीलंका की तरह भारत में भी सच सामने आएगा -राहुल गांधी

❍ शरद यादव से उनके निवास पर मिलने पंहुचे राहुल गांधी, जाना हाल-चाल
❍ कहा- भारत की आर्थिक स्थिति व नौकरी की कल्पना करना मुश्किल

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज





**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद नेता शरद यादव से मिलने दिल्ली स्थित उनके निवास पर पहुंचे। हाल ही में शरद यादव, लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए हैं। इस मौके पर शरद यादव ने कहा कि राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, तभी कुछ बड़ा हो सकेगा। राहुल गांधी ने कहा कि बीते दो-तीन सालों से सच छिपाया जा रहा है, लेकिन धीरे-धीरे सच सामने आएगा। ऐसा ही श्रीलंका में हुआ वहां सच सामने आया। भारत में भी सच सामने आएगा। राजद नेता से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा, 'मैं शरद यादव के इस बयान से सहमत हूं कि देश में बुरे हालात हैं। नफरत फैलाई जा रही है और देश को बांटा जा रहा है। हमें देश को एकजुट करना है और भाईचारे के रास्ते पर चलना है, जो कि देश के इतिहास का हिस्सा रहा है। राहुल ने यह भी कहा कि यादव बीमार थे व लंबे समय से अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। मैं उन्हें स्वस्थ देखकर 'फाइटिंग फिट' पाकर बहुत खुश हूं। आप उन्हें मुस्कुराते हुए देख सकते हैं। मुझे भी यह देख अच्छा लग रहा है। राजनीति में उन्होंने मुझे काफी कुछ सिखाया है। श्रीलंका की तरह भारत का भी सच जल्द सामने आने का दावा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप भारत की आर्थिक स्थिति और नौकरी की स्थिति की कल्पना नहीं कर सकते। आपने अपने जीवन में कभी नहीं देखा होगा। ये क्या हो रहा है। इस देश के रोजगार ढांचे की रीढ़ की हड्डी टूट चुकी है। लघु और मध्यम व्यवसाय, छोटे दुकानदार, अनौपचारिक क्षेत्र हमारी रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन सालों से देश में मीडिया, संस्थान, भाजपा नेता व आरएसएस सच छिपा रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे वह सामने आएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि अर्थशास्त्री और नौकरशाह दूसरे देशों को देखकर अपनी योजनाएं बनाते हैं। पीएम कहते हैं हमें उनके जैसा बनना है। ऐसा नहीं किया जा सकता। सबसे पहले, हमें यह महसूस करना होगा कि हम कौन हैं और यहां क्या हो रहा है। उन्होंने कमर तोड़ दी है, अगले 3-4 साल में भयानक परिणाम आएंगे। वहीं इस मौके पर शरद यादव ने क्या राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए के सवाल पर कहा कि क्यों नहीं? यदि कोई कांग्रेस को 24 घंटे चला रहा है तो वह राहुल हैं। मैं सोचता हूं कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। उसके बाद ही कुछ बड़ा किया जा सकेगा। अध्यक्ष पद को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि हम इस पर विचार करेंगे। यहां बता दें कि जदयू से अलग होने के बाद शरद यादव ने अपनी अलग पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल बनाई, लेकिन उसे अपेक्षित कामयाबी नहीं मिली। इसे देखते हुए शरद यादव राजद में शामिल हो गए। शरद यादव की पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल का राष्ट्रीय जनता दल में 20 मार्च को बिना शर्त विलय किया गया था। कुछ दिन पहले ही दिल्ली में तेजस्वी यादव से शरद यादव ने मुलाकात की थी, जिस दौरान उन्होने इस बात के संकेत भी दिए थे। शरद यादव ने कहा था कि तेजस्वी यादव अब राजनीतिक विरासत संभालेंगे। शरद यादव ने 2018 में नीतीश कुमार से नाराज होकर अलग पार्टी बनाने वाले शरद यादव की अब लालू यादव के साथ दोस्ती शुरू हुई। इसके साथ ही उनकी 25 साल पुरानी राजनीतिक दुश्मनी भी खत्म हो गई। विलय के मौके पर शरद यादव ने कहा था कि हमारी पार्टी का राजद में विलय विपक्षी एकता की दिशा में पहला कदम है। यह जरूरी है कि बीजेपी को हराने के लिए पूरे भारत में पूरा विपक्ष एकजुट हो जाए।

## राहुल गांधी पर मायावती का पलटवार

कहा- कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बनाने का नही दिया कोई प्रस्ताव



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गठबंधन निमंत्रण वाले बयान पर बसपा सुप्रीमों मायावती ने रविवार को पलटवार करते हुए कहा कि यूपी चुनाव के पहले कांग्रेस ने मुझे मुख्यमंत्री बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। ये बात सच नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दूसरी पार्टियों के बजाय अपनी चिंता करनी चाहिए। मायावती ने कहा कि यूपी चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। राहुल गांधी को बसपा के बारे में बोलने से पहले 100 बार सोचना चाहिए। यह बयान उनकी जातिवादी सोच का प्रतीक है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि हम वो पार्टी नहीं हैं जिसका नेता प्रधानमंत्री को संसद में जबरन गले लगाता है और न ही हमारा पूरी दुनिया में मजाक उड़ाया जाता है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा भारत को कांग्रेस मुक्त ही नहीं बल्कि विपक्ष मुक्त बना रही है। भाजपा की कोशिश चीन की तरह भारत में भी एक पार्टी का शासन स्थापित करना है। राहुल गांधी ने शनिवार को बयान दिया था कि उनकी पार्टी ने बसपा सुप्रीमो मायावती को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गठबंधन और मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव दिया था लेकिन उन्होंने हमसे बात तक नहीं की। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मायावती ने सीबीआई, ईडी और पेगासस की वजह से सत्तारूढ़ भाजपा को चुनाव में खुला रास्ता मुहैया कराया। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मात्र दो सीटें और 2.5 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस के 97 प्रतिशत उम्मीदवार अपनी जमानत भी नहीं बचा सकें। वहीं बसपा को केवल एक सीट और करीब 13 फीसदी वोट मिले। उसके करीब 72 फीसदी प्रत्याशी जमानत गंवा बैठे।

## 10 देशों में कोरोना संक्रमण का कहर, सावधान रहने की जरूरत



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**वॉशिंगटन/शिव कुमार यादव।** एक तरफ कुछ देशों में कोरोना पांबधियों पर ढील दी जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ कोरोना संक्रमण एक बार फिर पांव पसार रहा है। इस बार कोरोना का कहर इतना घातक है कि जो देश पहले तीन लहरों में बच गये थे वे उनमें अब कोरोना कोहराम मचा रहा है। बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हो रहे हैं। मौतों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना संक्रमण का फिलहाल कोई अंत नहीं दिख रहा। नया वैरिएंट सामने आने के साथ ही कोरोना ने दुनिया के उन छोटे देशों में तबाही मचाई है, जो शुरुआती तीन लहर में कम प्रभावित हुए थे। इनमें चीन, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, जापान जैसे देश शामिल हैं। विश्व में संक्रमितों की नई संख्या पर नजर डालें तो हर रोज 11 से 14 लाख मरीज मिल रहे हैं। वहीं, 3-4 हजार मरीजों की मौत हो रही है। सबसे ज्यादा दक्षिण कोरिया की हालत खराब है। यहां पिछले चार दिन से हर रोज दो लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। दूसरे नंबर पर जर्मनी, तीसरे पर फ्रांस और चौथे पर इटली है। जर्मनी में हर रोज करीब दो लाख लोग संक्रमित सामने आ रहे हैं। फ्रांस में 1.50 से 1.70 लाख, इटली में 60 से 80 हजार लोग हर रोज संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। हर रोज सबसे ज्यादा कोरोना केस मिलने के मामले में ऑस्ट्रेलिया पांचवे नंबर पर है। यहां 50 से 70 हजार केस प्रतिदिन मिल रहे। कोरोना की शुरुआत चीन से हुई थी। 2019 के अंत में चीन का वुहान शहर संक्रमण का पहला हॉटस्पॉट था। इसके बाद ये फैलते हुए दुनिया के बाकी देशों में पहुंचा। इटली, अमेरिका, ब्राजील जैसे देशों पर ज्यादा असर पड़ा। इसके बाद भारत में इसने तबाही मचाई। अब दक्षिण कोरिया कोरोना का नया हॉटस्पॉट बन चुका है। यहां अब तक 1.49 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इनमें 18,754 लोगों की मौत हो चुकी है। ठीक होने वालों का आंकड़ा अभी तक दक्षिण कोरियाई सरकार ने जारी नहीं किया है। इसके साथ जर्मनी, फ्रांस, वियतनाम और थाईलैंड में भी हालात लगातार भयावह होते जा रहे हैं। दुनिया में अब कोरोना का नया वैरिएंट एक्सई आ चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे दो ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट - बीए-1 और बीए-.2 का हाइब्रिड स्ट्रेन कहा है। एक्सई वैरिएंट का पहला केस 19 जनवरी को ब्रिटेन में पाया गया था। इसके बाद डब्ल्यूएचओ ने भी एक्सई वैरिएंट को लेकर चेतावनी जारी की। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, ये नया वैरिएंट बीए-2 के मुकाबले 10 गुना ज्यादा संक्रामक है। ये वैरिएंट फ्रांस, डेनमार्क और बेल्जियम में भी पाया गया है। दुनिया में कोरोना से अब तक 49.66 करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 61.95 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। 43.23 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं। 5.81 करोड़ लोग अभी भी संक्रमित हैं।

# द्वारका के इस्कॉन मंदिर में मनाया जायेगा रामनवमी समारोह

## सरयु के पवित्र जल से किया जायेगा जलाभिषेक

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज





**द्वारका/भावना शर्मा।** द्वारका के इस्कॉन मंदिर में नवरात्रों के समापन पर राम नवमी के दिन भगवान श्री राम का जन्म उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव का समारोह पूरे दो दिन चलेगा। समारोह में भगवान श्री राम का जलाभिषेक सरयू नदी व चित्रकूट धाम के भरत कूप के पवित्र जल से किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर के प्रवक्ता ने बताया कि इसबार इस्कॉन मंदिर में भगवान रामलला के जलाभिषेक के लिए व्यापक तैयारी की गई हैं जिसके तहत रामलला को आयोध्या से सरयू नदी व चित्रकूट धाम से भरत कूप के जल से जलाभिषेक किया जायेगा। यह कार्यक्रम 9 और 10 अप्रैल को मनाया जायेगा। 9 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे मंगलयज्ञ से कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। जिसके बाद श्रद्धालुओं को चरणामर्त व पवित्र जल के साथ-साथ प्रसादम वितरित किया जायेगा। इसके बाद संध्याकाल में अधिवास उत्सव होगा जिसमें भगवान श्री राम के आविर्भाव दिवस की जोरो से तैयारियां की जायेंगी। 10 तारीख को सुबह भगवान श्री राम की कथा का पाठ होगा जिसे एचजी जीता मित्रा प्रभु की सुनायेगें। इसके बाद बच्चों के लिए कठपुतली का प्रोग्राम होगा जिसके अंदर आपको दादी पुदुम जी काकठपुतली डांस का शो देखने को मिलेगा। इसके साथ ही एक कठपुतली की वर्कशॉप रहेगी जिसके अंदर आपको कठपुतलियां बनाना सिखाएंगे। आपको बता दें कि यह वर्कशॉप रजिस्टर्ड बच्चों के लिए ही होगी। इसके बाद आपको एंटरटेनमेंट से भरपूर कई शो देखने और करने को मिलेंगे जिसमें कि आपको गोपाल का ड्रॉइंग डांस व संगीत सब सुनने को और करने को मिलेगा। 10 अप्रैल का दिन भक्तों के लिए बेहद ही खास होने वाला है क्योंकि इन कार्यक्रम के बीच एक बेहद ही बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। मंदिर प्रांगण में भगवान श्री राम का धनुष बनाया गया है जिसे बच्चे उठाकर देख सकेंगे और मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी ने जिस तरह भव्य पुल बनाया था उसी तरह सभी भक्तजन एक एक ईट से इस्कॉन टेंपल में राम जी के लिए यह पुल तैयार करने के कार्य में भी भाग ले सकेंगे। सबसे खास बात तो यह रहने वाली है कि राम जी का अभिषेक सरयू नदी के जल से होने जा रहा है भक्तजन इस जल अभिषेक का आनंद उठा पाएंगे। शाम 5 बजे भगवान श्री राम की शोभा यात्रा भी निकाली जायेगी। जिसमें भक्तजन भाग लेंगे। शाम 7 बजे भगवान श्री राम की लीला का मंचन भी किया जायेगा। इसके बाद सभी भक्तों को प्रसादम वितरित किया जायेगा। उन्होने सभी भक्तों से इस दिव्य समारोह में परिवार सहित आने का निमंत्रण भी दिया।

## श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी दहशतगर्द मार गिराए

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** श्रीनगर के बेशंबर नगर में सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि श्रीनगर मुठभेड़ में मारे गए आतंकी सीआरपीएफ के जवानों पर हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि आतंकियों को राज्य में बख्सा नही जायेगा। बता दें कि कुछ दिन पूर्व आतंकियों ने जवानों पर हमला किया था जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कार्यवाही कर अपने जवानों का बदला ले लिया। आईजी से मिली जानकारी के अनुसार, बेशंबर नगर इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने क्षेत्र की घेराबंदी की। इस दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो दहशतगर्दों को मार गिराया गया। सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद व अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। दोनों आतंकी पाकिस्तान के रहने वाले बताए जा रहे हैं और वो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। बता दें कि चार अप्रैल को श्रीनगर के लाल चौक से सटे मायसूमा इलाके में आतंकियों ने दिनदहाड़े सीआरपीएफ किया था, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था, जबकि एक अन्य घायल हुआ था।

## 'विष्णु स्तंभ'है कुतुब मीनार, विश्व हिंदू परिषद का दावा

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** पिछले काफी समय से कुतुब मीनार में रखी गणेश की मूर्तियों को हटाने के प्रयास का विवाद अभी खत्म नही हुआ था कि विश्व हिंदू परिषद ने पूरी कुतुब मीनार पर ही अपना दावा ठोक दिया है। वीएचपी के प्रवक्ता विनोद बंसल ने अपने बयान में दावा किया है कि कुतुब मीनार विष्णु स्तंभ था। लेकिन हिंदू समुदाय को परेशान करने के लिए 27 हिंदू-जैन मंदिरों को तोड़कर प्राप्त सामग्री से इस मीनार का निर्माण किया गया है। जिसे देखते हुए उन्होने प्रशासन से हिंदूओं को इस कुतुब मीनार में पूजा करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। यहां बता दें कि इससे पहले पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय ने कुतुब मीनार परिसर में एक जगह भगवान गणेश की उल्टी प्रतिमा और एक जगह उनकी प्रतिमा को पिंजरे में बंद कर हिंदू भावनाओं को अपमानित करने का आरोप लगाया था। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक को पत्र लिख कर इन प्रतिमाओं को राष्ट्रीय संग्रहालय में रखवाने की मांग की है। 25 मार्च को लिखे पत्र में कहा कि अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान उन्हें बुद्धिजीवियों, प्रतिनिधिमंडलों से जूते उतारने की जगह गणेश की उल्टी प्रतिमा रखने और एक जगह पर पिंजरे में बंद रखने की शिकायत मिली। इसे भारत के संविधान की समानता और न्याय की मूल भावना के खिलाफ बताते हुए उन्होंने लिखा कि इन प्रतिमाओं को सम्मान के साथ राष्ट्रीय संग्रहालय में रखा जा सकता है। पत्र के साथ उन्होंने दोनों प्रतिमाओं की फोटो भी एएसआई के महानिदेशक को भेजी है।

**घोषणा** पाकिस्तान में नई सरकार के लिए कम नही होंगी चुनौतियां, भारत को भी सतर्क रहने की जरूरत

# पाकिस्तान ने एक बार फिर इतिहास दौहराया

## इस बार सेना ने नही विपक्ष ने कर दिया तख्ता पलट

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** पाकिस्तान में आखिर जिसका डर था वही एकबार फिर हो गया। पाकिस्तान में आज तक कोई सरकार अपना कार्यकाल पूरा नही कर पाई, हरबार सेना ने उसका तख्ता पलट कर सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ली। लेकिन इस बार सेना पाक में घटे इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम से दूर रही फिर भी पाकिस्तान में इमरान सरकार का तख्ता पलट हो गया लेकिन इस बार सेना ने नही बल्कि विपक्ष ने सरकार का तख्ता पलट कर दिया। अब देखना यह है कि विपक्ष किसे पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनाता है। हालांकि अभी तक पीएमएल-एन नेता शहबाज शरीफ का नाम सबसे आगे है। बिलावल भूट्टो व मरियम नवाज भी उनके नाम की घोषणा कर चुके है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के बेटे मखदूम जैन हुसैन कुरैशी ने उनके नाम का प्रस्ताव पेश किया है। आज के पाक के हालात को देखते हुए जो भी पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनेगा उसके पास कुछ ज्यादा विकल्प नही होंगे। नई सरकार की सबसे बड़ी चुनौती चीन व अमेरिका में से किसे चुनेंगी और भारत से उसके संबंध कैसे होंगे। भारत को भी पाक की नई सरकार से सतर्क रहना होगा क्योंकि शहबाज शरीफ पहले की कह चुके है कि कश्मीर के हल के बिना भारत से रिश्ते सामान्य नही हो सकते, वहीं जाते-जाते इमरान ने भारत की तारीफ के कसीदे पढ़ दिये जिसे लेकर भी पाकिस्तान में बवाल मचा हुआ है। पाकिस्तान में इस समय जो हालात हैं, वह नई सरकार के लिए भी चुनौती हैं। यहां महंगाई चरम पर है। मुद्रा भंडार खाली हो चुका है। विदेशी कर्ज बढ़ता जा रहा है और आर्थिक चुनौतियां सामने हैं। ऐसे में नई सरकार को आगे बहुत ही सूझबूझ से कदम बढ़ाने होंगे। दरअसल, नई सरकार के लिए एफएटीएफ की ग्रे सूची से भी बाहर निकलना एक चुनौती होगी, वहीं विश्व बैंक से भी पाकिस्तान ने काफी कर्ज ले रखा है। हालांकि, इमरान सरकार जाने के बाद नई सरकार के लिए अमेरिका बड़े पैकेज खोल सकता है। लेकिन इसके लिए उसे चीन से निपटना होगा।

दखल

# अम्बेडकर का राष्ट्रीयता बोध



बाबासाहब ने महत्वपूर्ण उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के जरिए राज्य समाजवाद की बुनियाद रखी। उनका विचार था कि निजी उद्यम पूंजी के केंद्रीयकरण को बढ़ाकर संसाधनों के वितरण में असमानता बढ़ाते हैं, जो अंततः व्यवस्थागत शोषण को जन्म देती है। बाबासाहब राज्य समाजवाद को संवैधानिक व लोकतांत्रिक तरीके से लागू करना चाहते थे। मत था कि औद्योगीकरण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन का आधार बन सकता है।

**डॉ बाबासाहब** भीमराव अम्बेडकर का संपूर्ण जीवन समाज के पीड़ित एवं वंचित वर्गों के सम्मान एवं न्याय हेतु समर्पित था। उनके संवेदनशील एवं जुझारू व्यक्तित्व को जहां भी अन्याय दिखा, चाहे वह तथाकथित संस्कृति अथवा परंपरा के नाम पर हो या समाज के किसी वर्ग द्वारा हो, उससे टकराने का हौसला कर बाबासाहब जननायक बने। बाबासाहब ने महसूस किया कि तमाम कुरीतियों एवं कुप्रथाओं के कारण समाज की विभाजनकारी प्रवृत्तियों ने भारतवर्ष की सामुदायिकता एवं राष्ट्रीयता की भावना को खोखला कर दिया है। भारतवर्ष में राष्ट्रीयता की पुर्नस्थापना हेतु समाज के सभी वर्गों को सहभागी बनाकर सम्मान देना होगा। समाज के मजलूम वर्गों के लिए बाबासाहब के संघर्षों एवं कोशिशों को राष्ट्रीयता के संदर्भों में समझना होगा। सामाजिक अन्याय एवं भेदभाव जारी रहते वंचितों, गरीबों, दलितों एवं अश्पृस्यों के लिए राजनीतिक आजादी बेमानी है। बाबासाहब ने स्वतंत्र भारत में लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना के संकल्प के साथ संवैधानिक प्रावधानों के जरिए मजलूमों को व्यवस्था में सामाजिक बदलाव लाने की कोशिश की।

बाबासाहेब अस्पृश्यता निवारण एवं दलित सम्मान को सामाजिक न्याय नहीं अपितु राष्ट्रनिर्माण का कार्य मानते थे। महाड़ चावदार तालाब सत्याग्रह के उद्देश्यों को बताते हुए बाबासाहब कहते हैं 'अस्पृश्यता की रूढ़ि से मुक्त होकर अगर उन्हें आत्मस्वातंत्र्य प्राप्त होता है, तो इसमें वे केवल अपनी ही उन्नति नहीं करेंगे, बल्कि अपने पराक्रम से, बुद्धि से देश की उन्नति के लिए कारण सिद्ध होंगे। हमारा आन्दोलन केवल पतितोद्धार का नहीं है, उसमें लोकसंग्रह की भूमिका है। यह केवल अपने उद्धार के लिए नहीं हिन्दू धर्म के उद्धार के लिए है, यही सत्य है और यही राष्ट्र है। बाबासाहेब अस्पृश्यता उन्मूलन के जरिए स्वतंत्रता, समानता के साथ बंधुत्व के आधार पर सनातन धर्म की पुनर्संरचना चाहते थे। स्वातंत्र्य के संकल्प में समाज, राज्य अथवा धर्म जो भी बाधक बने उसे समाप्त होना होगा, इसी से राष्ट्र संरक्षित रहेगा तथा आगे बढ़ेगा। 25 नवंबर 1949 को संविधान समिति में कहते हैं चिंतित हूं कि इससे पूर्व भी स्वतंत्रता खोनी पड़ी है। राजा दाहिर का पराभव उनके स्वयं के सेनापति के कारण हुआ। इतिहास की पुनरावृत्ति होगी क्या?

प्रश्न खड़ा करते हुए कहते हैं हिन्दू समाज के पुराने दो शत्रु जातिभेद व वर्गभेद हैं ही। अब उसमें अनेक राजकीय पक्षों में वृद्धि हो गयी है। अगर अपने पक्षहित को राष्ट्रहित से अधिक मानने लगे तो भारतीयों का स्वातंत्र्य फिर से धोखे में आ सकता है। खून के आखिरी बूंद तक देश के स्वातंत्र्य की रक्षा करनी होगी। समानता एवं स्वतंत्रता की स्थापना हेतु वैधानिक एवं राजनैतिक प्रावधान तो अपनी जगह है, धर्म के मूलभूत सिद्धांतों एवं इसके आचार-व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। रिडल्स इन हिन्दुइज्म में बाबासाहब कहते हैं कि हिन्दू धर्म का मूल ब्रह्मसिद्धांत, प्रजातंत्र का भी आधार बन सकता है। ब्रह्म सिद्धांत समस्त जीव को ब्रह्म का अंश मानता है तो समाज में समानता होनी चाहिए, यही प्रजातंत्र का मूलाधार है। बाबासाहब का संघर्ष हिन्दू धर्म के आचार-व्यवहार में आमूलचूल परिवर्तन के लिए था न कि धर्म को समाप्त करने का। उनका मानना था कि यदि धर्म नष्ट हो जाएगा तो समाज अराजक हो जाएगा। गौतम बुद्ध और उनका धम्म में वे कहते हैं 'अकेले व्यक्ति को धर्म की आवश्यकता नहीं होती है, परन्तु जब दो व्यक्ति जुड़ते हैं तो परस्पर व्यवहार के लिए धर्म की आवश्यकता होती है, समाज बगैर धर्म के चल ही नहीं सकता।

बाबासाहब के अनुसार धर्म को सिद्धांत रूप में रहना चाहिए, उसमें आचार-व्यवहार, नियम-कानून का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। जब धर्म इनका आधार बन जाएगा तो नियम-कानून का धर्म के नाम पर दुरुपयोग होगा जो अंततः धर्म को भी नष्ट कर देगा। धर्म तथा नियम-कानून दो शक्तियां हैं जो मनुष्य को नियंत्रित करती हैं। कभी दोनों साथ चलते हैं तो कभी परस्पर नियंत्रित करते हैं। धर्म मूलतः व्यक्ति निरपेक्ष होता है जिसके कारण वह अन्याय, असमानता एवं भेदभाव को समाप्त कर सकता है, जबकि नियम-कानून व्यक्ति सापेक्ष होते हैं तथा अन्याय, असमानता एवं भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। बाबा साहेब समाज में व्याप्त अन्याय, असमानता एवं भेदभाव को अपूर्णता का प्रतीक मानते हैं। अस्पृश्यता तो समाज का कोढ़ है जो देश तथा धर्म के लिए विपत्ति है तथा समाज की मजबूती तथा राष्ट्रनिर्माण में बड़ी बाधा है। बाबा साहब ने राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सकारात्मक भूमिका हेतु सभी के लिए मौलिक अधिकरों को व्यवस्था की।

सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के लिए संविधान में ही प्रावधान कर उन्हें राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनाकर सतत विकास का अवसर प्रदान किया। राष्ट्र निर्माण में राज्य की भूमिका स्पष्ट करते हुए संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में नागरिकों के प्रति दायित्वों एवं सामाजिक आर्थिक समानता के लक्ष्य की प्रप्ति हेतु भावी नीतियों का निर्धारण किया। बाबासाहब स्वतंत्रता एवं समानता को लोकतन्त्र की बुनियाद मानते थे। परंतु परस्पर सहयोग एवं बन्धुत्व के अभाव में स्वतंत्रता एवं समानता को कोई अर्थ नहीं रह जाएगा तथा दोनों एक दूसरे को नष्ट कर देंगे। जिससे समाज में असंतोष एवं विघटन की प्रवृत्ति बढ़ेगी जो अन्ततः राष्ट्रनिर्माण के मार्ग में बाधक हैं। बाबासाहेब राष्ट्र निर्माण में समस्त नागरिकों की सहभागिता अनिवार्य मानते थे जो सामाजिकार्थिक समानता से संभव है। न्यायपूर्ण समाज एवं बंधुत्व की स्थापना हेतु संवैधानिक तरीके ही कारगर होंगे ना कि हिंसा या वर्ग संघर्ष। संवैधानिक तथा लोकतंत्रात्मक तरीके भारतवर्ष को एक समर्थ राष्ट्र के रूप में उभारने में कारगर होंगे।


बाबासाहब परंपरागत जाति एवं वर्णव्यवस्था को लोकतन्त्र के बुनियादी सिद्धांतों का विरोधी मानते थे। यह समाज को स्थायी तौर पर शोषित व शोषक वर्गों में विभाजित कर सामुदायिकता की भावना को जड़ से खत्म कर, राष्ट्रनिर्माण में अवरोधक बनती है। पुणे में 22 दिसम्बर 1952 के भाषण में कहा 'लोकतंत्र की कामयाबी की सबसे पहली शर्त यह है कि समाज में किसी तरह की असमानता नहीं होनी चाहिए। कोई दलित वर्ग न हो और कोई शोषित वर्ग भी न हो। इस तरह का कोई वर्ग न हो जिसके उपर समस्त भार हो। इस तरह का वर्गभेद हिंसक क्रांति को जन्म देता है तथा लोकतंत्र में भी इसका उपचार नहीं है। बाबासाहेब का यह मत था कि सामाजिक तथा आर्थिक लोकतंत्र राजनीतिक लोकतंत्र का तानाबाना है। बाबा साहेब के लिए सामाजिक लोकतंत्र का प्रश्न राजनीतिक स्वतंत्रता से कम महत्वपूर्ण नहीं था। उन्होंने सामाजिक बुराइयों तथा कुप्रथाओं के विरुद्ध संघर्ष करते हुए, सामाजिक लोकतंत्र की प्राप्ति हेतु संघर्ष किया।

आर्थिक नीतियों के बारे में बाबासाहब के विचारों से परहेज किया गया। यह समझने की कोशिश नहीं हुई कि बाबासाहब अर्थशास्त्री थे तथा उनका अर्थदर्शन भी था। राजनीतिक प्रणाली, सामाजिक न्याय, संवैधानिक व्यवस्था संबंधी बाबासाहेब के विचारों तथा लोक कल्याण के दर्शन का मौलिक आधार उनका अर्थदर्शन ही था। उनके आर्थिक विचार 19वीं शताब्दी में पश्चिमी यूरोप के संरक्षणवाद से समानता रखते हैं जिसमें विदेशी प्रतिस्पर्द्धा से बचाते हुए, संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों के जरिए घरेलू उद्योगों के विकास का संकल्प है।

विचार

## एमएलसी चुनाव का दिखेगा असर

विधान परिषद चुनाव के नतीजे कई मायनों में खास हैं और आने वाले समय में यूपी की राजनीति पर इसका असर दिखाई देगा। भाजपा के लिए जहां दोनों सदनों में काम करना आसान होगा, वहीं अखिलेश यादव के लिए चुनौतियां और ज्यादा बढ़ सकती हैं।



उत्तर प्रदेश में एमएलसी चुनाव में भाजपा को विधान परिषद में स्पष्ट बहुमत मिला है। 36 सीटों में से 9 पर भाजपा ने पहले ही निर्विरोध जीत हासिल कर ली थी। 9 अप्रैल को 27 सीटों के लिए हुए मतदान के बाद आए नतीजों में भाजपा ने 33 सीटों पर जीत हासिल की है, दो सीटें निर्दलीय प्रत्याशियों के हिस्से गई हैं, वहीं एक सीट पर जनसत्ता दल को जीत मिली है। इस चुनाव में मुख्य विपक्षी दल सपा का सूपड़ा साफ हो गया। वहीं, बसपा और कांग्रेस ने इस चुनाव में प्रत्याशी ही नहीं उतारे थे। 40 साल में यह पहली बार है जब यूपी विधान परिषद में किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है। यह रिकॉर्ड भाजपा के नाम दर्ज हो गया है। इसके पहले 1982 में कांग्रेस के पास पूर्ण बहुमत था। यूपी विधान परिषद में 100 सीटें हैं। इनमें से 36 सीटों के लिए चुनाव हुए। नौ सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की।

विधान परिषद में बहुमत का आंकड़ा 51 का है। भाजपा के 67 एमएलसी हो चुके हैं। यानी बहुमत के आंकड़े से भी 16 ज्यादा। नतीजे आने के बाद विधान परिषद में भाजपा के 67 सदस्य हो जाएंगे। सपा के 17, बसपा के चार, कांग्रेस के एक, अपना दल (सोनेलाल) के एक सदस्य हैं। इसके अलावा दो शिक्षक एमएलसी, पांच निर्दलीय और एक निषाद पार्टी के सदस्य हैं। दो सीटें खाली हैं। विधान परिषद चुनाव के नतीजे कई मायनों में बेहद खास हैं और आने वाले समय में यूपी की राजनीति पर इसका असर दिखाई देगा। भाजपा को पहली बार विधान परिषद में बहुमत मिल जाने से योगी सरकार के लिए रास्ता आसान हो गया है। अब कोई भी कानून बनाने के लिए भाजपा को विपक्ष के समर्थन की आवश्यकता नहीं रह गई है। 100 में से 64 सीटों पर कब्जा होने के बाद योगी सरकार अब दोनों सदनों से किसी भी कानून को आसानी से पारित करा सकती है।

विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी में हाहाकार का सामना कर रहे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। पहले चाचा शिवपाल यादव और फिर आजम खान के खेमे की ओर से नाराजगी जाहिर किए जाने के बाद अब सपा अध्यक्ष के खिलाफ विरोध के सुर तेज हो सकते हैं। समाजवादी पार्टी का पश्चिम से पूरब तक सूपड़ा साफ हो गया है। दूसरी तरफ भाजपा को भी वाराणसी में करारी हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव और विधान परिषद चुनाव के बाद अब सभी दल 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटेंगे। इस चुनाव का लोकसभा चुनाव पर कोई सीधा असर तो नहीं होगा, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से भूमिका जरूर होगी। चूंकि इस चुनाव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने वोट डाला था और ताजा नतीजों ने उन पर भाजपा की पकड़ को साबित किया है, ऐसे में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मनोबल बढ़ेगा तो वहीं सपा को अपने कैडर की निराशा दूर करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

# बाबासाहब के दर्शन में समता का भाव

श्रीमद् भगवद्गीता में कहा गया है-

**यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।**
**स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।**

अर्थात् जिस तरह का आचरण महापुरुष करते हैं, सामान्य व्यक्ति उसी का अनुसरण करता है। महापुरुष अपने अनुसरणीय कार्यों से जो आदर्श प्रस्तुत करता है, सम्पूर्ण विश्व उसका अनुसरण करता है। समान्यतः जनसामान्य को सदैव एक ऐसे नेता की आवश्यकता होती है, जो व्यवहारिक आचरण के द्वारा जनता को जीवन पथ पर चलने की शिक्षा दे सके। भारतवर्ष ऐसे अनेकानेक महामानवों की जन्म स्थली है, जिन्होंने हर युग और हर काल में समाज का समुचित मार्गदर्शन किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और श्रीकृष्ण से लेकर महात्मा गांधी और बाबासाहब अंबेडकर तक न जाने कितने महामानवों ने समाज की रचना में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। अनादि काल से आज तक भारतवर्ष की सामाजिक संरचना जितनी सुदृढ़ है, कदाचित वैसी दृढ़ता विश्व के अन्य किसी भी समाज में नहीं है। हमारे देश की समाज व्यवस्था के इस सशक्त और व्यवहारिक होने के पीछे भारतवर्ष में जन्म लेने वाले अनगिनत महापुरुषों के मूल्यों और आदर्शों की थाती है।

आधुनिक भारत में बाबासाहब अम्बेडकर एक ऐसे महामानव हैं, जिन्होंने बुराइयों और कुरीतियों में फसे भारतवर्ष के हिन्दू समाज के उत्थान और पुनर्जागरण के लिए अनेक सार्थक प्रयास किए हैं। उन्होंने ऊंच-नीच, अस्पृश्यता व व्याप्त जातिगत् असामनता को समाप्त कर सामाजिक समता स्थापित करने के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किए। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को अछूत मानी जाने वाली महार जाति में हुआ था। वे भारतवर्ष के पहले अस्पृश्य नेता थे। उन्होंने समाज कल्याण विशेष रूप से समाज के दलित समुदाय के उत्थान के लिए सार्थक कार्य किए। स्वाधीनता उपरांत भारत के संविधान की रचना में शोषित, वंचित और दलित वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए समुचित प्रावधान उनके द्वारा ही किए गए।



बाबासाहेब की चिंता मात्र तात्कालिक समस्याओं पर नहीं थी अपितु उनकी दूरदृष्टि भावी भारतवर्ष की चुनौतियों पर भी थी। बाबासाहब के उपाय प्रासंगिक, तथा भारतीय जनमानस की भावनाओं के अनुकूल हैं। उनके विचार न केवल समता मूलक समाज की स्थापना का माध्यम बने अपितु 21वीं शताब्दी में देश की चुनौतियों का सामना करने में समर्थ हैं।

बाबासाहब अम्बेडकर सार्वभौमिक, समाज सुधारक, राजनेता और दार्शनिक थे। उनका व्यक्तित्व और उनके आदर्श संपूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय हैं। बाबासाहब भारतीय समाज में सामाजिक और जातिगत् अन्तर्विरोधों से परे एक महान् व्यक्तित्व हैं, किंतु वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में बाबा साहब को केवल दलितों के मसीहा के रूप में ही देखा जाता है। यह दृष्टिकोण बाबासाहब के विराट व्यक्तित्व को संकुचित करने जैसा है। बाबासाहब युगपुरुष हैं, वे किसी वर्ग विशेष के सत्वाधिकार से परे सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय और पूज्यनीय हैं। बाबासाहब के चिंतन में अन्तर्विरोधों के लिए कोई स्थान नहीं था। उनके आदर्शों, मूल्यों और सामाजिक संघर्ष को समझने भारतवर्ष की ऐतिहासिक और समकालीन सामाजिक व्यवस्था, स्थिति और कारणों को समझना आवश्यक है। वास्तव में मानव सभ्यता के जन्म के उपरांत जब मनुष्य ने सामाजिक जीवन जीना प्रारंभ किया, तब प्रत्येक समाज में सामाजिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए समाजोनुकूल व्यवस्थाएं स्वतः स्थापित होती चली गईं।

जहां तक समाज का संदर्भ है, हमारी सामाजिक व्यवस्था में सदियों तक कभी भी जाति व्यवस्था नहीं रही। प्राचीन भारत में कर्म के आधार पर समाज वर्ण व्यवस्था में विभक्त था और कदाचित् यह व्यवस्था समाज के सुचारू संचालन के लिए अपरिहार्य थी। कालांतर में वर्ण व्यवस्था विकृत होती चली गई और इसका विकृत रूप ही बाद में जाति व्यवस्था के रूप में सामने आया। यह जाति व्यवस्था सामाजिक असमानता और भेदभाव की परिचायक है। इसी दूषित जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के विरुद्ध आधुनिक भारत में बाबा साहब अम्बेडकर ने अपनी आवाज उठाई। बाबा साहब तत्कालीन समाज में व्याप्त दूषित जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के कारण निम्न जातियों के शोषण और मानवीय अत्याचारों से व्यथित थे। वे किसी वर्ण विशेष या सामान्य जातियों के विरोधी नहीं थे, बल्कि शिक्षा और परिश्रम के बल पर निम्न जातियों का उत्थान कर सामाजिक समता स्थापित करना चाहते थे।


वर्तमान भारतवर्ष की सामाजिक व्यवस्था में भी जातिप्रथा विद्यमान है। किंतु जातिगत् अस्पृश्यता और कठोरता में निश्चित रूप से बहुत कमी आई है। सच यह है, कि हमारा समाज सकारात्मक रूप से बदल रहा है। समाज में सामाजिक समरसता स्थापित हो रही है। जातिगत् भेदभाव और छुआ-छूत की भावना धीरे-धीरे खत्म हो रही है। हमें यह स्वीकार्य करना पड़ेगा कि सदियों तक समाज में अपनी जड़ों को जमाए रखने वाली कोई व्यवस्था एक दम से समाप्त नहीं हो सकती, लेकिन हमें यह विश्वास अवश्य होना चाहिए कि आने वाले निकट भविष्य में भारतीय समाज से अगर जाति व्यवस्था समाप्त नहीं भी होगी तो पूर्णतः प्रभावहीन अवश्य हो जाऐगी। जिस तरह से समाज आधुनिकीकरण के अनुरूप परिवर्तन प्राप्त कर रहा है, उससे एक बात तो स्पष्ट है कि आने वाले निकट भविष्य में भारतवर्ष में जातिगत कठोरता और भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं रहेगा।

यह सच है, कि भारतवर्ष की हिन्दू सामाजिक व्यवस्था अनेक वर्गों एवं जातियों में विभक्त है। किंतु यह भी सच है कि सभी जातियां सनातन हिन्दू संस्कृति का अटूट हिस्सा हैं। वर्तमान समय में भी जाति के आधार पर सामाजिक द्वंद हमारे भारतीय समाज में व्याप्त हैं। ब्राह्मणवाद, मनुवाद और जय भीम जैसे पृथकतावादी विचारों के आधार पर एक अदृश्य सामाजिक विभेदीकरण हो रहा है। यह विभेदीकरण सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए अत्यंत घातक है। यह विभेदीकरण हमारी महान् हिन्दू संस्कृति के लिए विष के समान है। इससे वैमनस्य की भावना बढ़ेगी व सामाजिक विघटन का संकट उत्पन्न होगा। इस दिशा में संपूर्ण हिन्दू समाज को गंभीरता से चिंतन करना अपरिहार्य है। हमें हमेशा एक बात याद रखना आवश्यक है, कि अम्बेडकर कभी भी सामाजिक विभेदीकरण नहीं चाहते थे, वे तो सामाजिक एकता, समता और बंधुत्व के पक्षधर थे। उनके इन्हीं आदर्शों और मूल्यों की स्पष्ट झलक संविधान की प्रस्तावना में भी दिखाई देती है।

अगर हम बाबासाहब के जीवनदर्शन को बारीकी से समझें तो हम पाएंगे कि निश्चित रूप से बाबा साहब तत्कालीन दलित और अस्पृश्य समाज के समुचित कल्याण और उत्थान के लिए चिंतित थे और इसके लिए निरन्तर प्रयत्नशील भी रहे, किन्तु बाबासाहब का चिंतन कभी भी ब्राह्मण विरोधी या सवर्ण विरोधी नहीं रहा। वे भारतीय समाज के एक ऐसे स्वरूप की कल्पना करते थे, जहां सभी लोग सुखी, संपन्न और समान मानवीय अधिकार प्राप्त हों। अगर हम बाबासाहब के जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं के मूलभाव को समझनें का प्रयत्न करेंगे तो स्पष्ट हो जाएगा कि बाबासाहब के हृदय में सामाजिक अंतर्विरोध की भावना कदापि नहीं थी। वे ऐसा समाज चाहते थे, जिसमें भेदभाव न हो।

## हंसयोगी भगवान महावीर स्वामी की कुंडली

अहिंसा के अवतार भगवान स्वामी के जन्म के समय निर्मल नभ मंडल में मकर लग्न उदय में थी। मकर लग्न में मंगल और केतु ग्रह अवस्थित हैं। मंगल, गुरु और शनि क्रमशः लग्न में मकर राशि गत सूर्य चतुर्थ भवन में मेष राशि गत, गुरु सप्तम भवन में कर्क राशि गत एवं शनि दसम भवन में तुला राशि गत होकर उच्च राशिगत है। जन्मांक में मंगल उच्च राशि गत होकर रूचक नामक योग बनाता है। ज्योतिष सिद्धांतानुसार इस योग में जन्म लेने वाले जातक का शरीर अत्यन्त बलिष्ठ और बज्रमयी होता है। ऐसा व्यक्ति अपने सम्यक विचारों तथा सत्कार्यों से विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त करता है। ऐसा जातक सम्राटों का सम्राट तथा प्राणी-मात्र उसकी आज्ञा मानने के लिए सदा तत्पर रहते हैं। रूचक महायोग वाला महापुरुष अपने भक्त और श्रद्धालुओं से चारों ओर से घिरा रहता है। ऐसा जातक प्रलोभन या दबाव में आकर अपने निश्चिय को कभी नहीं बदलता। सूर्य और बुध के मेष राशि में स्थित होने से लग्न में बैठे हुए मंगल की और भी अधिक विशेषता होती है। मंगल पर गुरु की सप्तम दृष्टि ने जातक के शरीर को सर्वोत्कृष्ट कुल में जन्म लेने का अधिकार प्राप्त कराया।




केतु ग्रह कह रहा है कि मुझमें अकस्मात परिवर्तन लाने का विशिष्ट गुण है तथा मुक्ति दिलाने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस जातक के शरीर को अचानक ही परिवर्तनशील बनाऊंगा एवं समस्त ऐहिक सुखों से वंचित करके एक अनोखे आदर्श पथ पर चलने के लिए जातक के शरीर को बाध्य करूंगा। पुनश्चः केतु ग्रह कह रहा है कि मैं तुच्छ विषय सुखों की ओर ले जाऊंगा। क्योंकि मुझमें उच्च के सूर्य, मंगल एवं गुरु के गुण विद्यमान हैं। गुरु की सत्कृपा से और ग्रहों के योगा योग से भगवान महावीर को यश कीर्ति उपलब्ध हुई जो आज तक न भुलाई जा सकी है और न युगांतरों तक भुलाई जा सकेगी। शनि कह रहा है, मैं अपने समस्त गुण शुक्र को दे रहा हूं, क्योंकि मेरी गति मंद है। मैं अपने मित्र शुक्र को आज्ञा देता हूं, कि तुम भौतिक सुखों का त्याग कर तप त्याग पूर्वक ऐसी ऋद्धि-सिद्धियां प्राप्त कराना, जिससे तीनों लोकों में भगवान महावीर स्वामी का नाम प्रख्यात रहे तथा हमेशा उनकी पूजा एवं अर्चना, उपासना होती रहे। आज भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव है। आप सभी से अनुरोध है कि भगवान महावीर स्वामी के बताए हुए सन्मार्ग पर चलकर उनके अगणित असंख्य अनुयायी भक्तजन और श्रद्धालुजन उनका बारम्बार स्मरण करें।

खास खबर

## रामनवमी के अवसर पर कलमवीर विचार मंच ने किया काव्योत्सव का आयोजन



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** कलमवीर विचार मंच द्वारा श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में सेक्टर 9 स्थित कृष्ण कुंज में काव्योत्सव का आयोजन किया गया। दिल्ली के प्रसिद्ध कवि मनीष मधुकर के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम का संचालन युवा शिक्षाविद सुनीता सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ रचनाकार सतपाल स्नेही ने की। इस अवसर पर उपस्थित विरेन्द्र कौशिक, कुमार राघव व अनिल भारतीय ने भी भगवान राम को अपने शब्द पुष्प अर्पित करने के अलावा जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित अपनी रचनाओं से मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे दिल्ली से पधारे कवि मनीष मधुकर को संस्था द्वारा शाल व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मधुकर ने भरत की पत्नी माण्डवी सहित रामायण और महाभारत के पात्रों पर आधारित अपनी रचनाओं से खूब वाहवाही बटोरी। स्नेही जी के काव्य पाठ व अध्यक्षीय संबोधन के साथ रात नौ बजे तक चले इस काव्योत्सव का समापन हुआ। काव्योत्सव में प्रस्तुत कुछ रचनाओं की बानगी देखिए...

मैने जब भी जीना चाहा नेह के एहसास को,
राम की तरह मुझे जाना पड़ा बनवास को।

स्वर्ण की शैय्या को तजकर, बस बिछा कर घास को, राम जी सोये धरा पर ओढ़कर आकाश को।-मनीष मधुकर

हरदम ऊँचे-ऊँचे परबत-सी बातें करता रहता है, कंकर-पत्थर क्या बोलेंगे,ये तो सोच लिया कर तू।

**-सतपाल स्नेही**

लोग जो बदशक्ल होते जा रहे हैं,
आईना वो कौम को दिखला रहे हैं।
रेत में कश्ती चलायेंगे वही अब,
जो मरुस्थल को नदी बतला रहे हैं।
-कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

कभी-कभी तो ये सवाल,
मन को बहुत सताता है।
राम का नाम अधिकांश लोगों को
बुरे वक्त में ही क्यों याद आता है?
-वीरेन्द्र कौशिक

मेरे प्यारे से बचपन में, लम्हें अनमोल हजार मिले, कुछ रूठे, कुछ बिछड़ गए, कुछ सात समंदर पार मिले।
-सुनीता सिंह

पुष्प वाटिका के सभी काम नहीं आएंगे,
पर्वती पाषाण सभी धाम नहीं पाएंगे।
उम्र ये गुजारो चाहे मंदिरों की चौखटों पे,
कर्म बिना हिस्से में राम नहीं आएंगे।
-कुमार राघव

गुमनामी में बीती पुश्तें, सदियों से गुमनाम रहा,
भीतर तेरे राम बिराजे उनसे भी अनजान रहा।
-अनिल भारतीय गुमनाम

## सैलजा का हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा!

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** पंजाब के बाद अब हरियाणा कांग्रेस में भी उठापटक के संकेत मिलने लगे हैं। सूचना आ रही है कि हरियाणा कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन बताया जा रहा है कि शैलजा ने शनिवार को कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्षा सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़ने की पेशकश कर दी थी। वहीं हरियाणा प्रभारी विवेक बंसल ने कुमारी सैलजा के इस्तीफे देने की सूचनाओं को खारिज किया है। बता दें कि हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी जोरों पर है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस में संतुलन साधने के लिए पूर्व सांसद कुमारी सैलजा को प्रधान की कुर्सी पर बैठाया गया था। पंजाब और यूपी चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद से ही प्रदेश कांग्रेस में भी हलचल तेज है।

# राष्ट्रवादी प्रतिभाओं के सम्मान से ही विश्व गुरू बनेगा भारत- प्रो. रतनलाल

## रामनवमी पर आजादी की अमृत गाथा में आरजेएस फैमिली ने महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** वी डी सावरकर और लाला हरदयाल जैसे क्रांतिकारियों के साथी और 8 भाषाओं के ज्ञाता भारत के प्रथम राष्ट्रवादी इतिहासकार काशी प्रसाद जायसवाल के व्यक्तित्व और कृतित्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए समाज और सरकार को आगे आकर काम करना चाहिए। यह कहना है दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर और अंबेडकरनामा के प्रधान संपादक डॉ रतन लाल का। साथ ही उन्होने कहा कि ऐसी राष्ट्वादी प्रतिभाओं के सम्मान से ही भारत एक बार फिर विश्व गुरू बन सकेगा। राष्ट्वादियों के विचार नई पीढ़ी तक ले जाने की जिम्मेदारी इस पीढ़ी को है। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान महावीर, सम्राट अशोक, महात्मा फुले, डॉ. अंबेडकर, मंगल पांडे, बंकिम चंद्र चटर्जी, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और फणीश्वर नाथ रेणु को श्रद्धांजलि देकर आजादी की अमृत गाथा के 63वें कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के संरक्षक और आर जे एस सूचना केंद्र के प्रभारी इंद्राज सिंह सैनी ने किया। चौधरी इंद्राज सिंह सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट प्रथम भारत एक परिवार विश्व एक घर की बिहार यात्रा में आज के अतिथियों के विचारों को पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आरजेएस सकारात्मक भारत उदय बिहार यात्रा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि



उदय मन्ना के नेतृत्व में 14 अप्रैल से शुरू होगी आरजेएस की सकारात्मक भारत-उदय बिहार यात्रा। धन्यवाद ज्ञापन प्रियंका सिन्हा ने किया। वहीं सफल संचालन उदय मन्ना ने किया। शिक्षण प्रथम प्रशिक्षण सर्वोत्तम विषय पर आयोजित वेबिनार को राम जानकी संस्थान आरजेएस के राष्ट्रीय संयोजक उदय मन्ना के नेतृत्व में तपसिल जाति आदिवासी प्रकटन्न सैनिक कृषि बिकाश शिल्पा केंद्र गुंटेगेरी, हुगली,पश्चिम बंगाल के सचिव सोमेन कोले ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. हरि सिंह पाल ने कहा प्रतिभा ज्यादा दिन तक दबाई नहीं जा सकती, संघर्ष के बल पर महापुरुषों ने अपनी जगह बनाई है और उनके प्रेरक जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. बी आर अंबेडकर कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर सूचित कुमार ने कहा कि न्याय, बंधुता, समानता और स्वतंत्रता के सवाल का हल ही समाज के विकास का प्रथम चरण है। वेबीनार में अतिथि वक्ता आर डी मौर्य ने कहा कि 24 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा में अशोक अष्टमी समारोह आयोजित किया जा रहा है। अतिथि वक्ता एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक जे एस राजपूत ने कहा कि भारत के समेकित विकास का रास्ता गांव के सरकारी स्कूलों से निकलेगा जिनकी साख और स्वीकार्यता चिंतनीय है। सरकार नए विश्वविद्यालयों को समुचित शैक्षणिक व्यवस्था के साथ खोलें। अतिथि वक्ता द टेंपल ऑफ अंडरस्टैंडिंग इंडिया फाउंडेशन के महासचिव डॉ एके मर्चेंट ने कहा की बहाई और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ 9 वर्षीय विश्वव्यापी योजना शुरू की गई है। सेवा का क्षेत्र शैक्षणिक है जिसमें व्यक्ति संस्था और समुदाय में मानव जाति के कल्याण की कोशिश की जाएगी। आरजेएस सूचना केंद्र पटेल नगर दिल्ली के प्रभारी सुरजीत सिंह कोहली दीदेवार ने बताया किसी एक का अनुभव दूसरे का ज्ञान होता है। डा आर के गुप्ता, अरूण कात्यायन, विक्रम सिंह आदि ने वेबिनार में अपने विचार रखे। आज के पॉजिटिव स्पीकर्स ओमप्रकाश झुनझुनवाला, प्रेमप्रभा झा, इशाक खान और प्रियंका सिन्हा रहीं।

## केंद्रीय गृहमंत्रालय ने जवानों वास्ते फ्री हवाई कुरियर सेवा पर दिया स्पष्टीकरण

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** गत 1 अप्रैल से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों वास्ते फ्री हवाई कुरियर सेवा जोकि नार्थ ईस्ट व जम्मू श्रीनगर के लिए बंद कर दी गई थी अब फिर से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चालू करने वास्ते स्पष्टीकरण दिया गया है। कॉनफैडरेसन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन ने इसे सैनिकों के हको की जीत बताया है तथा सरकार का आभार प्रकट किया है। बता दें कि कॉनफैडरेसन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन ने इस मुद्दे पर बड़ी मुहीम चलाई थी जिसका असर अब देखने को मिल रहा है। प्रैस इनफार्मेसन ब्यूरो गृह मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा अपने ट्विटर हैंडल से बताया गया कि पहले ही एयर इंडिया द्वारा सेवाओं को जारी रखने के लिए मंजूरी दे चुका है। निविदा को भी अंतिम रूप दे दिया गया है और इस संबंध में आदेश जारी किए जा रहे हैं। साथ ही हवाई यात्रा के कारण देय राशि का भुगतान भी समयनुसार किया जाएगा। गृह मंत्रालय प्रवक्ता ने बताया कि एयर इंडिया के निजीकरण के परिणामस्वरूप सीमा सुरक्षा बल द्वारा निविदाओं को अंतिम रूप देने में थोड़ी देरी अवश्य हुई। फिर से फ्री हवाई यात्रा शुरू करने बारे नोडल एजेंसी बीएसएफ के एक वरिष्ठतम अधिकारी ने भी महासचिव को कल ही अवगत कराया था जिसमें एयर इंडिया के टाटा हस्तांतरण को वजह बताया गया।

# दिल्ली में शहरी आजीविका मिशन ने किया आजीविका मेले का आयोजन





नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** भारत सरकार की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत पुष्पविहार दिल्ली के गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आजीविका मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर दीन दयाल अंत्योदय योजना के तहत कौशल प्रशिक्षित लाभार्थियों की नियुक्ति की सुविधा के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम 306 उम्मीदवारों ने प्लेसमेंट ड्राइव के लिए अपना पंजीकरण कराया और विभिन्न क्षेत्रों में खुलने वाली 20 से अधिक कंपनियों द्वारा उनका साक्षात्कार लिया गया। मेला विशेष रूप से शहरी लोगों के लिए समग्र आजीविका परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए एक पहल है जिसके माध्यम से दिल्ली की गरीब आबादी की उद्योग और नौकरी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'आजीविका मेला' की अवधारणा में प्रमुख प्रेरक शक्ति, के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना है।



एनयूएलएम के विभिन्न घटकों के तहत विविध गतिविधियां के तहत मेला में स्वरोजगार कार्यक्रम में छोटे व्यवसायों के लिए सुविधाजनक ऋण आवेदन (एसईपी), सामाजिक स्तर के तहत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) उत्पादों का घटक और प्रचार, एनयूएलएम के तहत मोबिलाइजेशन एंड इंस्टीट्यूशन डेवलपमेंट (एसएम एंड आईडी) घटक पर काम किया जा रहा है। रविवार को इस मेले में 306 उम्मीदवारों ने प्लेसमेट ड्राइव के लिए अपना पंजीकरण कराया और करीब 20 कंपनियों द्वारा उनका साक्षात्कार लिया गया। पहले चरण में 306 में से 59 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार के अंतिम दौर में सफलता प्राप्त की और उन्हे मौके पर ही कंपनियों से प्रस्ताव पत्र प्राप्त हुए। वही दूसरे दौर में 98 उम्मीदवारों का चयन किया गया है जिनका साक्षात्कार इसी सप्ताह आयोजित किया जाना है। एनयूएलएम टीम को महत्वाकांक्षी शहरी गरीब उद्यमियों द्वारा 28 ऋण आवेदन प्राप्त हुए और दस्तावेज़ संग्रह और आगे की प्रक्रिया के लिए जिला टीमों को भेजा गया था। स्वयं सहायता समूहों ने भाग लेने वाले बैंकों से अपनी बैंक पासबुक प्राप्त की जिसमें उनका एसएचजी खाता खुल गया है। एनयूएलएम के तहत एसएचजी निरंतर प्राप्त कर रहे हैं। बड़ी आबादी को योजना का लाभ देने के लिए उत्पाद मानकीकरण से लेकर विपणन तक के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण समर्थन संबंध स्थापित किये जा रहे हैं। वहीं एसयूएलएम, दिल्ली मौजूदा कार्यबल, कौशल ट्रेनिंग में रुचि रखने वाले कौशल को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उम्मीदवारों को उनकी पसंद के पाठ्यक्रमों में, प्रमाणित करं, उनके लाभार्थियों को नौकरी प्रदान करवाने की योजना है।

## नयी साहित्यिक संस्था नवल रश्मि ने किया काव्योत्सव का आयोजन



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साहित्यकारों द्वारा बनाई गई नयी संस्था 'नवल रश्मि' द्वारा नांगलोई स्थित सुरभि म्यूजिक स्टूडियो में एक भव्य काव्योत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली व हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए अनेक रचनाकारों ने भाग लेकर श्रृंगार, व्यंग्य और ओज की रचनाओं से समां बाँधा। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती निधि भार्गव मानवी की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सभी कवियों, कवयित्रियों का संस्था द्वारा विधिवत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम

**युवा कवयित्री मनीषा जोशी की सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम का संचालन असलम बेताब ने किया।**

युवा कवयित्री मनीषा जोशी की सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम का संचालन असलम बेताब ने किया। जाने माने उर्दू शायर सीमाब सुल्तानपुरी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, जय सिंह आर्य व दिलदार देहलवी के सानिध्य में रत्नेश अवस्थी, सुनीता सिंह, मनीषा जोशी, रंजीता सिंह फलक, कुसुम लता सिंह, डा चन्द्रसेन, विरेन्द्र कौशिक, असलम बेताब, महेश वर्मा, डॉ. साक्षात भसीन, असलम जावेद, इब्राहिम अल्वी, रश्मि अभय, उपेन्द्र फतेहपुरी, मनोज कामदेव, रंजना मजूमदार, उमंग सरीन, राजेश तंवर, प्रदीप सुमनाक्षर, पंकजोम प्रेम ,कोमल वाणी, असलम जावेद, सुनयना, मनीषा यादव, अंजू शर्मा, विनोद पराशर, राम श्याम हसीन, राजीव तनेजा, संजू तनेजा, वेद ऋचा माथुर, सुदेश भारद्वाज, निधि भार्गव मानवी, सुरेन्द्र आहूजा और सुनील तंवर इत्यादि ने शिरकत की।

## आधुनिक कृषि पारितंत्र को कैसे आकार दे रही है ड्रोन-समर्थित प्रौद्योगिकी?

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए उसके कृषि क्षेत्र में बदलाव एक अनिवार्य शर्त होती है। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि लगभग प्रत्येक देश की आकांक्षा होती है कि वह उच्च-आय की अवस्था प्राप्त करे और इस लक्ष्य की दिशा में कृषिक विकास का महत्वपूर्ण योगदान होता है। खासकर भारत जैसे देश में जहाँ कम-से-कम 60 फीसदी आबादी अपनी आमदनी के मुख्य स्रोत के रूप में कृषि पर आश्रित है, कृषि क्षेत्र में स्थायित?वपूर्ण विकास निर्णायक भूमिका निभाता है। वर्तमान में, कृषि क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18 फीसदी अंशदान करता है (जर्मन डेटाबेस कंपनी, स्टैटिस्टा के अनुसार)। और भारत के आर्थिक विकास में इसके लगातार भारी योगदान करने के पीछे सबसे बड़े कारणों में से एक कारण यह है कि यह क्षेत्र प्रौद्योगिकी को लगातार अपनाता रहा है। भारतीय खेती वक्त के साथ कदमताल नहीं कर पाई, क्योंकि उसे उदारीकरण, भूमंडलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी से कारगर तरीके से जोड़ा नहीं गया। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार कृषि उत्पादन से लेकर बिक्री तक में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है, ताकि खेती-किसानी फायदे का सौदा बन सके। इस दिशा में किसान रेल और किसान उड़ान के बाद सरकार की अनूठी पहल है किसान ड्रोन। आज कृषि सहित लगभग प्रत्येक उद्योग में इसका सबसे बड़ा संरक्षक है प्रौद्योगिकी। कृषि मूल्यों और प्रौद्योगिकीय नवाचारों के लाभदायक मिश्रण से अधिक हरे-भरे, उत्पादक और संवहनीय भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इस प्रकार का एक प्रौद्योगिक आविष्कार है ड्रोन टेक्नोलॉजी। ड्रोन को आधिकारिक रूप से मानवरहित हवाई वाहन यानी अन्मैंड एरियल व्हीकल्स (यूएवी) और मानवरहित विमान प्रणाली (अन्मैंमैंड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स) कहा जाता है।

विकास

**यह निवेश भारत में लग्जरी चॉकलेट उद्योग में विकास में तेजी, बाजार विस्तार और वर्चस्व को बढ़ावा देगा**

# लग्जरी चॉकलेट ब्रांड स्मूर अब 50 मिलियन डॉलर से अधिक का हुआ, रेबेल फूड्स ने बड़ी हिस्सेदारी खरीदी


नजफगढ़ मैट्रो न्यूज




**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट रेस्तरां कंपनी रेबेल फूड्स ने आज लक्जरी चॉकलेट ब्रांड, स्मूर में अपने निवेश की घोषणा की। इस तरह कंपनी ने 'थ्रेसियो ऑफ फूड' के तौर पर अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। यह रेबेल फूड्स की हालिया घोषणा के मुताबिक है, जिसमें आने वाले वर्षों में 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की गई है। कंपनी की तरफ से किया जाने वाला निवेश क्लाउड किचन की श्रेणी के तहत और अधिक खाद्य श्रेणियों के जरिए ग्राहकों की सेवा करने के मकसद से बेहतर ब्रांड में निवेश और अधिग्रहण की रणनीति का हिस्सा है। इस निवेश के साथ स्मूर का लक्ष्य वर्ष 2022-23 में तीन गुना वृद्धि करना है। स्मूर ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी जबरदस्त विकास और मजबूत ग्राहक प्रतिक्रिया देखी है और यह साझेदारी ब्रांड के विकास को मजबूत करने में और मदद करेगी। स्मूर ने देश में अकेले ही उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली कवर्चर चॉकलेट और बारीकी से डेजर्ट (खाने के बाद परोसा जाने वाला मीठा) को तैयार और विकसित किया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान 40 फीसदी से अधिक की सीएजीआर दर उद्योग औसत से अधिक है और इस यह इस क्षेत्र में कंपनी की नेतृत्व की स्थिति को दर्शाता है। यह प्रामाणिक सामग्रियों को एक साथ लाता है और चॉकलेट, सिग्नेचर केक, गिफ्ट हैम्पर्स, डेज़र्ट, पेय और अन्य समेत उत्पादों की एक प्रीमियम श्रृंखला प्रदान करता है। यह उनके सिग्नेचर लाउंज, कैफे, कियोस्क, स्वयं के डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ-साथ ऑनलाइन एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। स्मूर ब्रांड ने पिछले साल से 120 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी की है और भारत और विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करके 2026 तक 100 मिलियन डॉलर के वार्षिक राजस्व का एक लक्ष्य हासिल करना चाहता है।

# साइबर थानों की पुलिस को दक्ष बनायेगी इफ़्सो यूनिट, कमिश्नर ने दिए निर्देश

## दिल्ली पुलिस के 15 जिलों के सभी साइबर थानों के अधिकारी व कर्मी लेगें ट्रेनिंग






नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** देश की राजधानी में बढ़ रहे साइबर अपराध को देखते हुए दिल्ली पुलिस खुद को तकनीकी रूप से मजबूत बना रही है। कुछ ही माह पूर्व दिल्ली पुलिस ने सभी 15 जिलों में साइबर थानों की शुरुआत की थी। लेकिन अभी तक इन थानों में तैनात अधिकारी साइबर अपराध इन्वेटिगेशन में अधिक कार्यकुशल नही थे लेकिन अब पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने साइबर थानों के स्टाफ को कार्यकुशल बनाने के लिए इफ़्सो यूनिट को यह जिम्मेदारी सौंपी है। श्री अस्थाना ने कहा कि इफ़्सो यूनिट सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध इन्वेस्टिंग का प्रशिक्षण देगी। दिल्ली पुलिस साइबर अपराध को रोकने के लिए लगातार जरूरी कदम उठा रही है। हाल ही में आयोजित बैठक में पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने साइबर पुलिस थानों में आने वाली शिकायतों पर कम एफआईआर दर्ज होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सभी जिला डीसीपी को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों को एफआईआर में बदला जाए। इससे अपराधियों के पकड़े जाने पर ज्यादा मामले सुलझेंगे और अदालत से उनके लिए बचना मुश्किल होगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि साइबर पुलिस स्टेशन के सभी जांच अधिकारियों को इफ़्सो (स्पेशल सेल की साइबर यूनिट) यूनिट द्वारा ट्रेनिंग देने की जरूरत है। उन्होंने बारी-बारी इन पुलिस थानों में तैनात जांच अधिकारियों को इफ़्सो यूनिट में जाकर ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पहले से साइबर ट्रेनिंग पा चुके जांच अधिकारियों को भी रिफ्रेशर कोर्स करने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने स्पेशल सीपी एचआरडी को निर्देश दिए हैं कि वह ऐसे पुलिसकर्मियों की सूची तैयार करें, जिन्हें टेक्निकल जानकारी है। उन्हें साइबर पुलिस थानों में तैनात किया जाए ताकि साइबर अपराध पर लगाम लगाने में पुलिस मजबूती से काम कर सके। दिल्ली पुलिस के पूर्व डीसीपी एलएन राव ने बताया कि पुलिस कमिश्नर द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद अहम है। आज के समय में वैसे जो नए पुलिसकर्मी भर्ती हो रहे हैं, उन्हें तकनीकी ज्ञान काफी ज्यादा होता हैं इसके साथ ही ट्रेनिंग के दौरान भी उन्हें कंप्यूटर कोर्स आदि की जानकारी दी जाती हैं। साइबर थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को इफ़्सो यूनिट द्वारा प्रशिक्षण मिलने से वह बेहतर ढंग से काम कर सकेंगे। दिल्ली पुलिस की इफ़्सो यूनिट साइबर अपराध के खिलाफ काम करने में माहिर है। इनके द्वारा जब साइबर थानों के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण मिलेगा तो वह साइबर अपराध को सुलझाने में सक्षम बनेंगे। इससे निश्चित तौर पर आने वाले समय में साइबर अपराध में कमी देखने को मिलेगी। पूर्व डीसीपी एलएन राव ने बताया कि साइबर अपराध रोकने में सबसे बड़ा हथियार जागरूकता बन सकता है। दिल्ली पुलिस लगातार प्रयास करती है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें।

खास ख़बर

## एक बार फिर आईजीआई एयरपोर्ट पर विदेशी नागरिक 18 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर कस्टम विभाग ने एक विदेशी नागरिक को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ड्रग स्मग्लर के कब्जे से 18 किलो हेरोइन बरामद की है। ड्रग स्मग्लर कीनियाई नागरिक है और वह नैरोबी से दोहा होते हुए दिल्ली पहुंचा है। उसकी दो ट्रॉली बैग से हेरोइन के पैकेट बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। कस्टम अधिकारी ने बताया कि आरोपी आज सुबह दोहा के रास्ते नैरोबी से दिल्ली पहुंचा। टर्मिनल 3 पर इमिग्रेशन क्लियरेंस के बाद ग्रीन चैनल को पार करने के दौरान तैनात कस्टम की टीम ने रैंडम चेकिंग की। चेकिंग के दौरान उसे रोका गया और उसकी दो ट्रॉली बैग की तालाशी ली गई। तलाशी के दौरान कुछ भी नहीं मिला, लेकिन खाली ट्रॉली बैग का वजन सामान्य से अधिक लगा। शक होने पर जब जांच की गई तो ट्रॉली बैग का बॉटम अधिक मोटा दिखा। इसके बाद टीम ने उसमें अंदर से लगाए गए फॉल्स बॉटम को निकाला। जिसमें प्लास्टिक के पैकेट मिले। इन पैकेट्स में व्हाइट पाउडर भरे हुए थे। जांच करने पर ये व्हाइट पाउडर हेरोइन निकली। जिसे कस्टम विभाग ने जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस व कस्टम एक्ट तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। अफसर देश के भीतर उसके नेटवर्क का सुराग लगाने में जुटे हैं।

## करोड़ों की लूट मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने रखा 5 लाख का ईनाम

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** हरियाणा के रोहतक में हुई 2.62 करोड़ की लूट मामले में पुलिस को अभी तक कोई सुराग हासिल नही हुआ है। हालांकि इस मामले में पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस आरोपितों की तलाश में दिन रात एक किए हुए हैं। गांवों में मुनादी करवाई जा रही है। जगह जगह बदमाशों के पोस्टर लगाए जा रहे हैं। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ ईनाम 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रूपये कर दिया है। रोहतक में कैश वैन से 2 करोड़ 62 लाख की लूट करने वाले बदमाशों के खिलाफ हरियाणा पुलिस ने पांच लाख का इनाम रख दिया है। पुलिस ने इससे पहले बदमाशों पर दो लाख का इनाम रखा था। आरोपित हाथ न आते देख इनाम बढ़ाया गया है। साथ ही टिटौली के एक मकान से दो संदूक बरामद हुए हैं। इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मकान मालिक का कहना है कि वह नहर पर अन्य लोगों के साथ सफाई करवाने गए थे। जहां उन्हें संदूक पड़े मिले थे। इसलिए वह संदूक घर ले गए। पुलिस हर पहलू से जांच आगे बढ़ा रही है। क्योंकि बदमाश सेक्टर एक से टिटौली तक पहुंचे हैं, इसके बाद उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। हो सकता है कि वह टिटौली गांव से होते हुए कहीं फरार हुए हों या यहीं छिपे हुए हों। इस आधार पर गांवों में छापेमारी की जा रही है। पुलिस आरोपितों की तलाश में दिन रात एक किए हुए हैं। पुलिस बदमाशों की धर पकड़ के लिए साइबर सैल की मदद ले रही है। इसके साथ ही घटनास्थल से मोबाइल डंप उठाए गए हैं। इस मामले में खुद डीजीपी पी के अग्रवाल व आईजी ममता सिंह मामले में पूरी रिपोर्ट ले रहे हैं। महम एएसपी हेमेंद्र कुमार मीना के नेतृत्व में पांच टीमें जांच कर रही हैं। पुलिस का दावा है कि मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि मामले के अनुसार, शशी प्रकाश निवासी खरक खुर्द भिवानी सीएमएस कंपनी में कैशियर है।

## यूपी में प्राइवेट स्कूलों की खुली लूट पर आप ने साधा भाजपा पर निशाना




नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने यूपी में प्राइवेट स्कूलों की खुली लूट पर भाजपा पर निशाना साधते हुए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने यूपी में प्राइवेट स्कूलों को लोगों को लूटने का लाइसेंस दे दिया है। जबकि आम आदमी पार्टी ने स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर रोक लगा दी है। रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न हुए चार राज्यों में चुनावी नतीजे आने के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जनता के हित में काम करना शुरू कर दिया और निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाए जाने पर लगाम लगाई गई है। वहीं दूसरी तरफ यूपी में शासित बीजेपी की सरकार ने निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने की इजाजत दी है। देश की राजधानी दिल्ली में इन दिनों सियासी पारा पूरी तरीके से गरमाया हुआ है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने पिछले सात साल में प्राइवेट और निजी स्कूलों को मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने पर लगाम लगाई है। साथ ही जिस स्कूल कोर्स की फीस बढ़ानी होती है, उसके लिए यह सिस्टम बनाया कि स्कूलों के खाते चेक करने के बाद हम स्कूलों को फीस बढ़ाने की इजाजत देंगे। कोरोना के बाद लोगों की नौकरियां गई हैं, लोगों के पास पैसे नहीं हैं। सरकारी स्कूल ठीक नहीं किए जा रहे हैं।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आगे अपनी बात रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या गाज़ीपुर लैंडफिल साइट है, जो दिल्ली का एक बहुत बड़ा कष्ट है। 17 साल में भाजपा ने पूरी दिल्ली को कूड़े के पहाड़ में ही बदला है। अब जबकि दिल्ली की जनता ने मन बना लिया था कि बीजेपी के कुशासन से मुक्ति पाकर अरविंद केजरीवाल को मौका देंगे, ताकि वे कूड़े के पहाड़ खत्म करें, तो ठश्रच् ने चुनाव टाल दिया। कूड़े के पहाड़ भ्रष्टाचार की वजह से बने हुए हैं। ये एमसीडी का चुनाव करवाएं, हम इसे तुरंत ठीक करेंगे।

## हरियाणा में एक ही दिन में किसानों की 450 एकड़ गेंहू की फसल जलकर हुई राख



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** देश में गर्मी की आहट के साथ ही आग की घटनाऐं बढ़नी शुरू हो गई है। रविवार को हरियाणा में एक ही दिन में 450 एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख हो गई है। हरियाणा के पांच जिलों में भड़की इस आग ने किसानों के सपनों को खाक कर दिया है।

जींद के कालवन गांव में रविवार दोपहर को खेतों में आग भड़क उठी। इस आगजनी में गांव कालवन और सुलहेडा के 70 से अधिक किसानों की 150 एकड़ गेहूं की फसल जल गई। करनाल जिले के गांव काछ्वा में रीपर से निकली चिंगारी से खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई और करीब 200 एकड़ गेंहू की फसल जल गई। सोनीपत के गांव झुंडपुर व सबोली में करीब 75 एकड़ और रोहतक के गांव सांघी व जसिया में 14 एकड़ फसल और एक ट्रॉली जल गई। जींद में आग बुझाने के लिए नरवाना से फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं मिल पाई। इसके बाद टोहाना से दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कालवन तथा सुलहेडा की 150 एकड़ से ज्यादा गेहूं फसल जल कर राख हो चुकी थी। किसानों ने बताया कि यहां खेत में रीपर से तूडी बनाते समय चिंगारी उठी और आग लग गई। जिसने भीषण रूप ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि फायर ब्रिगेड के लिए नरवाना संपर्क साधा गया था लेकिन वीआईपी डयूटी होने के चलते फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची तो टोहाना से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। जिन्होंने आग पर काबू पाया। करनाल जिले के गांव काछ्वा में भी रीपर से निकली चिंगारी से खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई और करीब 200 एकड़ गेंहू की फसल जल गई। सूचना के बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियों को भी भेजा गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया तब तक 200 एकड़ में मौजूद गेंहू जलकर खाक हो गई। चंद मिनटों में ही किसानों की महीनों की मेहनत स्वाहा हो गई। सोनीपत के गांव झुंडपुर व सबोली के खेतों में रविवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से 75 एकड़ फसल जल गई। किसानों ने सूचना दमकल कार्यालय में दी। सूचना के बाद सोनीपत व राई स्थित राजीव गांधी एजुकेशन सिटी से एक-एक गाड़ी को भेजा गया। आग लगने के कारण किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। फसल जलने के बाद पीड़ित किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की। सबोली गांव के किसान सतपाल सिंह, प्रदीप ने आरोप लगाया कि एक फैक्टरी में खराब सामान जलाया गया था। जिसकी चिंगारी से उनकी फसल में आग लग गई। आग लगने के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। रोहतक के गांव जसिया और सांघी में आग लगने से गेहूं की 14 एकड़ फसल और 12 एकड़ में फांस जल गई। इसमें जसिया में आठ और सांघी में छह एकड़ फसल जली है। सांघी में एक ट्राली भी जगल गई।

रोहतक से फायर ब्रिगेड गाड़ियां पहुंचने पर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। जसिया के अशोक, बलजीत और भोपला खेत बाईपास के समीप है। दोपहर को बारह बजे इन खेतों में धुंआ उठाता दिखाई दिया। किसानों ने आग बुझाने के प्रयास किए। लेकिन जब आग बेकाबू हो गई तो फायर ब्रिगेड सूचना दी। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी जब जसिया से आग बुझाकर लौट रहे थे तो रास्ते में सूचना मिली कि सांघी के खेतों में भी आग भड़क गई है। तुरंत दमकल विभाग के कर्मचारी सांघी के लिए रवाना हुए। यहां तीर्थ पुत्र रणबीर के पांच व फूल कुमार के एक एकड़ गेहूं की फसल जल गई। फतेहाबाद में दो एकड़ फसल जली फतेहाबाद के गांव जांडली से नाढोड़ी रोड पर रविवार की दोपहर बाद बिजली के तारों में सफेदे पेड़ की टहनियां आपस में टकराने से हुए शॉर्ट सर्किट से खेतों में आग लग गई।

## मध्यप्रदेश के राज्यपाल से मिला कॉनफैडरेशन आफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज






**भोपाल/शिव कुमार यादव।** कॉनफैडरेशन आफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भलाई संबंधित मुद्दों को लेकर पूर्व एडिशनल डीजी श्री एचआर सिंह व आईजी सुरेश शर्मा आईपीएस के नेतृत्व में 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से राजभवन भोपाल में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणा ने प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि महामहिम राज्यपाल जी को प्रदेश में अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड के गठन व जीवाजी युनिवर्सिटी ग्वालियर की तर्ज पर प्रदेश की सभी विश्वविद्यालयों में पैरामिलिट्री शहीद परिवारों के बच्चों वास्ते निःशुल्क शिक्षा के प्रावधान की मांग की गई। एडीजी एचआर सिंह द्वारा जवानों की पुरानी पैंशन बहाली का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया। महामहिम राज्यपाल जी से हाउसटैक्स प्रोपर्टी रजिस्ट्री टैक्स व सेंट्रल पुलिस कैंटीन पर जीएसटी छूट की गुजारिश की गई। महासचिव रणबीर सिंह के अनुसार राज्यपाल महोदय द्वारा पुर्ण आश्वासन दिया कि सरकार अर्ध सैनिक बलों द्वारा की जा रही सेवाओं को राष्ट सलाम करता है ओर आपकी जायज मांगों को मुख्यमंत्री के पास उचित कार्रवाई हेतू प्रेषित करेंगे।

## विवाहिता की मौत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/बादली/शिव कुमार यादव।** झज्जर पुलिस की एक टीम के द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए गांव दुल्हेड़ा निवासी एक विवाहित की मौत के मामले मे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रबंधक बादली निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि 18 मार्च 2022 को प्रीति पत्नी जगदीश निवासी गांव दुल्हेड़ा संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। लापता प्रीति की तलाश के संबंध में थाना बादली में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। 24 मार्च को एक महिला का शव बाढ़सा नहर में से बरामद हुआ था।

## एनसीपीईडीपी और नेशनल डिसैबिलिटी नेटवर्क ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा पर एक राष्ट्रीय मंत्रणा का किया आयोजन

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज




**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** एनसीपीईडीपी ने स्कूली शिक्षा, शुरूआती बचपन की देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई), शिक्षकों की शिक्षा एवं वयस्कों की शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा के विकास पर नेशनल डिसैबिलिटी नेटवर्क (एनडीएन) के साथ एक राष्ट्रीय मंत्रणा का आयोजन किया। इस मंत्रणा में दिव्यांगजनों, दिव्यांगों की संस्थाओं, क्षेत्र विशेषज्ञों और एनसीईआरटी ने भी हिस्सा लिया। एनसीईआरटी ने 28 दिसंबर, 2021 की अपनी अधिसूचना में स्कूली शिक्षा, ईसीसीई, शिक्षकों की शिक्षा और वयस्कों की शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखाओं के लिये जानकारियाँ प्रदान करने हेतु विभिन्न विषयों पर स्थिति पत्रों के विकास के लिये राष्ट्रीय केन्द्रित समूहों के गठन की सूचना दी थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 की अनुशंसाओं के अनुसार 25 विषयों की पहचान की गई है, ताकि राष्ट्रीय और प्रांतीय, दोनों स्तरों पर स्थिति पत्र विकसित किये जा सकें। हालांकि सार्वजनिक हलकों में उपलब्ध जानकारी के आधार पर पाया गया कि गठित हुए राष्ट्रीय केन्द्रित समूहों में दिव्यांगों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं था। चूंकि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा एक ऐसी कवायद है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिये शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करेगी, इसलिये इस आवश्यक मुद्दे पर चर्चा के लिये राष्ट्रीय मंत्रणा का आयोजन किया गया था।

ट्वीट — ट्वीट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा है कि डॉ. बाबासाहब अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।

## पीएम मोदी ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि, कहा- भारत की प्रगति में उनका अमिट योगदान






नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** वीरवार 14 अप्रैल को पूरा देश बाबा साहब अंबेडकर को याद कर रहा है। वहीं अंबेडकर जयंति के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया है। इस ट्वीट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा है कि डॉ. बाबासाहब अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्होंने भारत की प्रगति में अमिट योगदान दिया है। यह हमारे देश के लिए उनके सपनों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। इससे पहले 13 अप्रैल की रात को पीएम मोदी ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि कल 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें हमारे सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। यह कार्यक्रम तब हो रहा है जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मैं सभी से संग्रहालय का दौरा करने का आग्रह करूंगा। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के भोईवाड़ा में डॉ. बी.आर. की 131वीं जयंती की पूर्व संध्या पर 131 किलो का केक काटा गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री वर्षा एकनाथ गायकवाड़ भी उपस्थित रहीं। वहीं नजफगढ़ के अंबेडकर भवन में भी उनके अनुयाईयों व श्रद्धालुओं ने बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि अर्पित की। और उनके दिखाये मार्ग पर चलने की शपथ ली।

खास खबर

## दिल्ली में टैक्सी व ऑटो वालों को जल्द मिलेगी राहत, सरकार किराया बढ़ाने पर कर रही विचार





**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** देश में लगातार बढ़ रहे पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों को देखते हुए दिल्ली में जल्द ही टैक्सी व ऑटो रिक्शा के किराए बढाए जाने की उम्मीद है। सरकार ने टैक्सी व ऑटो वालों को राहत देने के लिए किराया बढ़ाने को लेकर विचार शुरू कर दिया है। जल्द सरकार किराये की बढ़ोतरी को लेकर घोषणा कर देगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को इस तरफ इशारा करते हुए कहा कि इस के लिए जल्द ही एक कमेटी का गठन किया जाएगा जिसकी सिफारिशें आने के बाद निर्णय लिया जाएगा। पेट्रोल, डीजल व सीएनजी कि लगातार बढ़ती हुई कीमतों के बीच टैक्सी व ऑटो चालक पिछले कई दिनों से किराया बढाए जाने की मांग पर अड़े हैं। मांग पूरी ना होने के चलते अगले हफ्ते हड़ताल की घोषणा भी कर चुके हैं। टैक्सी व ऑटो चालकों की किराया बढ़ाने की मांग को जायज ठहराते हुए गहलोत ने कहा कि केजरीवाल सरकार एक निश्चित समय सीमा के अंदर किराया बढाए जाने पर फैसला लेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री ने आज एक ट्वीट करते हुए कहा कि ÷पेट्रोल, डीजल व सीएनजी कि लगातार बढ़ती हुई कीमतों की वजह से टैक्सी व ऑटो चालक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार इसको लेकर संवेदनशील है। जल्द ही ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की एक कमेटी का गठन किया जाएगा जो की एक निश्चित समय सीमा के अंदर अपनी सिफारिशें पेश करेगी।÷

## राजस्थान के सिरोही में फैली रहस्यमयी बीमारी, 5 दिन के भीतर 7 बच्चों की मौत

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/जयपुर/शिव कुमार यादव।** राजस्थान के सिरोही जिले में रहस्यमयी बिमारी के फैलने से मात्र 5 दिन में 7 बच्चों की मौत हो गई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इसकी जांच में जुट गया है। इस बिमारी में बच्चों को बुखार और दौरे के लक्षण दिखे है जिनसे उनकी मौत हुई है। मरने वाले बच्चों की उम्र 2-14 साल के बीच थी। 9-13 अप्रैल के बीच फूलबाई खेड़ा और फूलबेर गांव में बच्चों की मौत हो गई। संयुक्त निदेशक (स्वास्थ्य) जागेश्वर प्रसाद ने कहा कि अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वे तीव्र वायरल बीमारी के मामले प्रतीत होते हैं। लेकिन जब तक उनकी खून की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है। संयुक्त निदेशक ने बताया कि इस रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या लक्षण दिखने के एक दिन के भीतर ही बता दी गई थी। एक मामले में, पांच साल के बच्चे की मां ने कहा कि उसका बेटा सुबह 5 बजे उठा और दौरे पड़ने से पहले उसने पानी मांगा। उसने कहा कि सुबह 8 बजे मरने से पहले लड़के ने उल्टी कर दी। विशेष रूप से, प्रसाद ने उल्लेख किया कि रहस्यमय बीमारी से मरने वाले सात बच्चों में से तीन के पास स्थानीय स्वाद वाली बर्फ थी। हालांकि, उन्होंने गंभीर खाद्य विषाक्तता के मामले से इनकार किया।

# अनूठे भक्त रूपी भगवान की महिमा

## गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें सकलगुण निधान की संज्ञा देकर उनकी स्तुति की है।

नजफगढ़ मैट्रो न्यूज



**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** अंजनीपुत्र रामदूत हनुमान की महिमा ही अपरंपार है। भक्त श्रेष्ठ के गुणों को आत्मसात करने वाला व्यक्ति जीवन में सबकुछ साध्य कर सकता है। गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें सकलगुण निधान की संज्ञा देकर उनकी स्तुति की है। यदि हम उनके मात्र कुछ गुणों पर ही मनन और चिंतन करें तो जीवन जीना सीख जाएंगे।

1. वीरता के अद्वितीय प्रतीकः राम दूत हनुमान की वीरता और साहस की कीर्ति चहुं ओर व्याप्त है कि किस प्रकार से उन्होने सौ योजन वाला समुद्र एक ही छलांग में लाँघकर समस्त मुश्किलों का अपनी सूझ-बुझ का उपयोग कर अंत किया और लंका पहुँचकर माता सीता को प्रभु के आने का विश्वास दिलाया।

2. स्थिति अनुरूप कुशल निर्णय की क्षमताः लंका पार करते समय जब उनका सामना सुरसा नामक राक्षसी से हुआ और सुरसा निरंतर अपना मुँह का आकार हनुमानजी के आकार के अनुपात में बढ़ा रही थी तब उन्होने समय व्यर्थ किए बिना अपना सूक्ष्म रूप बनाया और उनके मुँह में जाकर वापस आ गए और पुनः अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए, इसीलिए उन्हें बल-बुद्धि देने वाला गया है।

3. स्वामी श्रीराम के प्रति अनन्य प्रेमः जब माता सीता ने उन्हें बताया की प्रभु श्रीराम को सिंदूर अत्यंत प्रिय है तो भक्त शिरोमणि ने अपने पूरे शरीर को ही सिंदूर से रंग दिया। श्रीराम के प्रति उनके प्रेम की कोई सीमा नहीं है। सत्य भी है प्रेम ही जीवन में शाश्वत है। इस अनन्य प्रेम ने ही उन्हें भक्त से भगवान बना दिया। वे तो अपने जीवन की सार्थकता राम भक्त होने में ही समझते है।

4. अहं और लोभ का पूर्णतया त्यागः हनुमान जी को अपनी शक्ति का कोई भी अभिमान नहीं है, वे तो प्रभु राम के सेवक बनकर ही प्रसन्न है। हर असंभव कार्य को परिणाम में परिवर्तित करने वाले रुद्रअवतार हनुमान जी अपनी सफलता का श्रेय प्रभु श्रीराम को देते है। उन्हें पद, वर्चस्व और नाम कुछ भी नहीं चाहिए सिर्फ प्रभु श्रीराम के कार्य को वे त्वरित कैसे कर दे वह इसी बात पर ध्यान देते है।

5. कुशल प्रबंधन एवं नेतृत्व के परिचायकः श्रीराम के पास युद्ध के समय कोई विशेष सेना नहीं थी, पर हनुमान जी ने पूरी कार्य कुशलता से वानर सेना से अपेक्षित कार्य करवाया एवं कुशलता से सबका नेतृत्व किया और मनोवांछित विजय भी प्राप्त की। सीमित संसाधनों में भी कुशलता से कार्य कराना रामभक्त की अनूठी पहचान है।

6. कार्य के क्रियान्वयन को प्राथमिकताः जब प्रभु श्रीराम लक्ष्मण जी के मूर्छित होने पर व्याकुल थे तब हनुमान जी ने प्रभु को विश्वास दिलाया की वे निश्चित समय पर संजीवनी बूटी लेकर उपस्थित हो जाएंगे। उनका ध्येय संजीवनी बूटी को सही समय तक लाना था। जब वहाँ पहुँचकर उन्हें संजीवनी बूटी की पहचान को लेकर संशय हुआ तो वे पूरा पर्वत लेकर ही पहुँच गए, पर कार्य की सफलता को सुनिश्चित किया। उनमें असीमित निर्णय क्षमता का प्रभावी गुण है।

7. अनोखें जिज्ञासुः जीवन में कुछ नवीन श्रेष्ठ करने के लिए जिज्ञासु होना अत्यंत जरूरी है। वे बचपन में सूर्य भगवान को लाल फल समझकर निगल गए। किसी भी नई चीज को देखकर यदि आपके मन में जिज्ञासा का भाव उत्पन्न होता है तो आप कुछ नवीन और बेहतर जान सकेंगे। इसलिए उन्नति के सोपान को तय करते समय जिज्ञासा को नजरंदाज न करें।

8. धर्म के अनुरूप निर्णय लेनाः हनुमान जी चाहते तो स्वयं भी माता सीता को अपने साथ ला सकते थे, पर उन्होने अपनी पुंछ से लंका को जलाकर अपने स्वामी की शक्ति का परिचय दिया। उन्होने यह संदेश दिया की हम धर्म की लड़ाई लड़ेंगे। ऐसे चुपके से ले जाना कायरता की निशानी है।

9. राम नाम की महिमा का ज्ञानः कहते है कलयुग में मात्र भगवान के नाम जप से ही हमें मोक्ष प्राप्त हो सकता है तो फिर राम नाम की महिमा ही अपरंपार है। वाणी को शुद्धता देने वाला नाम है राम। जीवन को अर्थ देने वाला नाम है राम। संघर्ष से जूझकर ही केवल अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहने का नाम है राम। मानव जीवन के संघर्ष का मार्मिक चित्रण है राम और मानव जीवन की मुक्ति का द्वारा है राम। इसी राम नाम को हनुमान जी सदा स्मरण करते रहते है।

**-डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)**

## द्वारका एएटीएस ने देसी पिस्तोल के साथ पकड़ा कुख्यात वाहन चोर, 6 वाहन बरामद



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**द्वारका/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक कुख्यात वाहन चोर को देसी पिस्टल के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से चार कार व 2 दुपहिया वाहन व एक देशी पिस्तोल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुए है। आरोपी पहले से वाहन चोरी के 64 मामलों में शामिल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने द्वारका, रोहिणी व बाहरी दिल्ली जिला के 6 वाहन चोरी के मामले सुलझा लिये है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि और मामलों का खुलासा हो सके। द्वारका डीसीपी शंकर चौधरी ने बताया कि पिछले काफी समये से द्वारका में वाहन चोरी के मामले काफी बढ़ गये जिसे देखते हुए ऑपरेशन वर्चस्व के तहत वाहन चोरी रोकने व चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने संयुक्त अभियान छेड़ा हुआ है। जिसके तहत पुलिस कई अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्होने बताया कि ऑपरेशन वर्चस्व के तहत एसीपी विजय सिंह ने इंस्पेक्टर कमलेश कुमार आई/सी एएटीएस के नेतृत्व में एसआई विकास यादव, एसआई दिनेश, एचसी विजय, एचसी राजेश, एचसी अमित, एचसी सोनू, एचसी जगत, एचसी संदीप, सीटी इंदर, सी.टी. मनोज, सी.टी. अरविंद और सी.टी. राजबीर की एक टीम का गठन किया और आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिये। टीम ने वाहन चोरी के ज्यादा से ज्यादा मामलों का निरिक्षण किया और फिर सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान की तथा खबरियों को उनका हुलिया बताया गया। 11 अप्रैल को टीम को सूचना मिली की एक चोर मोहन गार्डन के छठ पूजा पार्क ईलाके में घूम रहा है। टीम ने तुरंत अपना जाल बिछाया और आरोपी रवि उर्फ करण पुत्र कुलदीप निवासी डी-12 कीर्ती नगर दिल्ली को आई-10 कार के साथ पकड़ लिया। पुलिस को तलाशी में आरोपी के पास से एक लोडिड देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया।

# राजधानी में कृषि, फल व सब्ज़ी मंडियों के विकास हेतु 477 करोड़ रूपए आवंटित

- 477 करोड़ रूपए में से नजफगढ़ एपीएमसी के लिए सिर्फ 5 करोड़
- आज़ादपुर मंडी के पास किसान-भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा





नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नजफगढ़/शिव कुमार यादव।** दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद राजधानी में कृषि, फल व सब्ज़ी मंडियों के विकास हेतु 477 करोड़ रूपए आवंटित करने की घोषणा की, जिसमें से सबसे कम 5 करोड़ रूपए नजफगढ़ एपीएमसी के विकास हेतु दिए गए। जबकि सबसे ज्यादा 175 करोड़ रूपए आज़ादपुर मंडी के विकास के लिए आवंटित किये गए हैं। हालांकि नजफगढ़ अनाज मंडी में इस समय हालत बद से बदतर बनी हुई है फिर भी सिर्फ 5 करोड़ की राशि मिलना ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। व्यापरियों ने सरकार पर एक बार फिर नजफगढ़ अनाज मंडी की उपेक्षा का आरोप लगाया है। इसके अलावा 5 करोड़ रूपए की लागत से आज़ादपुर मंडी के पास एक किसान-भवन बनाया जाएगा जिसमे दूर-दराज से आये किसान आराम कर सकेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह किसान भवन एक दम होटल की तरह होगा जहाँ अन्य राज्यों से आये किसान रात गुजार सकेंगे। फिलहाल उनके लिए दिल्ली में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। करीब 13.34 करोड़ रूपए ग़ाज़ीपुर फल-सब्ज़ी मंडी को विकसित करने के लिए आवंटित किये गए हैं और करीब 14 करोड़ रूपए ग़ाज़ीपुर में एफपी-ईएमसी के लिए आवंटित किये गए हैं। इसके अलावा 8 करोड़ रूपए राष्ट्रीय राजधानी में एक नयी फूल मंडी बनाने के लिए आवंटित किये गए हैं। नरेला एपीएमसी के लिए 45 करोड़ रूपए, और करीब 19 करोड़ केशोपुर एपीएमसी के लिए रखे गए हैं। करीब 174 करोड़ रूपए दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड के लिए आवंटित किये गए हैं। दिल्ली में स्थित मंडियों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ब्ब्ज्ट कैमरे लगाए जायेंगे। इसका प्रावधान भी मंडियों के लिए बजट में रखा गया है। नजफगढ़ अनाज मंडी के चेयरमैन राजेन्द्र बिंदल की माने तो अनाज मंडी में समस्याऐं बहुत ज्यादा है। मंडी की सीवर लाईन पूरी तरह से बेकार हो चुकी है। मंडी में पेयजल लाईन की कोई व्यवस्था नही है। रोजाना 800 रूपये का पानी जलबोर्ड से टैंकरों द्वारा मंगाया जा रहा है। सड़कों व सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। फिर भी सरकार 5 करोड़ का बजट दे रही है जो नाकाफी है। उन्होने कहा कि हम मंत्री गोपाल राय व कैलाश गहलोत से इस मामलें चर्चा करेंगे और मंडी की बदहाली को दूर कराने का प्रयास करेंगे ताकि किसानों व व्यापारियों को मूलभूत सुविधाये प्रदान हो सके।

## कैफेन टीम ने पकड़ा एक विदेशी ड्रग तस्कर, 361 ग्राम हेरोइन बरामद




नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**द्वारका/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** द्वारका कैफेन टीम ने एक बार फिर ड्रग तस्करी मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एक बार फिर एक विदेशी अफ्रीकी ड्रग तस्कर को 361 ग्राम उच्च क्वालिटी की हेरोइन के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि इंटरनेशनल मार्किट में इस ड्रग्स की कीमत करीब 3 करोड़ 60 लाख रूपये है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। द्वारका डीसीपी शंकर चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन वर्चस्व के तहत पुलिस की सभी टीमें मिलकर अपराधियों की धरपकड़ में जुटी है। जिला पुलिस की सतर्कता व कड़ी कार्यवाही के चलते अनेकों अपराधी जेल पंहुच चुके है। कैफेन टीम विदेशी नागरिकों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे है। उन्होने कहा कि मोहनगार्डन व उत्तमनगर में रहने वाले अधिकतर विदेशी नागरिक ड्रग्स तस्करी जैसे संगीन अपराधों में लिप्त है और जो देश में ड्रग्स सप्लाई करने का काम कर रहे है। कैफेन टीम ऐसे विदेशी अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे कर रही है। 12 अप्रैल को भी टीम को सूचना मिली थी कि एक अफ्रीकी नागरिक ड्रग तस्करी कर रहा है। इस पर एसीपी विजय सिंह ने तुरंत एसआई सुभाष चंद के नेतृत्व में कैफेन टीम जिसमें एएसआई करतार, एएसआई विनोद कुमार एचसी दिनेश कुमार, सीटी रवि, सीटी हेतराम और सीटी सोनू की टीम बनाई और आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिये।

# इंडियांज गोट टेलेंटस के विजेता बच्चों को किया सम्मानित



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**नई दिल्ली/भावना शर्मा।** इंडिया गोट टेलेंट में नजफगढ़ बच्चो ने बम फायर ग्रुप में ईनाम जीता है। बच्चों की इस सफलता पर उनकी हौंसला अफजाई के लिए प्रकृति भक्त फाउंडेशन की अगुवाई में श्री कृष्ण मंदिर ट्रस्ट व जनशक्ति एकता मंच ने बच्चों का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया तथा उन्हे नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रकृति भक्त फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि बच्चों ने नजफगढ़ का नाम रोशन किया है। बच्चे आगे भी इसी तरह अपनी प्रतिभा के दम पर नजफगढ़ का नाम रोशन करते रहे इसके लिए उनका सम्मान होना जरूरी है। जिसे देखते हुए श्री कृष्ण मंदिर ट्रस्ट, जनशक्ति एकता मंच व प्रकृति भक्त फाउंडेशन ने बच्चों का भव्य स्वागत किया तथा उन्हे नगद राशि भी प्रदान की ताकि उन्हे आगे के प्रशिक्षण में मदद मिल सके।



## दिल्ली में फिर बढ़ने लगे कोरोना के मामले, एनसीआर में कई स्कूल हुए बंद

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। अचानक हुई इस वृद्धि से कई स्कूलों में भी कोरोना पॉजिटिव के मामले सामने आये है। जिसे देखते हुए एनसीआर में कई स्कूल बंद हो चुके है और दिल्ली में भी कई स्कूलों को बंद करने पर विचार किया जा रहा है। वहीं सीबीएसई बोर्ड में भी मामले की गंभीरता को देखते हुए परीक्षा केंद्रों को दूसरी जगह शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। पिछले 24 घंटों में 325 नए मामलों का पता चला, जो राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 40 दिनों में सबसे अधिक स्पाइक है। सकारात्मकता दर में भी वृद्धि देखी गई है। छात्रों और शिक्षकों के बीच ताजा मामलों के परिणामस्वरूप, गाजियाबाद और नोएडा के इन स्कूलों को बंद कर दिया गया है और चल रहे लंबे सप्ताहांत के बाद सोमवार को फिर से खुलेंगे।

## एससी एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड व द्वारका कोर्ट बार ने चुने नए पदाधिकारी




नजफगढ़ मैट्रो न्यूज

**द्वारका/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) और द्वारका कोर्ट बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा की। एडवोकेट मनोज कुमार मिश्रा को एससीएओआरए के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया, जबकि वकील स्नेहाशीष मुखर्जी नए उपाध्यक्ष और अधिवक्ता होंगे। देवव्रत नए मानद सचिव चुने गये हैं। वहीं रश्मि मल्होत्रा को संयुक्त सचिव, अधिवक्ता चुना गया। पुनीत सिंह बिंद्रा कोषाध्यक्ष और वकील. सचिन शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष के रूप में चुने गये हैं। वहीं एससीएओआरए की कार्यकारी समिति में अधिवक्ता आकर्षण आदित्य, अभिनव रामकृष्ण, अंजू के. वर्के, दिव्या ज्योति सिंह और मीनाक्षी चौहान सदस्य होंगे। द्वारका कोर्ट में हुए चुनाव में एडवोकेट एनसी शर्मा को अध्यक्ष, मंजू सहरावत को उपाध्यक्ष, जितेंद्र सोलंकी को सचिव, गुरविंदर राणा को अतिरिक्त सचिव और बी.डी. पांडे कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इसके अलावा, विक्रम यादव, जितेंद्र कुमार और पीयूष शर्मा वरिष्ठ सदस्य कार्यकारी के रूप में जीते।

## बॉलीवुड

# लंबे इंतजार के बाद 'भूल भुलैया 2' का टीजर रिलीज


अक्षय कुमार की फिल्म भूलभुलैया को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। इस फिल्म में अक्षय कुमार का लुक भी काफी पसंद किया गया था। जब से लोगों को पता चला है कि भूल भुलैया का पार्ट 2 भी रिलीज होने वाला है, तब से दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि भूल भुलैया 2 का एक पोस्टर काफी पहले रिलीज कर दिया गया था, जिसमें कार्तिक आर्यन की एक झलक दिखाई दी थी। आज भूल भुलैया 2 का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन का लुक देखने लायक है। भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी भी नजर आने वाली हैं।फिल्म का टीजर इतना जबरदस्त है कि इसे देखने के बाद दर्शकों की रूह कांप गई है। टीजर की शुरूआत फिल्म के पॉपुलर गाने आमी जे तुम्हारो से होती है। जिसके बाद एक पुरानी भूतिया टाइप की हवेली दिखाई जाती है। देखते ही देखते सामने एक डरावना सा चेहरा आ जाता है। इसके बाद एंट्री होती है कार्तिक आर्यन की। गले में रुद्राक्ष की माला, सिर पर गमछा और कुर्ता पहने कार्तिक का स्वैग देखने लायक है। कार्तिक के साथ राजपाल यादव की भी एक झलक दिखाई गई है। टीजर के बाद लोग इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का टीजर भले की 53 सेकेंड का है, लेकिन ये आपको अक्षय कुमार की भूल भुलैया की याद दिला देगा। बता दें कि भूल भुलैया 2 साल 2022 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। पहले इस फिल्म को 2021 में रिलीज किया जा रहा था, लेकिन फिर कोरोना का वजह से फिल्म को टाल दिया गया। इसके बाद इसको मार्च में रिलीज किया जाना था, लेकिन फिर किन्ही कारणों की वजह से इसे टाल दिया गया। भूल भुलैया 2 20 मई 2022 को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा कियारा आडवाणी, राजपाल यादव, संजय मिश्रा और तब्बू भी नजर आएंगे। वहीं भूल भुलैया में अक्षय कुमार, विद्या बालन, राजपाल यादव, अमीषा पटेल, शाइनी अहूजा और परेश रावल नजर आए थे।




# यश की 'केजीएफ चैप्टर 2' ने पहले दिन ही तोड़ा रिकॉर्ड

केजीएफ 2 का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है, रिलीज होते ही दर्शक इसे देखने के लिए सिनेमाघरों में दौड़ लगा रहे हैं। फिल्म ने अपनी अखिल भारतीय रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया है। केजीएफ 2 इतने रिकॉर्ड तोड़ चुकी है कि इसे रिकॉर्ड मशीन कहना गलत नहीं होगा। अब इसने अपनी रिलीज के साथ ही एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की तमिल, तेलुगू, मलयालम और हिंदी दर्शकों के बीच भी इतनी जबरदस्त मांग है कि इसे रिलीज करने के लिए स्क्रीन्स लगातार बढ़ाने पड़ रही हैं। फिल्म की स्क्रीन्स ने भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। यश स्टारर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर लगातार रिकॉर्ड कमाई करने की उम्मीद की जा रही है। लेकिन अपनी कमाई से लोगों को चकित करने से पहले ही केजीएफ 2 ने एक नया आयाम हासिल कर लिया है। फिल्म ने कोविड के बाद 4000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होने वाली पहली हिंदी फिल्म बनने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म हिंदी का वर्जन 4400 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है, जो इसे महामारी के बाद अभी तक की सबसे बड़ी रिलीज साबित कर रहा है। एक और रिकॉर्ड तोड़ते हुए, फिल्म के हिंदी वर्जन ने रिलीज से एक दिन पहले ही 20 करोड़ रुपये के टिकट बेचे हैं। प्रशांत नील द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म रॉकी (यश) की कहानी है, जो अनाथ है।





# मुझे वर्कआउट के रूप में डांस करना अच्छा लगता है

# शर्वरी




शर्वरी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले सबसे होनहार कलाकारों में से एक हैं और उन्होंने अपने फैन्स के साथ-साथ इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का भी दिल जीतने में कामयाबी पाई है। भले ही शर्वरी का फिल्म इंडस्ट्री से पहले से कोई नाता नहीं रहा हो, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बड़ी आसानी से अपना एक मुकाम बनाया है और वह अपने हुनर को निखारने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही हैं। इस युवा एक्टर को डांसिंग बेहद पसंद है और वे अलग-अलग तरह के डांस फॉर्म सीखने की कोशिश कर रही हैं। सच बात तो यह है कि, वह जिम जाने के बजाय वर्कआउट के रूप में डांस करना पसंद करती हैं। शर्वरी ने इसके बारे में बताते हुए कहा, मुझे वर्कआउट के रूप में डांस करना अच्छा लगता है और ऐसा करके मुझे सबसे ज़्यादा ख़ुशी मिलती है। भारत में टैलेंटेड डांसर्स की कोई कमी नहीं है और मैं इंस्टाग्राम के जरिए उनके साथ जुड़ी हुई हूं ताकि मैं उनके साथ एक वर्कशॉप कर सकूं। मैं नए-नए डांस फॉर्म और अलग-अलग स्टाइल को सीखने की कोशिश करके खुद को चुनौती देने में यकीन रखती हूं। वे आगे कहती हैं, फिलहाल, मैं लगभग हर दूसरे दिन कथक और फ्रीस्टाइल हिप-हॉप सीख रही हूं। मैंने अपने घर के एक छोटे से कमरे को एक डांस स्टूडियो में बदल दिया है। अब मैं अपने खुद के आईकॉनिक बॉलीवुड डांस नंबर्स का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं। यही मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा लक्ष्य है। हाल के दिनों में, शर्वरी ने बेकिंग करने और कीबोर्ड चलाने जैसे स्किल्स भी सीखे हैं।



पत्रकार
मानसी शर्मा

# जेनेलिया ने पूरी की 'मिस्टर मम्मी' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख और एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का नाम उन चुनिंदा कपल्स में शुमार है, जिन्हें फैन्स ऑफस्क्रीन के साथ ही ऑनस्क्रीन भी खूब पसंद करते हैं। दोनों की लव स्टोरी भी फिल्म के शूटिंग सेट पर ही शुरू हुई थी, जिसके बाद कपल ने अपने प्यार को शादी का रूप दिया। रितेश-जेनेलिया को बॉलीवुड का सबसे क्यूट कपल कहा जाता है, ऐसे में अब ये दोनों जल्दी ही फिल्म मिस्टर मम्मी में नजर आएंगे। जेनेलिया डिसूजा ने फिल्म का शूट पूरा कर लिया है। भूषण कुमार की टी-सीरीज़ और हेक्टिक सिनेमा प्रा लिमिटेड की फिल्म मिस्टर मम्मी में बॉलीवुड की सबसे क्यूट और पसंदीदा जोड़ी रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा नज़र आएंगे। कुछ ही दिनों पहले यह खबर आयी थी कि कॉमेडी-ड्रामा फिल्म की शूटिंग इंग्लैंड के कई स्थानों पर शुरू हो चुकी है। रितेश-जेनेलिया की इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद ही उनके प्रशंसकों के बीच बेहद खुश थे। अब, जेनेलिया डिसूजा ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है... उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी टीम को टैग कर एक प्यारी सी पोस्ट शेयर की जिसपर लिखा था ए फन क्रू। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे जोड़े के इर्द गिर्द घूमती है, जिनकी विचारधारा - जब बच्चे की बात आती है - तो एक दूसरे से बिलकुल अलग हो जाती है। लेकिन नियति इन चाइल्डहुड स्वीटहार्ट के जीवन में कॉमेडी, ड्रामा, खुलासे और अहसासों की ऊबड़-खाबड़ सवारी के साथ कुछ अलग ही ट्विस्ट ले आती है। बता दें कि गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत करते हैं टी-सीरीज़ फ़िल्म्स और हेक्टिक सिनेमा प्राइवेट लिमिटेड प्रोडक्शन की फिल्म मिस्टर मम्मी। शाद अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, शाद अली और शिव अनंत कर रहे हैं।



# रणबीर-आलिया विवाह बंधन में बंधे

अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री आलिया भट्ट बृहस्पतिवार को करीबी संबंधियों और दोस्तों की मौजूदगी में यहां अपने बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में परिणय-सूत्र में बंध गए।



उनके करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। परिवार ने इस बारे में शाम तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, लेकिन शादी का मंडप बनाने वाले कुछ लोगों ने शाम करीब 6 बजे लौटते हुए मीडियाकर्मियों को बताया कि शादी समारोह संपन्न हो गया। बाद में परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि विवाह संपन्न हो गया है। कुछ ही समय बाद अपार्टमेंट वास्तु से रणबीर के बहनोई भरत साहनी को वहां से निकलते देखा गया। समारोह समाप्त होने के बाद बाउंसरों को लौटने वाले मेहमानों के लिए रास्ता साफ करते भी देखा गया। बाहर इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों और अन्य लोगों को लड्डू और नाश्ते के पैकेट बांटे गए। अपार्टमेंट परिसर में ढोलक की आवाज भी सुनाई दी। रणबीर-आलिया या उनके परिजनों की तरफ से कोई पुष्ट जानकारी नहीं मिली है और उनकी सुरक्षा टीम मीडिया को जानकारी देगी। आलिया की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले यूसुफ इब्राहिम ने दिन में वास्तु के बाहर जमा संवाददाताओं को बताया, रणबीर और आलिया ने शाम 7 बजे के बाद तस्वीरें खिंचवाई। प्रत्येक संस्थान से केवल एक कैमरामैन की अनुमति थी। अपार्टमेंट में जिन जानेमाने चेहरों को आते देखा गया उनमें रणबीर की मां नीतू कपूर, बहन रिद्धिमा कपूर और उनका परिवार, चचेरी बहनें करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर तथा चचेरे भाई आदर और अरमान जैन अपनी मां रीमा जैन के साथ दिखे। आलिया की तरफ से उनके पिता फिल्मकार महेश भट्ट, मां सोनी राजदान, बहन पूजा भट्ट और शाहीन को देखा गया। इसके अलावा फिल्म जगत से रणबीर-आलिया के दोस्तों में अयान मुखर्जी तथा फिल्मकार करण जौहर समारोह में आते हुए देखे गए। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी भी समारोह में पहुंचे।





खास ख़बर

## संदीप और रविना ने राष्ट्रीय 20 किलोमीटर पैदल चाल के विजेता बने

**रांची।** हरियाणा के पैदल चाल खिलाड़ी संदीप कुमार और रवीना ने शानदार लय को जारी रखते हुए शनिवार को यहां नौवीं इंडियन ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता के पहले दिन क्रमशः पुरूष और महिला 20 किलोमीटर स्पर्धा के खिताब अपने नाम किए। संदीप (एक घंटा 22 मिनट पांच सेकंड) ने पंजाब के अक्षदीप सिंह और महाराष्ट्र के परमजीत सिंह बिष्ट को पछाड़कर राष्ट्रीय खिताब की हैट्रिक पूरी की। इस 35 साल के एथलीट ने हालांकि मस्कट विश्व चैम्पियनशिप में लिए गए समय से बेहतर प्रदर्शन नहीं किया। वह एशियाई खेलों के लिए तय क्वालीफाइंग मानक को पांच सेकंड से चूक गए। मस्कट में 14वें स्थान पर रहने वाली 24 वर्षीय रवीना ने यहां विश्व चैंपियनशिप की तुलना में कम समय लिया। वह एक घंटा 31 मिनट 52 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ भावना जाट से 39 सेकंड आगे रहीं। कांस्य पदक जीतने वाली सोनल सुखवाल ने भी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शीर्ष तीनों खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक को हासिल किया।

## कप्तान विक्रमजीत सिंह का हरफनमौला प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** डीडीसीए लीग मैच में साउथ कोल्ट्स और पेलिकन क्रिकेट क्लब हुआ। दक्षिण दिल्ली कोल्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



साउथ दिल्ली कोल्ट्स 200 रन ऑल आउट। विक्रमजीत सिंह 26/4 विकेट और परवेश शर्मा 43/2 विकेट पेलिकन क्रिकेट क्लब-- 204/ 6 विकेट। जितिन कोडयान 44, गौतम कोहर 31 नाबाद,गौतम कोहर 31 विक्रमजीत सिंह 31 रन।

## मिलान ने जिनोआ को हराकर दो अंक की



## बढ़त कायम रखी

**मिलान।** एसी मिलान ने जिनोआ पर 2-0 की जीत से सीरी ए में अपनी बढ़त कायम रखी। मिलान के लिए राफाएल लियाओ और जूनियर मेसियास ने गोल किए जिससे टीम इंटर पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। गत चैम्पियन इंटर ने कुछ घंटे पहले स्पेजिया पर 3-। की जीत हासिल की थी। इंटर ने मिलान से एक मैच कम खेला है क्योंकि उसे बोलोग्ना के खिलाफ स्थगित मैच अभी खेलना बाकी है। मिलान की दोनों टीमें इटैलियन कप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में मंगलवार को एक दूसरे से भिड़ेंगी।

# राहुल का शतक

## लखनऊ से हार के बाद मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के कगार पर



राहुल ने 60 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए।

**एजेंसी ■ मुंबई**

कप्तान लोकेश राहुल (103 रन) की नाबाद शतकीय पारी के बाद आवेश खान की शानदार गेंदबाजी के दम में लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शनिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 18 रन से हराया। मुंबई को अब भी सत्र में पहली जीत का इंतजार है और यह पहली बार है जब टीम को लगातार छह मैचों में हार का सामना करना पड़ा हो। इससे मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के कगार पर भी पहुंच गया। लखनऊने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर चार विकेट पर 199 रन बनाने के बाद मुंबई की टीम को नौ विकेट पर 181 रन पर रोक दिया। आवेश खान ने लखनऊके लिए चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए। अपना 100वां आईपीएल मैच खेल रहे राहुल ने 60 गेंद की नाबाद पारी नौ चौके और पांच छक्के लगाए। इस दौरान उन्हें सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (13 गेंद में 24 रन) और अनुभवी मनीष पांडे (29 गेंद में 38 रन का अच्छा साथ मिला। उन्होंने डिकॉक के साथ पहले विकेट के लिए 52 जबकि पांडे के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम एक बार फिर अच्छी शुरुआत करने में विफल रही। कप्तान रोहित शर्मा (सात रन) तीसरे ओवर में आवेश खान की गेंद पर विकेटकीपर डिकॉक को कैच थमा बैठे। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया तो वही इशान किशन (17 गेंद में 13 रन) रनों के लिए जूझते दिखे। ब्रेविस 13 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का की मदद से 31 रन बनाए लेकिन पावर प्ले के आखिरी ओवर में आवेश का दूसरा शिकार बन गए। छह ओवर में मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 57 रन था लेकिन सातवें ओवर में गेंदबाजी के आए मार्कस स्टोइनिस (13 रन पर एक विकेट) ने किशन को बोल्ड कर इसी स्कोर पर टीम को तीसरा झटका दिया। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा (26 गेंद में 26 रन) ने अगले कुछ ओवर में जोखिम नहीं लिया। दोनों ने 12वें और 13वें ओवर में क्रमशः कृणाल पंड्या और रवि बिश्नोई (34 रन पर एक विकेट) के खिलाफ दो-दो चौके लगाकर जरूरी रन गति को नियंत्रित रखने की कोशिश की। जेसन होल्डर (34 रन पर एक विकेट) ने 15वें ओवर में शानदार यॉर्कर पर तिलक को बोल्ड कर चौथे विकेट के लिए सूर्यकुमार के साथ 64 रन की साझेदारी को तोड़ा। अब मुंबई को पांच ओवर में 75 रन की जरूरत थी और क्रीज पर सूर्यकुमार के साथ कीरोन पोलार्ड (14 गेंद में 25 रन) मौजूद थे। सूर्यकुमार बिश्नोई की गेंद को दर्शकों के पास भेजने के प्रयास में बाउंड्री के पास लपके गए। उन्होंने 27 गेंद में तीन चौकों की मदद से 37 रन बनाए। पोलार्ड ने चमीरा के खिलाफ 17वें ओवर में दो और 18वें ओवर में आदेश के खिलाफ एक छक्का लगाया। जयदेव उनादकट ने 19वें ओवर में जेसन होल्डर के खिलाफ छक्का और दो चौका जड़कर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी ओवर में मुंबई को 26 रन चाहिए थे। उनादकट (14 रन) और फिर मुरुगन अश्विन (छह रन) पोलार्ड के लिए रन आउट होकर अपने विकेट कुर्बान किए।

## उमरान मलिक की भूमिका खुद को गेंद से अभिव्यक्त करने की है : मूडी

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक अपनी तेज गेंदों की वजह से चर्चा का विषय बने हुए हैं और मुख्य कोच टॉम मूडी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के इस युवा को गेंद से खुद को अभिव्यक्त करने की पूरी आजादी दी गई है। श्रीनगर के 22 वर्षीय गेंदबाज ने इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार 145 से 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की है। उन्होंने शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल इतिहास के में सबसे तेज गेंद फेंकी जो 153.1 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की थी। लेकिन उन्होंने इस दौरान काफी रन लुटाए हैं। उन्होंने पांच मैचों में 173 रन देकर पांच विकेट झटके हैं। मूडी हालांकि इससे चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, आखिर, जब आप इस प्रारूप में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हो तो आप ऐसी उम्मीद नहीं कर सकते कि आप रन नहीं लुटाओगे। वह विकेट के पीछे काफी रन देता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि उसे मैदान में स्मैश किया जा रहा है या फिर कवर पर। कोच ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स पर सात विकेट की जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इसलिए आपको उसकी शैली की गेंदबाजी को स्वीकार करना होगा। उसकी भूमिका दौड़कर खुद को अभिव्यक्त करने की है।

## दानिश ओपन : साजन प्रकाश को स्वर्ण, वेदांत माधवन ने रजत पदक जीता



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

शीर्ष भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में दानिश ओपन तैराकी प्रतियोगिता में पुरूष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सत्र की जीत से शुरूआत की। इस साल अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे प्रकाश ने शुक्रवार की रात 1.59.27 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले केरल के इस तैराक ने हीट में 2.03.67 सेकेंड का समय निकालकर ए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दो बार के ओलंपियन प्रकाश ने कहा, इस महीने हमारे कुछ टूर्नामेंट हैं। हम धीरे धीरे राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए शीर्ष पर आने की कोशिश करेंगे। वहीं युवा वेदांत माधवन ने भी सकारात्मक शुरूआत करते हुए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया और पुरूष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने 10 तैराकों के फाइनल में 15.57.86 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया। सोलह साल के इस खिलाड़ी ने मार्च 2021 में लातविया ओपन में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने पिछले साल जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में भी प्रभावित करते हुए सात पदक (चार रजत और तीन कांस्य) जीते थे। शक्ति बालकृष्णन महिला 400 मीटर मेडले के बी फाइनल में दूसरे और ओवरआल आठवें स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे चौथे भारतीय तैराक तनीष जॉर्ज मैथ्यू 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 29वें स्थान पर रहे।

## स्वियातेक ने पोलैंड को बीजेके कप फाइनल्स में पहुंचाया




**एजेंसी ■ लंदन**

शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक की रोमानिया की आंद्रिया प्रिसाकारियू पर 6-0, 6-0 की आसान जीत से पोलैंड ने पहली बार बिली जीन किंग कप (बीजेके कप) टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल्स में प्रवेश किया। स्वियातेक ने केवल 52 मिनट में जीत दर्ज की और एकल में अपने विजय अभियान को 19 जीत तक पहुंचाया। स्वियातेक की जीत से पोलैंड ने क्वालीफायर में रोमानिया पर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की। स्वियातेक ने दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी बनने के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी मैच में रोमानिया की मिहाएला बुजारनेस्कू को एक घंटे से कम समय में 6-।, 6-0 से पराजित किया था। इटली और कजाखस्तान भी शनिवार को आगे बढ़ने में सफल रहे। उधर प्राग में मार्केटा वोंड्रोयूसोवा ने यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू को 6-।, 6-। से हराकर चेक गणराज्य को ब्रिटेन पर 2-। की बढ़त दिलाई। इससे पहले राडूकानू ने टेरेजा मार्टिनकोवा पर 7-5, 7-5 से जीत दर्ज की जो उनका ब्रिटेन के लिए बीजेके कप में पहला मैच था। उनसे पहले हैरिट डार्ट को पूर्व फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट वोंड्रोयूसोवा से शुरूआती एकल में।-6, 0-6 से हार मिली थी। बेल्जियम को बेलारूस पर वाकओवर मिला क्योंकि बेलारूस और गत चैम्पियन रूस को टूर्नामेंट में भाग लेने से निलंबित कर दिया गया था। ऐसा यूक्रेन पर रूस के हमले के चलते किया गया।

## शास्त्री ने कहा, प्लेऑफ में जगह बनाएगी आरसीबी

**एजेंसी ■ मुंबई**



पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि नए कप्तान फॉफ डुप्लेसी की अगुआई में अच्छा क्रिकेट खेल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाएगी। पंजाब किंग्स के खिलाफ हार से अभियान शुरू करने वाली तीन बार की उप विजेता आरसीबी ने वापसी करते हुए मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स को शिकस्त दी। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मेरा मानना है कि इस सत्र में हमें एक नया चैम्पियन देखने को मिलेगा।

## इशान किशन इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था : वाटसन

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आल राउंडर और दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सहायक कोच शेन वाटसन ने मुंबई इंडियंस की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में इशान किशन पर 15 करोड़ रूपए की राशि खर्च करने के लिए आलोचना करते हुए कहा कि यह प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था। वाटसन ने साथ मुंबई इंडियंस की चोटिल जोफ्रा आर्चर को इतनी बड़ी राशि में खरीदने के लिए आलोचना की। मुंबई इंडियंस अभी तक पांच मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है जिसने किशन को खरीदने के लिए 15.25 करोड़ रूपए और आर्चर को खरीदने के लिए आठ करोड़ रूपए खर्च किए थे। आर्चर अभी भी कोहनी की चोट से उबर रहे हैं। पांच बार की चैम्पियन ने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और कीरोन पोलार्ड को रिटेन किया था। वाटसन ने द ग्रेड क्रिकेटर पोडकास्ट में बातचीत में कहा, मुंबई इंडियंस तालिका में निचले स्थान पर है, मुझे इसमें कुछ हैरानी नहीं हो रही क्योंकि उन्होंने नीलामी में हैरानी भरे फैसले किए। उन्होंने कहा, इशान किशन को खरीदने में इतनी सारी राशि खर्च करना। वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है लेकिन वह इतनी सारी राशि खर्च करने लायक खिलाड़ी नहीं है। वाटसन ने कहा, फिर जोफ्रा आर्चर के बारे में पता नहीं था कि वह खेलने आएगा या नहीं। वह काफी समय से क्रिकेट नहीं खेला है। टीम के कुछ फैसले खराब रहे। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को भी चार हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर 23 रन की जीत से खाता खोला।

आईपीएल 15

## सीएसके और गुजरात के बीच भिड़ंत में होगी नए कप्तानों की परीक्षा




**एजेंसी ■ पुणे**

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम जब रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो यह दो नए कप्तान रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या के बीच उनके रणनीतिक कौशल की भी परीक्षा होगी। दोनों कप्तान ही अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मशहूर हैं और दोनों ही भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन रविवार को जब दोनों टीमें पिछले मैच की जीत की लय को बरकरार रखने के लिए एक दूसरे के सामने होंगी तो दोनों कप्तानों के बीच तकनीकी श्रेष्ठता की जंग भी होगी। सीएसके ने इस सत्र में जडेजा को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है जबकि मुंबई इंडियंस पंड्या को रिटेन नहीं कर सकी क्योंकि वह फिटनेस से जूझ रहे थे लेकिन गुजरात टाइटन्स ने इस आल राउंडर को नेतृत्व का जिम्मा सौंपा। पंड्या ने भी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए नई टीम को शानदार शुरूआत कराई जिससे उसने पांच में से चार मैचों में जीत दर्ज की। गुजरात टाइटन्स को एकमात्र हार सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली लेकिन टीम ने गुरूवार को राजस्थान रॉयल्स पर 37 रन की जीत से वापसी की। जडेजा को हालांकि टीम के साथ मुश्किल दौर का सामना करना पड़ा जिसमें टीम ने अपने पहले चार मैच गंवा दिए थे लेकिन टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर 23 रन की जीत से खाता खोला। गेंदबाजी सीएसके के लिए चिंता का विषय रही है लेकिन पूर्व चैम्पियन ने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें महीश तीक्षणा और कप्तान जडेजा की स्पिन जोड़ी ने मिलकर सात विकेट झटके। लेकिन तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी सीएसके के मुख्य गेंदबाज दीपक चाहर की अनुपस्थिति में अच्छा नहीं कर सके हैं। चाहर पीठ की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। क्रिस जोर्डन और ड्वेन ब्रावो ने हालांकि चीजों को नियंत्रित करने में कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि पिछले मैच में ब्रावो ने काफी रन दे दिए।

गुजरात टाइटन्स का गेंदबाजी लाइन अप मजबूत है जिसमें न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन (आठ विकेट), भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (सात विकेट) और पंड्या (चार विकेट) सभी विकेट झटकने और विपक्षी टीम की रन गति पर लगाम कसने में काबिल है। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने भी रन गति रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है और अभी तक छह विकेट चटकाए हैं।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा (कप्तान), मोइन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दुबे , ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्षणा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।

**गुजरात टाइटन्स:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), राशिद खान, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, लॉकी फर्ग्यूसन, अभिनव सदरंगानी, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, विजय शंकर, जयंत यादव, डोमिनिक ड्रेक्स, दर्शन नालकांडे, यश दयाल, अल्जारी जोसेफ , प्रदीप सांगवान, डेविड मिलर, ऋद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, वरुण आरोन, बी साई सुदर्शन।

**मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।**

आईपीएल 15 — सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अभियान दो मैच में हार के साथ शुरू किया था

## हैदराबाद की निगाहें पंजाब किंग्स को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर




**एजेंसी ■ नवी मुंबई**

शानदार तरीके से वापसी करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपनी तीन मैचों की जीत की लय बरकरार रखने की होगी। कुछ टीमें छह छह अंक जुटा चुकी हैं लेकिन हैदराबाद और पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ में खुद को आगे रखने के लिए दो अहम अंक जुटाना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अभियान दो मैच में हार के साथ शुरू किया था लेकिन टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लगातार तीन जीत के साथ वापसी की और वह अपने प्रदर्शन में सुधार बरकरार रखना चाहेगी। पंजाब किंग्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस पर मनोबल बढ़ाने वाली 12 रन की जीत दर्ज की और सनराइजर्स हैदराबाद निश्चित रूप से जानती है कि मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली टीम को हराना मुश्किल होगा जो तीसरे स्थान पर काबिज है। सनराइजर्स की सभी तीन जीत लक्ष्य का पीछा करते हुए आई है और हर बार उन्हें एक नया नायक मिला। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच विजई पारियां खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और कप्तान केन विलियमसन हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ विफल रहे। लेकिन कई तरह के शॉट खेलने में माहिर बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आक्रामक शुरूआत करने का लक्ष्य बनाए होंगे। राहुल त्रिपाठी ने शुरूआत हासिल करने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 37 गेंद में 71 रन की पारी खेली और ऐसा ही ऐडन मार्कराम के साथ हुआ जिनकी 36 गेंद में नाबाद 68 रन की पारी की मदद से टीम ने जीत हासिल की। वहीं अगर निकोलस पूरन पूरी फॉर्म में हो तो वह खतरनाक साबित हो सकते हैं

**टीम इस प्रकार हैं :**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरण, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रोमेरियो शेफर्ड, मार्को यानसन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन, मयंक अग्रवाल (कप्तान), अर्शदीप सिंह, कागिसो रबाडा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बरार, एम शाहरुख खान, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, इशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल, नाथन एलिस, अथर्व ताइडे, भानुका राजपक्षे और बेनी हॉवेल।

**मैच दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

# ज्ञान और प्रज्ञा के संवर्धन का देश है भारतः आरिफ़ मोहम्मद ख़ान

## "नई दिल्ली में आयोजित 'लोक संसद' में बोले केरल के राज्यपाल"




























नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली /शिव कुमार यादव

पूरे विश्व के इतिहासकार ये मानते हैं कि दुनिया में 5 सभ्यताएं सबसे पुरानी हैं। इसमें ईरानी सभ्यता अपने वैभव के लिए, रोम की सभ्यता सुदंरता के लिए, चीन की सभ्यता कौशल एवं कानून के प्रति सम्मान के लिए और तुर्की की सभ्यता बहादुरी के लिए जानी जाती है, लेकिन इन सबसे अलग भारत की सभ्यता ज्ञान और प्रज्ञा के संवर्धन के लिए जानी जाती है।'' यह विचार केरल के राज्यपाल श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 'लोक संसद' का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि, वरिष्ठ चिंतक एवं विचारक श्री केएन गोविंदाचार्य, मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित 'जल पुरुष' डॉ. राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय इमाम संघ के मुख्य इमाम डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी, शिया धर्मगुरु एवं प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान डॉ. मौलाना कल्बे रूशैद रिजवी, गांधीवादी विचारक श्री पीवी राजगोपाल एवं बिहार के पूर्व डीजीपी एवं कथावाचक श्री गुप्तेश्वर पांडेय भी मौजूद थे। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित 'लोक संसद' को संबोधित करते हुए श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने कहा कि भारत की विरासत उसकी ज्ञान परंपरा है। पूरी दुनिया में हमारी पहचान इसी से है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग उन लोगों के उत्तराधिकारी हैं, जो भारत नाम की अग्नि के उपासक थे। इसी कारण 'तेज' उनका स्वाभाविक गुण है। यह तेज संख्या बल या आर्थिक शक्ति से नहीं आता, बल्कि नैतिक बल से आता है। केरल के राज्यपाल के अनुसार पिछले 100 वर्षों में दुनिया ने विविधता को स्वीकार करना शुरू किया है, जबकि भारत ने ये काम 5000 वर्ष पहले ही शुरू कर दिया था। भारत की संस्कृति अपनी बुनियादी जड़ों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु था और उसमें वो ताकत है कि वो फिर से विश्व गुरु बन सकता है। हमें अपने पतन के उस दृष्टिकोण पर ध्यान देना होगा, जहां ज्ञान को साझा करने के बजाय छिपाने का काम किया गया।

### 'हरि' और 'अली' को मिलाकर आएगी देश में 'हरियाली': स्वामी चिदानंद मुनि

परमार्थ निकेतन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि ने कहा कि देश में 'हरियाली' लानी है तो 'हरि' और 'अली' को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह 'आजादी का अमृत महोत्सव' नहीं, बल्कि 'आबादी का अमृत महोत्सव' है। 'लोक संसद' समय की मांग है, जहां बिलों का पास नहीं कराया जाता, बल्कि दिलों को जोड़ा जाता है। आज प्रत्येक भारतीय को देश के साथ जुड़ने की आवश्यकता है।

### पूरी दुनिया में भारत ने किया जोड़ने का कामः डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी

राष्ट्रीय इमाम संघ के मुख्य इमाम डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। पूरी दुनिया में भारत ने जोड़ने का काम किया है। भारत के प्रत्येक व्यक्ति का धर्म इंसानियत है। उन्होंने कहा कि नमाज पर कई लोगों को आपत्ति होती है, लेकिन नमाज भारतीय शब्द है। नमाज का अर्थ है ईश्वर के आगे झुकना। भारत का प्रत्येक आस्तिक व्यक्ति नमाज अदा करता है। डॉ. इलियासी के अनुसार हम गीता और कुरान को मानते हैं, लेकिन गीता और कुरान की नहीं मानते हैं। यही हर समस्या की जड़ है। कार्यक्रम का संचाल श्री वंश चतुर्वेदी ने किया एवं स्वागत भाषण 'लोक संसद' के सह संयोजक श्री रविशंकर तिवारी ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक श्री दिनेश दुबे ने किया।

### ज्ञान और प्रज्ञा के संवर्धन का देश है भारतः आरिफ़ मोहम्मद ख़ान

स्वामी प्रकाशक व मुद्रक शिव कुमार तथा संपादक भावना शर्मा ने नाहरगढ़ प्रिंटिंग प्रेस आर जेड 32 कश्मीरी कॉलोनी खैरा विलेज नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से मुद्रित कर कार्यालय सी 1677 टोडरमल कॉलोनी मेन थाना रोड नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित
RNI NO. DELHIN/2009/28409, संपर्क- 9871096636, 9205336006, Email:Nazafgarhmetronews@gmail.com / समाचार पत्र सामग्री या विज्ञापन से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे